3 राजधानी — घर के अंदर रहने की सलाह

6 अभिमत — बहुराष्ट्रीय निगमों का बढ़ता मुनाफा

10 विदेश — बस दुर्घटना में 40 व्यक्तियों की मौत

11 राष्ट्रीय — भारत में निवेश, नवाचार करें युवा प्रवासीः ठाकुर



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 66
नई दिल्ली, सोमवार, 9 जनवरी, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





संघर्षों ने रनों की भूख बढ़ाई

स्पोर्ट्स-12

# जोशीमठ में संकट गहराया पीएमओ ने की अहम बैठक

## प्रधानमंत्री ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से की बात, हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

- बैठक में हालात की समीक्षा की, केंद्र सरकार की एजेंसियां और विशेषज्ञों की टीम स्थिति से निपटने के लिए तैयार कर रही योजनाएं
- आज 90 और परिवारों को हटाया जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** चमोली/नई दिल्ली



जोशीमठ में दरार आए एक मकान के पास खड़े चिंतित लोग

**जोशीमठ** धंस रहा और ये तेजी से हो रहा है। रविवार तक 600 से अधिक घरों में भूधंसाव के कारण दरारें पड़ चुकी थीं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार तक ऐसे मकानों की संख्या 561 थी। जोशीमठ को भूस्खलन-धंसाव क्षेत्र घोषित कर दिया गया है तथा 60 से अधिक परिवारों को अस्थायी रूप से राहत केंद्रों पहले ही भेजा जा चुका है। सोमवार तक 90 और परिवारों को हटाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की तथा जोशीमठ को बचाने के लिए हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया। उधर, केंद्र सरकार की एजेंसियां और विशेषज्ञ जोशीमठ में स्थिति से निपटने के लिए लघु, मध्यम और दीर्घकालीन अवधि की योजनाएं तैयार करने में उत्तराखंड सरकार की मदद कर रहे हैं। अधिकारियों ने रविवार को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की चार टीम पहले ही जोशीमठ पहुंच चुकी हैं, जहां जमीन धंसने और सैकड़ों घरों में दरारें आने से लोग दहशत में हैं। अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। सीमा प्रबंधन सचिव और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य सोमवार को उत्तराखंड का दौरा करेंगे और स्थिति का जायजा लेंगे। उन्होंने बताया कि एनडीएमए, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, भारतीय ( शेष पेज 8 )

### विशेषज्ञों ने कहा गंभीर चेतावनी

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों ने रविवार को कहा कि उत्तराखंड के जोशीमठ में जमीन का धंसना मुख्य रूप से राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) की तपोवन विष्णुगढ़ जल विद्युत परियोजना के कारण है और यह एक बहुत ही गंभीर चेतावनी है कि लोग पर्यावरण के साथ इस हद तक खिलवाड़ कर रहे हैं कि पुरानी स्थिति को फिर से बहाल कर पाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि बिना किसी योजना के बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का विकास हिमालई पारिस्थितिकी तंत्र को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति और भी कमजोर बना रहा है। चमोली के जिलाधिकारी (डीएम) हिमांशु खुराना ने रविवार को बताया कि जोशीमठ ( शेष पेज 8 )

# पाक सरकार के लिए चुनौती बनी टीटीपी

## एफएटीए, खैबर पख्तूनख्वा में समानांतर सरकार बनाने का ऐलान, पीओके, गिलगिट-बाल्टिस्तान क्षेत्र में फिदाइन कैंप स्थापित किए

- संगठन ने 12,000 से 14,000 लड़ाके किए तैनात, पाकिस्तानी सेना बड़ी कार्रवाई की तैयारी में
- टीटीपी और पाकिस्तान के बीच गहराते संकट का भारत की सुरक्षा स्थिति पर पड़ेगा असर

**राकेश कुमार सिंह।** नई दिल्ली

**क्षेत्रीय** मुश्किलों में फंसे पड़ोसी देश पाकिस्तान की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) अथवा पाकिस्तानी तालिबान ने संघीय प्रशासित जनजातीय क्षेत्रों (एफएटीए) और पड़ोसी खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र में समानांतर सरकार बनाने की घोषणा कर दी हैं।

यही नहीं, संगठन ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्रों में फिदायीन शिविर स्थापित कर दिए हैं। इससे पाकिस्तान की चुनौतियां तो बढ़ ही गई हैं, भारत में जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर असर पड़ सकता है। टीटीपी संगठन ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में 12,000 से 14,000 लड़ाकों या आत्मघाती हमलावरों को तैनात कर दिया है। पाकिस्तानी सुरक्षा बल इस क्षेत्र में अपना अधिकार स्थापित करने के लिए हवाई हमले सहित बड़ा सैन्य अभियान चलाने की योजना बना रहे हैं। सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, टीटीपी के ताजा कदम और उसे कुचलने के लिए पाकिस्तानी कार्रवाई से बड़ा मानवीय संकट पैदा हो सकता है। साथ ही इसका भारत पर विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर में गहरा प्रभाव पड़ सकता है। लगातार आक्रामक होते जा रहे टीटीपी ने पाकिस्तानी सेना और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) जैसे पाक संरक्षित आतंकवादी समूहों पर हमला करने के लिए प्रस्ताव भी पारित किया है। लश्कर और जैश दोनों ही जम्मू-कश्मीर और भारत के अन्य इलाकों में आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं।

आतंकवाद रोधी विशेषज्ञ और सुरक्षा विश्लेषक डॉ. रितुराज माते ने कहा कि जब तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी जैसे संगठन लश्कर और जेईएम आदि आतंकी संगठनों का मुकाबला करने या उन पर हमले की बात करते हैं तो पाकिस्तान की कलई खुल जाती है और राज्य समर्थित ये आतंकवादी समूह सफेद हाथी साबित होते हैं। सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने कहा कि कई वर्षों से बीमार चल रहा जैश प्रमुख मौलाना मसूद अजहर अब टीटीपी द्वारा पेश की गई चुनौती का सामना करने में पूरी तरह असमर्थ है। टीटीपी के बढ़ने से दबदबे से वैश्विक आतंकवादी समूह आईएसआईएस के साथ उसके आंतरिक युद्ध की आशंका भी जताई जा रही है, क्योंकि आईएसआईएस भी लगातार टीटीपी के नियंत्रण में अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र ( शेष पेज 8 )

### पाक सरकार के साथ अब भी समझौते को तैयारः टीटीपी

**एजेंसी।** पेशावर

**प्रतिबंधित** संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के प्रमुख ने कहा कि उनका संगठन पाकिस्तान सरकार के साथ संघर्ष विराम समझौते के लिए अब भी तैयार है। पिछले साल नवंबर में टीटीपी ने जून 2022 में सरकार के साथ हुए अनिश्चितकालीन संघर्ष विराम समझौते को रद्द कर अपने आतंकवादियों को सुरक्षा बलों पर हमले करने का हुक्म दिया।

ऐसा माना जाता है कि टीटीपी के अल-कायदा से करीबी संबंध हैं। उसने धमकी दी थी कि अगर सत्तारूढ़ गठबंधन आतंकवादियों के खिलाफ कड़े कदम उठाना जारी रखता है, तो प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पीएमएल-एन और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी की पीपीपी के शीर्ष नेताओं को निशाना बनाया जाएगा। बहरहाल, इस खूंखार संगठन ने कहा कि उसने सरकार के साथ संघर्ष विराम समझौता खत्म नहीं किया है। डॉन अखबार ने शनिवार को एक वीडियो में टीटीपी प्रमुख मुफ्ती नूर वली महसूद के हवाले से कहा कि हमने अफगानिस्तान की मध्यस्थता में पाकिस्तान के साथ वार्ता की थी।

हम संघर्ष विराम समझौते के लिए अब भी तैयार हैं। महसूद के रुख में बदलाव उन खबरों के बीच आया है कि उसने पाकिस्तान में धार्मिक विद्वानों से सलाह ली है। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार के अनुसार, वीडियो संदेश में महसूद ने कहा कि अगर पाकिस्तान के धार्मिक विद्वानों को लगता है कि हमारी जिहाद की दिशा गलत है तो उनका संगठन इन विद्वानों द्वारा मार्गदर्शन किए जाने के लिए तैयार है। टीटीपी प्रमुख ने ( शेष पेज 8 )

# दिल्ली में अफ्रीकी मूल के 200 लोग पुलिस से भिड़े

- वीजा अवधि खत्म होने के बाद रह रहे कुछ नाइजीरियाई लोगों को पकड़ने पहुंची थी पुलिस टीम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी के नेबसराय इलाके में लगभग 200 अफ्रीकी नागरिकों की भीड़ पुलिस टीम के साथ भिड़ गई और कुछ नाइजीरियाई लोगों को छुड़ा ले गई। नाइजीरिया के इन नागरिकों को वीजा समाप्त होने के बावजूद देश में रुके रहने के लिए हिरासत में लेकर थाने ले जाया जा रहा था।

यह घटना तब हुई जब नारकोटिक्स सेल की एक टीम नेब सराय के राजू पार्क में दोपहर बाद 2.30 बजे विदेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने की कार्रवाई शुरू करने के लिए पहुंची। उसी दौरान अचानक करीब 100 अफ्रीकी नागरिकों ने टीम को घेर लिया और पुलिस कार्रवाई में बाधा डालने लगे। हंगामे के बीच तीन में से दो बंदी मौके से फरार हो गए। हालांकि पुलिस ने उनमें से एक 22 वर्षीय फिलिप को दोबारा पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार पांच अफ्रीकी नागरिकों को वीजा अवधि समाप्त होने के बावजूद भारत में टिके रहने के कारण हिरासत में लिया गया है।

दक्षिण के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) चंदन चौधरी ने कहा कि अफ्रीकी देशों के करीब 150-200 लोगों ने एकजुट होकर वीजा खत्म होने के बावजूद रह रहे लोगों को पुलिस द्वारा हिरासत में लेने से रोकने की कोशिश की। डीसीपी ने कहा कि विदेशी नागरिकों के निर्वासन की कार्यवाही के लिए एक पुलिस दल राजू पार्क पहुंचा था। अपराह्न लगभग 2.30 बजे टीम ने तीन अफ्रीकी नागरिकों को पकड़ लिया। इनके वीजा समाप्त हो गए थे। इसी दौरान भीड़ पुलिस ( शेष पेज 8 )

# शीतलहर-कोहरे में लिपटा उत्तर भारत, 480 ट्रेनें लेट

- आईजीआई पर 25 उड़ानें प्रभावित, यात्रियों को उड़ानों के संबंध में ताजा जानकारी लेकर चलने की सलाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच कर्तव्य पथ पा सफाई करता कर्मचारी

**देश** के उत्तर और पूर्वी हिस्से भीषण ठंड की चपेट में हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आसपास के कई राज्यों में शीतलहर और कोहरे से बुरा हाल है। रविवार को कोहरे की मोटी चादर छाई रहने के कारण 480 रेलगाड़ियां प्रभावित हुईं। सड़क और हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है और लगभग 25 उड़ानें देर से संचालित हुईं। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जो दो साल में सबसे कम है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान लगातार चौथे दिन हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अधिकतर स्थानों के तापमान से भी कम रहा। बठिंडा और आगरा में दृश्यता का स्तर शून्य मीटर तक गिर गया और पटियाला, चंडीगढ़, हिसार, अलवर, पिलानी, गंगानगर, लखनऊ और कूचबिहार में 25 मीटर तथा अमृतसर और लुधियाना, अंबाला, भिवानी, पालम (दिल्ली), फुर्सतगंज, वाराणसी, मेरठ, गया और धुबरी में दृश्यता 50 मीटर रही।

हरियाणा में रोहतक, दिल्ली में सफदरजंग, रिज और आयानगर, उत्तर प्रदेश में गोरखपुर और बहराइच और बरेली, बिहार में भागलपुर, पश्चिम बंगाल में बागडोगरा और जलपाईगुड़ी तथा असम, मेघालय और त्रिपुरा में कई स्थानों पर दृश्यता का स्तर 200 मीटर दर्ज किया गया। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि कोहरे के कारण करीब 335 ट्रेन देरी से चल रही हैं, 88 को रद्द किया गया है। इसके अलावा, 31 का मार्ग परिवर्तित किया गया है और 33 रेलगाड़ियों की यात्रा को उनके गंतव्य स्थान से पहले समाप्त किया गया है। यात्रियों को उड़ानों के संबंध में ताजा जानकारी के लिए संबंधित विमानन कंपनी से संपर्क करने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि रविवार सुबह करीब 25 उड़ानों में देरी हुई। मौसम विभाग ने कहा कि यह लगातार चौथा ( शेष पेज 8 )

# राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हादसे से रेसर केई कुमार की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई

**मशहूर** रेसर के ई कुमार की एमआरएफ एमएमएससी एफएमएससीआई भारतीय राष्ट्रीय कार रेसिंग चैम्पियनशिप के दूसरे दौर के दौरान मद्रास इंटरनेशनल सर्किट पर हुए हादसे के कारण मौत हो गई। दुर्घटना उस समय हुई जब कुमार की कार सुबह सलोन कार रेस के दौरान दूसरे प्रतिद्वंद्वी की कार से टकरा गई। कार ट्रैक से छिटककर घेरे से टकराई और नीचे गिर गई। कुछ ही मिनटों में रेस रोक दी गई और कुमार को मलबे से निकाला गया। उन्हें एंबुलेंस से पास के अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों के पूरे प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। टूर्नामेंट के चेयरमैन विकी चंडोक ने कहा , यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना है। कुमार अनुभवी रेसर थे। मैं उन्हें कई बरस से जानता था। एमएमएससी और पूरा रेसिंग जगत उनके निधन पर शोक व्यक्त करता है और उनके परिवार को सांत्वना देता ( शेष पेज 8 )

# एआई को और तेजी से कदम उठाना थाः टाटा संस चेयरमैन

- चंद्रशेखरन ने कहा, मेरे और एयर इंडिया के सहयोगियों के लिए उड़ान एआई102 में हुई घटना व्यक्तिगत पीड़ा का विषय

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



**टाटा** समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने रविवार को स्वीकार किया कि शराब के नशे में एक यात्री द्वारा एक महिला सहयात्री पर कथित रूप से पेशाब करने की घटना पर एयर इंडिया की प्रतिक्रिया अधिक तेज होनी चाहिए थी।

पिछले साल एयर इंडिया की एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान के दौरान यह घटना हुई। इस घटना के सामने आने के बाद नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस बारे में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन से जवाब मांगा। चंद्रशेखरन ने एक बयान में कहा, हम इस घटना को उस तरह से संभालने में विफल रहे, जिस तरह से हमें इसे संभालना चाहिए था। यह चौंकाने वाली घटना 26 नवंबर, 2022 की है।

एयर इंडिया की न्यूयॉर्क-नई दिल्ली उड़ान की बिजनेस श्रेणी में सवार नशे में धुत एक यात्री ने करीब 70 वर्षीय एक महिला सहयात्री पर कथित तौर पर पेशाब कर दिया था। इस घटना के आरोपी शंकर मिश्रा को दिल्ली पुलिस ने शनिवार को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। चंद्रशेखरन ने इस प्रकरण पर टाटा समूह का रुख साफ करते हुए कहा, मेरे और एयर इंडिया के ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,900 | |
| निफ्टी | 17,859 | |
| सोना | 55,650 | /10g |
| चांदी | 68,700 | /kg |

## क्विक न्यूज

### नियंत्रण रेखा के पास दो आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास भारी हथियारों से लैस दो आतंकवादियों को मार गिराया और घुसपैठ की उनकी कोशिश नाकाम कर दी। इस प्रकार, पिछले एक सप्ताह में घुसपैठ की दूसरी बड़ी कोशिश नाकाम कर दी गई है। एक रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार शाम बालाकोट सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया और व्यापक तलाशी अभियान अब भी जारी है। इससे पहले 29 दिसंबर को सेना ने कृष्णाघाटी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश विफल कर दी थी। प्रवक्ता ने बताया, शाम करीब सात बजे (शनिवार), बालाकोट सेक्टर में सीमा पर लगी बाड़ के पास तैनात भारतीय सेना के सतर्क सैनिकों ने दो घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधियां देखी, जो नियंत्रण रेखा पार करने की कोशिश कर रहे थे।

# हिमाचल मंत्रिमंडल में सात मंत्री शामिल

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे विक्रमादित्य को भी किया शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** शिमला



**हिमाचल** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चार सप्ताह के इंतजार के बाद रविवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया तथा पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह सहित सात मंत्रियों को इसमें शामिल किया गया।

इन सात मंत्रियों के शामिल होने के साथ मंत्रिपरिषद में मंत्रियों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद मुख्यमंत्री सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने 11 दिसंबर को शपथ ली थी तथा मंत्रिपरिषद का विस्तार इसके 28 दिन बाद हुआ है। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने राजभवन में एक सादे समारोह में नवनियुक्त मंत्रियों को शपथ दिलाई। ऐसा प्रतीत होता है कि मंत्रिपरिषद के गठन में प्रतिभा सिंह नीत खेमे को शांत करने की कोशिश की गई हे और पुत्र विक्रमादित्य सिंह को मंत्री बनाया गया है। सिंह शिमला (ग्रामीण) से दूसरी बार विधायक हैं। नए मंत्रियों में सोलन से तीन बार के विधायक एवं पूर्व मंत्री धनीराम शांडिलअ पूर्व मंत्री एवं कांगड़ा जिले में जवाली से छह बार के विधायक चंदर कुमार और पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं जनजातीय किन्नौर जिले से पांच बार के विधायक जगत सिंह नेगी शामिल हैं।

इनके अलावा चार बार के विधायक रोहित ठाकुर, तीन बार के विधायक अनिरुद्ध सिंह और दो बार के विधायक विक्रमादित्य सिंह को भी मंत्रिपरिषद में जगह मिली है जो क्रमशः जुब्बल-कोटखाई, कसुम्पटी और शिमला ( शेष पेज 8 )

# मेधावी छात्राओं को प्रधानाचार्य ने कराई मुफ्त हवाई यात्रा

- पंजाब के फिरोजपुर के एक सरकारी स्कूल में 12 साल के बाद स्कूल की चार छात्राओं ने मेधा सूची में हासिल किया स्थान

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**पंजाब** के फिरोजपुर जिले के एक सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य ने 12 साल के इंतजार के बाद स्कूल की चार छात्राओं के राज्य बोर्ड परीक्षा की मेधा सूची में जगह बनाने पर उनकी हवाई यात्रा की इच्छा पूरी करने का फैसला किया।

फिरोजपुर स्थित जीरा के शहीद गुरदास राम मेमोरियल उच्च माध्यमिक विद्यालय (कन्या) के प्रधानाचार्य राकेश शर्मा छात्राओं की हवाई यात्रा का खर्च अपनी जेब से दे रहे हैं। शर्मा के मुताबिक, स्कूल की 10वीं और 12वीं कक्षा की छात्राएं पिछले 12 साल से पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षा की मेधा सूची में जगह नहीं बना पा रही थीं। शर्मा ने बताया कि छात्राओं को पढ़ाई में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करने के मकसद से उन्होंने उनसे उनकी इच्छाओं के बारे में पूछा था और कहा था कि अगर उन्होंने मेधा सूची में जगह हासिल की तो वह उनकी इच्छा जरूर पूरी करेंगे। शर्मा ने कहा, कुछ छात्राओं ने जहाज दा झूटा (हवाई यात्रा) की इच्छा जताई थी और मैंने उनसे कहा था कि मैं उनकी इच्छा पूरी करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा, मैंने एक प्रार्थना सभा में घोषणा की कि अगर 10वीं या 12वीं कक्षा की कोई भी छात्रा बोर्ड परीक्षा की मेधा सूची में जगह हासिल करती है, तो मैं देश के भीतर उनकी पसंद के किसी भी गंतव्य के लिए उनकी हवाई यात्रा का खर्च उठाऊंगा।

स्कूल की अधिकांश छात्राएं गरीब और निम्न-मध्यम वर्गीय परिवारों से हैं। शर्मा ने कहा, ईश्वर की कृपा से चार छात्राओं-10वीं कक्षा की दो और 12वीं कक्षा की दो छात्राओं- ने बोर्ड परीक्षा की मेधा सूची में स्थान हासिल किया। शर्मा ने कहा, 12वीं कक्षा की दो छात्राएं भजनप्रीत कौर और सिमरनजीत कौर पिछले साल नवंबर में विमान से अमृतसर से गोवा गई थीं। दोनों ने गोवा में इंडिया इंटरनेशनल इनोवेशन एंड इन्वेंशन एक्सपो (आईएनईएक्स-2022) में हिस्सा लिया था। भजनप्रीत के पिता एक स्थानीय गुरुद्वारे में ग्रंथी हैं, जबकि सिमरनजीत के पिता एक ट्रक मैकेनिक हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा कि दो अन्य छात्राएं जनवरी के अंतिम सप्ताह में एक उड़ान से अमृतसर से दिल्ली जाएंगी।

उन्होंने कहा, वे राष्ट्रपति भवन, लाल किला और राष्ट्रीय राजधानी के अन्य स्थानों का दौरा करेंगी। शर्मा ने कहा, अब 10वीं और 12वीं कक्षा की 22 छात्राओं ने मुझसे पूछा है कि अगर वे सभी मेधा सूची में जगह बनाने में कामयाब रहती हैं तो क्या मैं उनकी हवाई यात्रा की इच्छा पूरी करूंगा? मैंने उनसे कहा कि मैंने जो वादा किया है, उसे पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उन्हें जहाज दा झूटा मिलेगा। शर्मा ( शेष पेज 8 )

# ऑटो एक्सपो: एथनॉल पर होगा विशेष फोकस

## 12 जनवरी को 16वें संस्करण के एक्सपो मार्ट में होगा उद्घाटन, 18 को होगा समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग की सबसे बड़ी द्विवर्षीय प्रदर्शनी द ऑटो एक्सपो मोटर शो 2023 का आयोजन 13 से 18 जनवरी 2023 तक होने जा रहा है। यह आयोजन उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट में किया जाएगा।

इस प्रदर्शनी में ऑटो एक्सपो के 16वे संस्करण का उद्घाटन 12 जनवरी 2023 को होगा। अपनी शुरुआत के बाद से ऑटो एक्सपो ने भारत में उपस्थिति स्थापित करने की कोशिश करने वाली ऑटोमोबाइल कंपनियों के लिए एक लॉन्चिंग पैड का काम किया है। ऑटो एक्सपो 2023 के 16वें संस्करण की थीम गतिशीलता की दुनिया की खोज एक्स्प्लोर द वर्ल्ड ऑफ मोबिलिटी है। यह थीम उद्योग की एक ज्यादा सुरक्षित, स्वच्छ, हरे.भरे और जुड़े हुए भविष्य के लिए पर्यावरण के अनुकूल दूरदर्शी सबसे अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के दृष्टिकोण से मेल खाती है। यह प्रदर्शनी दर्शकों को बदलते और क्रमिक रूप से विकसित होते मोबिलिटी इकोसिस्टम की समझ प्रदान करेगी और भविष्य के लिए तत्पर नए.नए तथा बेहतर समाधान पेश करेगी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स एसआईएएम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि, उद्योग का लक्ष्य इस साल ऑटो एक्सपो में दर्शकों को एक नया आयाम और अनुभव प्रदान करना है, जिससे कि वे आसानी से पर्यावरण के अनुकूल भारतीय मोबिलिटी की दुनिया को एक्स्प्लोर कर सकें।


फाइल फोटो

ऑटो एक्सपो 2023 कंपनियों को नई पीढ़ी की विद्युतीकृत तकनीकों में प्रगति प्रदर्शित करने का मंच प्रदान कर रहा है। यहां उपभोक्ता को कार्बन.अनुकूल, सुरक्षित और संयुक्त गतिशीलता के रूपांतरण के लिए ऑटो उद्योग किस प्रकार तैयार हो रहा है, इसका अनुभव प्राप्त होगा।

एथनॉल पर भी विशेष फोकस होगा। आगामी ऑटो शो के बारे में पहले ही से काफी उत्तेजना और अपेक्षाओं का माहौल बना हुआ है। हमें उम्मीद है कि ऑटो प्रशंसकों के लिए अपने प्रदर्शकों के सहयोग से हम एक शानदार प्रदर्शनी आयोजित कर सकेंगे।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल पर बाइक चलाने पर पुलिस की सख्ती, कटे चालान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



केंद्र सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर 20 हजार का चालान कटेगा। पुलिस ने शनिवार को 473 वाहनों का चालान काटा। जगह.जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जा रहे हैं। जिससे बाइक वालों के चालान ऑनलाइन कट सकें।

साल–2022 में एकसप्रेस वे पर 168 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इसमें 106 लोगों की मृत्यु हुई और 125 लोग घायल हुए। 28 जुलाई 2022 को डीएमई पर अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार तीन महिलाओं की मौत हो गई थी। 18 अगस्त 2022 को भी ट्रक–ईको कार की भिड़ंत में 4 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस का मानना है कि लोगों की जान.माल की सुरक्षा के लिए हाईस्पीड एक्सप्रेसवे पर बाइक संचालन पर प्रतिबंध लगना जरूरी है।

इस एक्सप्रेसवे पर फोर व्हीलर की अधिकतम स्पीड 100 किलोमीटर प्रतिघंटा निर्धारित है। ज्यादातर वाहन 80 से 100 के बीच चलते हैं। ऐसे में दुपहिया वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका रहती है।

दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस.वे के लिए एडीसीपी का आदेश है कि बाइक, ऑटो, टेम्पो, रिक्शे संचालित न होने दिए जाएं। आदेश कई बरस पुराना है, लेकिन अमल नहीं हो रहा था। इस वजह से हादसे बढ़ रहे थे। इन्हें देखते हुए गाजियाबाद पुलिस सख्त हो चली है। आदेश का पूर्ण अमल कराने के लिए पुलिस हाईवे पर उतर आई है। शुरुआत शनिवार से हो गई है। एक ही दिन में गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने 473 वाहनों के चालान काटे हैं।

डीसीपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा का कहना है कि जो वाहन मेरठ से दिल्ली की तरफ जा रहे हैं, उनका चालान नो एंट्री में होगा। नो एंट्री की जुर्माना फीस 20 हजार रुपए है। यानि दुपहिया वाहनों का चालान भी 20 हजार रुपए का कटेगा। एकसप्रेस वे पर साल 2022 में विपरीत दिशा में वाहन चलाने पर 12081 चालान काटे गए। नो पार्किंग के 17495, प्रतिबंधित वाहनों के 6986, ओवर स्पीड के 61848 चालान काटे गए। 563 ऑटो सीज किए गएए जो प्रतिबंधित एक्सप्रेस.वे पर चल रहे थे।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर शादीशुदा महिला पर तानी थी बंदूक, मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

शनिवार की देर शाम सेक्टर.63 की एक कंपनी में काम करने वाली महिला को एक युवक ने अगवा करके मथुरा में ले जाकर जान से मारने की कोशिश की। लेकिन लड़की की सूझबूझ के वजह से उसकी जान बच गई है।

मथुरा पुंलिस ने आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही लड़की को सकुशल बरामद कर लिया गया है। यह पूरी घटना यमुना एक्सप्रेसवे के राया थाना क्षेत्र की है मिली जानकारी के मुताबिक, महिला नोएडा में हेलो मिस्त्री कंपनी में नौकरी करती है। आरोपी फिरोज खां और महिला काफी समय से एक दूसरे के साथ रह रहे थे। दोनों की अलग–अलग परिवार में शादी हो चुकी हैं। युवती को जब पता चला कि युवक पहले से शादीशुदा है तो वह उस से दूरी बनाने लगी लेकिन इस फैसले का आरोपी विरोध करने लगा। दोनों के बीच साथ रहने को लेकर काफी बार कहासुनी भी हो चुकी है। आरोपी ने महिला को जान से मारने की नियत से गाड़ी में बिठाकर मथुरा ले गया। जैसे ही यमुना एक्सप्रेसवे पर माइल स्टोन 108 पर हत्या के इरादे से पिस्टल में मैगजीन डालने लगा। महिला ने मैगजीन को उसके हाथ से छीन कर गाड़ी से बाहर फेंक दिया। इस दौरान गश्त कर रही मथुरा पुलिस की नजर गाड़ी की गतिविधियों पर पड़ी। पुलिस को देख आरोपी यमुना एक्सप्रेसवे पर तेज गति से गाड़ी को चलाने लगा। जिसे पुलिस ने पीछा कर मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। गौर करने वाली बात यह है कि फिरोज ने बंदूक की नोक पर महिला को नोएडा में अपनी गाड़ी में बैठाया था। लेकिन उसके बावजूद नोएडा पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। राया थानाध्यक्ष ओमहरि वाजपेयी बताया कि यह घटना यमुना एक्सप्रेसवे पर करीब 9 बजे की है।

# मेरठ से लेकर ग्रेनो तक तेंदुए की तलाश, छह दिन बाद भी हाथ खाली

- 3 जनवरी से रेस्क्यू कर रही है वन विभाग की टीम, सोमवार तक चलेगा तलाशी अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा के ग्रेनो वेस्ट में 3 जनवरी को एक निर्माणधीन सोसाइटी में तेंदुआ दिखाई दिया था और उसके बाद से लगातार वन विभाग की टीम यहां पर रेस्क्यू कर रही है।

गौतम बुद्ध नगर, आगरा व मेरठ की टीमों ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में डेरा डाला हुआ है और तेंदुए को पकड़ने की कोशिश कर रही हैं। मंगलवार को अजनारा ली गार्डन सोसाइटी की निर्माणधीन साइट पर तेंदुआ देखे जाने की खबर सामने आई। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और उसके बाद गौतम बुद्ध नगर की वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद मेरठ और आगरा की टीम को भी तेंदुए को पकड़ने के लिए बुलाया गया। इस दौरान स्पेशल रेंजर्स को भी बुलाया गया है, लेकिन तेंदुआ का अभी तक रेस्क्यू नहीं हो पाया है। वहीं मेरठ में भी एक जवान ने तेंदुए देखे जान की बात कही है। तीन जनवरी से वन विभाग का रेस्क्यू लगातार जारी है, लेकिन अभी तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है तेंदुए को लुभाने के लिए जाल लगाकर कई जगह पर निर्माणधीन साइट में बकरे बांधे गए, लेकिन उसके बावजूद भी अभी तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। अजनारा ली गार्डन सोसायटी के आसपास जो सोसाइटी बनी हुई है उनके लोगों में डर का माहौल है।

लोग मजबूरी में घरों में बंद होने को मजबूर है कई दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक तेंदुए का कोई पता नहीं चला है। हालांकि वीडियो जो वायरल हुई थी, उसमें तेंदुआ निर्माणाधीन साइड में जाता हुआ दिखाई दिया था। उसके बाद लगातार वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने का प्रयास कर रही हैं, लेकिन अभी तक उन्हें कोई कामयाबी नहीं मिली है। सोसायटी के लोगों का कहना है कि कई दिनों से घरों में बंद होने के बाद भी अभी भी डर के साए में जीने को मजबूर हैं।

वन विभाग की टीम के द्वारा निर्माणाधीन साइड के अंदर ही कई जगह पर जाल बिछाया गया है और वहीं पर बकरे को भी बांधा गया है। इसके अलावा एक बड़ा पिंजरा भी लगा कर रखा गया है। वन विभाग के करीब 40 से ज्यादा अधिकारी और कर्मचारी इस रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हुए हैं। जिला वन अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि अभी तक तेंदुआ पकड़ा नहीं गया है। इसको लेकर हमारी टीम यही पर जुटी हुई है और मंगलवार से लगातार रेस्क्यू कर रही है। यहां पर कई जगह कैमरे लगाए गए हैं ट्रेप कैमरे भी लगाए जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार



फ्लैट की रजिस्ट्री की मांग को लेकर प्रदर्शन करते खरीददार।

### गाजियाबाद में पहली बार उत्तरायणी महोत्सव

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार में 14 जनवरी को उत्तरायणी महोत्सव की धूम रहेगी। प्रतीक ग्रैंड सोसाइटी में रहने वाले उत्तराखंड के लोग पहला उत्तरायणी सांस्कृतिक कार्यक्रम मनाएंगे। जिला प्रशासन ने इसकी अनुमति दे दी है। कार्यक्रम के लिए सोसाइटी में व्यापक तैयारियां चल रही हैं। देवभूमि उत्तराखंड समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के लिए शहर के तमाम जनप्रतिनिधियों को न्योता दिया है। उत्तरायणी महोत्सव की शुरुआत दिनांक 14 जनवरी को सुबह 8 बजे से होगी और कार्यक्रम रात 8 बजे तक चलेंगे। सुबह सबसे पहले प्रभात फेरी निकलेगी और उसके बाद खिचड़ी प्रसाद वितरित होगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम, झोड़ा नृत्य, बीन बाजे के साथ छोलिया नृत्य, दीप प्रज्जवलन और देव आह्वान, लोक कलाकारों की प्रस्तुति और फिर रात 8 बजे समापन समारोह होगा। शाम के सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा सत्येंद्र परिंदियाल, शशि ढोंडियाल, हेमा रावत, भारती ढोंडियाल, बिशन सिंह हरियाला, आस्था नौटियाल, संगीत निर्देशक गोपाल नेगी के साथ बिखेरेंगे।

### आध्यात्मिकता से दुनिया में स्थापित होगी प्रेम: मारवाह

**नोएडा।** दुनिया में प्रेम, शांति व एकता के महत्व को आध्यात्मिकता के द्वारा किस प्रकार लाया जाए। इस पर मारवाह स्टूडियो में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्मों के धर्म गुरूओं ने अपने विचार रखे। सेमिनार की अध्यक्षता मारवाह स्टूडियो के निदेशक प्रो संदीप मारवाह ने की। सेमिनार में अपने विचार रखते हुए प्रो संदीप मारवाह ने कहा कि हर धर्म हमें मानवता सिखाता है हम इंसान तो क्या पेड़ पोधे जानवरों में से भी यदि भाव को अलग कर देते है तो वह निर्जीव हो जाते है इसलिए योग ध्यान और प्रेम को जीवन का आधार बनाये। आचार्य लोकेश मुनि ने कहा कि इस जीवन में शारीरिक, बौद्धिक, मानसिक, भावनात्मक विकास होना जरूरी है जो केवल अध्यात्म से आता है। इस्कॉन मंदिर से जुड़े विजेंद्र नंदन दास ने कहा कि हमने देशभर की जेलों में गीता के उपदेशों को भौतिक जीवन से जोडकर अपराधियों को सुधारने की कोशिश की है व हम लाखों गीता वितरित भी कर चुके है।

### झुग्गी–झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को बांटे कंबल

**नोएडा।** ईएमसीटी इथोमार्ट चैरिटेबल ट्रस्ट ने रविवार को कंबल वितरण के दूसरे चरण मे मदरलैंड हॉस्पिटल के सहियोग से ज्ञानशाला एवं झुग्गी झोपड़ियों मे रहने वाले क़रीब 100 से अधिक मजदूरों के परिवारों को आज कंबल वितरण किया। आज कंबल वितरण के दूसरे चरण मे सर्दी से राहत पहुंचाने के लिए ग्रेटर नोएडा वेस्ट के टेक्ज़ोन 4 क्षेत्र अन्तर्गत झुग्गी झोपड़ियों मे कम्बल वितरण किया गया। इस दौरान संस्था के संस्थापक रश्मि पाण्डेय ने बताया कि दिल्ली एनसीआर की गला देने वाली इस सर्दी में आज दूसरे चरण में कंबल वितरण किए गए, जिसमें मदरलैंड हॉस्पिटल सहयोग किया। साथ ही सभी लोगो ने अनुरोध किया की इस समय सभी अपने आस पास असहाय लोगो की मदद अवश्य करें। गौरतलब है कि ईएमसीटी के द्वारा मजदूरों के बच्चों के लिए ज्ञानशाला चलाई जाती है। जिसमें झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले मजदूरों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है। इसके अलावा आर्थिक तरीके से भी उन बच्चों की मदद की जाती है और उनके परिवार वालों की भी सहायता की जाती है। मदरलैंड हॉस्पिटल के निदेशक ने डॉ बबित कुमार ने ईएमसीटी संस्था के प्रयासों की सराहना की और संस्था के सामाजिक कार्यों में हर संभव मदत करने का आश्वासन दिया।

# एयरपोर्ट के पास प्लॉट दिलवाने के नाम पर ठगी

- पीड़िता ने मामले की शिकायत नोएडा एसपी से की

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गढ़मुक्तेश्वर नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला को जिला गौतमबुद्धनगर के जेवर क्षेत्र में रहने वाले एक युवक नें एयरपोर्ट के निकट सस्ते दाम पर प्लॉट दिलाने का झांसा दिया। आरोपित पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात है।

आरोपित ने महिला से लाखों रुपये भी ले लिए, उसके साथ दुष्कर्म भी किया। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसपी से की। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपित कांस्टेबल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। प्रभारी निरीक्षक ने कांस्टेबल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी है। नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने बताया कि एक साल पहले गौतमबुद्धनगर से सटे टप्पल अलीगढ़ का रहने वाला पुलिस कांस्टेबल मोनू तालान, कार्तिक पूर्णिमा मेंले में ड्यूटी के लिए गढ़ मेले में आया था। मेले में ड्यूटी करने के दौरान वह उसके मकान में रहने लगा। आरोप है कि ड्यूटी के दौरान आरोपित कांस्टेबल ने उसको अपने गांव टप्पल में सस्ते दाम पर प्लाट दिलाने की बात कहीं। पीड़ित महिला उसकी बातों में आ गई। आरोप है आरोपित ने उससे प्लाट दिलाने के नाम पर 18 लाख रुपये भी ले लिए और उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने उससे प्लाट का बैनामा कराने बात कहीं तो आरोपित ने उसको टरकाना शुरू कर दिया।

पीड़िता को जब प्लाट और रुपये दोनों में से कुछ नहीं मिला तो उसने कांस्टेबल को पुलिस में शिकायत करने की धमकी दी। जिससे कांस्टेबल भड़क गया। आरोपित ने महिला को पुलिस में शिकायत करने पर अंजाम भुगताने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उसने मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी, लेकिन कोतवाली पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उसके बाद उसने मामले की शिकायत एसपी दीपक भूकर को दी।

# आप के युवा कार्यकर्ता सम्मेलन में नगर निगम चुनावों पर चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

आम आदमी पार्टी युवा प्रकोष्ठ का कार्यकर्ता सम्मेलन प्रताप विहार स्थित सजवान नगर में शनिवार को हुआ।

इसमें नगर निकाय चुनाव पर विस्तार से चर्चा हुई और इसके लिए कार्यकर्ताओं से जी.जान से जुटने का आह्वान किया गया। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना ने कहा, आम आदमी पार्टी देश की उभरती इमानदार पार्टी है। इसमें युवाओं का भविष्य हमेशा सुरक्षित रहा है। दिल्ली एमसीडी चुनाव में भी युवाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली है। दिल्ली की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी आम आदमी पार्टी पूरी शिद्दत के साथ चुनाव लड़ेगी तथा सभी सीटों पर विजय हासिल करेगी।

जिलाध्यक्ष डॉ सचिन ने कहा, गाजियाबाद में पार्टी शिक्षित इमानदार युवाओं को प्राथमिकता देगी। युवाओं का रुझान पहले से ही हमारी पार्टी के प्रति रहा है। पूर्व विधायक नितिन त्यागी ने दिल्ली चुनाव के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि वहां जिस तरह पार्टी जीती है, वैसे ही उप्र में भी पूरी ऊर्जा लगाई जाएगी।

# ग्रेटर नोएडा में 31 जनवरी तक धारा 144 लागू

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में धारा 144 लगा दी गई है। कोविड महामारी, आगामी त्योहारों और गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सुरक्षा की व्यवस्था को देखते हुए धारा 144 लागू की है।

7 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक धारा लागू रहेगी। उल्लंघन करने वालों पर धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जनवरी माह में मकर संक्रांति, बसंत पंचमी, गणतंत्र दिवस सहित कई त्यौहार है। जिनको देखते हुए जिला गौतम बुद्ध नगर में धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान सरकारी दफ्तरों के ऊपर आसपास 1 किलोमीटर की परिधि में ड्रोन उड़ाना प्रतिबंध रहेगा।

# ग्रेनो में 3 गांजा तस्कर गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश के बाद मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने अभियान छेड़ा हुआ है। इस दौरान जमकर तस्करों की धरपकड़ हो रही है।

इसी कड़ी में नोएडा की थाना सेक्टर 58 पुलिस ने तीन शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 5 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के द्वारा शुक्रवार रात को क्राइम मीटिंग की गई थी। जिसमें मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर ऐसे लोगों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। उसी कड़ी में गौतमबुद्ध नगर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

थाना सेक्टर 58 पुलिस के द्वारा तीन शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 5 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने इस दौरान कन्नौज निवासी जयचंद, गाजियाबाद निवासी अमित और फर्रुखाबाद निवासी राज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनको थाना क्षेत्र के अलग.अलग स्थानों से चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है।


नोएडा पुलिस एवं आबकारी टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई में तस्कर गिरफ्तार, लाखों की शराब जब्त।

# सेटेलाइट इमेज से पता चला फिर से बने फार्म हाउस

- डेढ़ सौ फार्म हाउस ध्वस्त करने के बाद भी खरीद फरोख्त का खेल जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



यमुना डूब क्षेत्र की जमीन पर नोएडा प्राधिकरण की ओर से की जा रही कार्रवाई असर फार्म हाउस संचालकों पर नहीं पड़ रहा है।

करीब डेढ़ सौ फार्म हाउस ध्वस्त करने के बाद फार्म हाउसों के निर्माण और खरीद फरोख्त का खेल जारी है। लगातार फार्म हाउस की संख्या में बढ़ोतरी होती जा रही है। हालात यह है कि जिन फार्म हाउस को नोएडा प्राधिकरण की ओर से पिछले दिनों ध्वस्त किया गया था। उनका निर्माण कर वहां व्यवसायिक गतिविधियां की जा रही है। यह पूरा मामला सैटेलाइट इमेज के जरिए खुद शहर वासियों ने निकाल कर मुख्यमंत्री को ट्विट भेज दिया है। आरोप लगाया है कि आखिर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की ओर से सरकार की बेहद कीमती जमीनों पर खुद अतिक्रमण कराया जा रहा है। यही नहीं कई फार्म हाउसों के बाहर गेट तक बना दिए गए है। हालांकि नोएडा प्राधिकरण की ओर से बार बार दावा किया जा रहा है कि जिन फार्म हाउस संचालकों ने प्राधिकरण में प्रत्यावेदन दिया है, उस फार्म हाउस प्रत्यावेदन का निस्तारण किया जा रहा है। निस्तारण के बाद ही कोई कार्यवाही की जा सकती है। बता दे एनजीटी के नियमों के तहत डूब क्षेत्र में किसी तरह का निर्माण नहीं किया जा सकता है। ऐसे में यहां आलीशान फार्म हाउसों का संचालन किया जा रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्राधिकरण की पॉलिसी में डूब क्षेत्र में निर्माण को लेकर एक भी प्वाइंट नहीं है। उसमे ये साफ नहीं है कि यहां पक्का या कच्चा निर्माण हो सकता है या नहीं।

फार्म हाउस संचालकों ने अपने प्रत्यावेदन में इसका जिक्र भी किया है। वहीं फार्म हाउस दिख रहे है। शहरवासियों ने इसकी सेटलाइट इमेज निकालकर मुख्यमंत्री को भेजी है। ये फार्म हाउस यहां सेक्टर.150, 160, 168 और 135 में है।

1976 में 36 गांवों को मिलाकर नोएडा को बनाया गया। 2031 मास्टर प्लान के अनुसार इसका क्षेत्र बढ़ाकर 20 हजार 2016 हेक्टेयर किया गया। ये पहला ऐसा शहर है जिसमें करीब 5 हजार 36 हेक्टेयर जमीन डूब क्षेत्र यानी यमुना और हिंडन का रिवर बेंड है आ रही है।

# जेपी समूह कंपनी हुई डिफॉल्टर 4059 करोड़ का कर्ज नहीं चुकाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा और ग्रेटर नोएडा में महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं रखने वाले जेपी समूह से अच्छी खबर नहीं है।

कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड ने भारी भरकम कर्ज का डिफॉल्ट किया है। कंपनी की ओर से चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही की क्लोजिंग में यह जानकारी शेयर बाजार को दी गई है। इस डिफॉल्ट में बैंकों के अलावा दूसरे कर कर्ज भी शामिल हैं। जेपी समूह की प्रमुख कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स ने 4059 करोड़ रुपये का कर्ज नहीं चुकाया है। इस राशि में मूलधन और ब्याज दोनों शामिल हैं। जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने 31 दिसंबर को प्रिंसिपल अमाउंट 1713 करोड़ रुपये और ब्याज के 2346 करोड़ रुपये के भुगतान में चूक की है। यह कर्ज विभिन्न बैंकों से लिया गया था। इस ऑब्लिगेशन में वर्किंग कैपिटल, आधारित वर्किंग कैपिटल, फॉरेन करेंसी कनवर्टिबल बॉन्ड जैसी देनदारियां शामिल हैं।

आईसीआईसीआई बैंक ने जयप्रकाश एसोसिएट्स के खिलाफ दिवालिया याचिका दायर की थी लेकिन मामला अभी भी नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की इलाहाबाद बेंच के समक्ष लंबित है। देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने भी इस साल सितंबर में जयप्रकाश एसोसिएट्स के खिलाफ एनसीएलटी का रुख किया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# भीषण शीतलहर की चपेट में दिल्ली, निजी स्कूल 15 तक बंद

## सरकारी स्कूलों में 12 तक हैं शीतकालीन अवकाश, आगे बढ़ने की अभी कोई सूचना नहीं

- दो साल में सबसे अधिक ठंड के चलते अलाव और हीटर के करीब सिमटे लोग, धीमे पड़े काम धंधे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लगभग एक सप्ताह से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली कड़ाके की ठंड की चपेट में है। कई दिन से शीतलहर चल रही हैं, जो रविवार को और भीषण होकर कहर बरपा रही हैं। हांड़ कंपा देने वाली इस सर्दी ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है। लोगों के कामधंधे धीमे पड़ गए हैं, क्योंकि बहुत जरूरी काम से ही लोग घरों से निकल रहे हैं। लगातार भीषण ठंड को देखते हुए निजी स्कूल 15 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं। सरकारी स्कूलों में 12 तारीख तक की छुट्टियां हैं। यदि ठंड कम नहीं हुई तो सरकारी स्कूलों में भी छुट्टियां बढ़ाई जा सकती हैं। हालांकि अभी इसके संकेत नहीं मिले हैं।

मौसम विभाग के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रविवार को इस सीजन का सबसे कम 1.9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। एक दिन पहले यह 2.2 डिग्री सेल्सियस था।

शहर में न्यूनतम तापमान लगातार चौथे दिन हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अधिकतर स्थानों के तापमान से भी कम रहा।

इसी के मद्देनजर दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने एक परिपत्र जारी करके कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शीतलहर का प्रकोप बने रहने के कारण निजी विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश 15 जनवरी तक के लिए बढ़ाया गया है। यहां निजी विद्यालय शीतकालीन अवकाश के बाद नौ जनवरी को खुलने वाले थे।

परिपत्र में कहा गया है कि डीओई के पिछले परिपत्र की निरंतरता के तहत दिल्ली के सभी निजी विद्यालयों को यहां चल रही शीतलहर के मद्देनजर 15 जनवरी, 2023 तक बंद रखने की सलाह दी जाती है। कड़ाके की ठंड का असर हर तरफ दिख रहा है। रविवार होने के बावजूद राजधानी के चौक-चौराहों और मोहल्लों, पर्यटन स्थलों आदि में भीड़ कम रही। अधिकांश लोग अलाव, हीटर आदि का सहारा लेकर सर्दी कम करने का प्रयास कर रहे हैं। शहर के रेन बसेरों में भी पहले की अपेक्षा भीड़ बढ़ गई है। सुबह के समय कोहरे के कारण सड़कों पर चलना भी दुश्वार हो रहा है।


राजधानी में भीषण शीतलहर ऐसी कि खुले में बेघर और जानवर एक साथ सोने को मजबूर।

एक सप्ताह से लगातार कोहरा परेशान कर रहा है और यह हर दिन बढ़ता जा रहा है। कई स्थानों पर दृश्यता घटकर 50 मीटर या इससे भी कम दर्ज की गई। मौसम कार्यालय के मुताबिक, दृश्यता जब शून्य से 50 मीटर के बीच रह जाती है तो उस समय बहुत घना कोहरा होता है। वहीं, 51 से 200 मीटर के बीच दृश्यता की स्थिति में घना, 201 से 500 मीटर के बीच मध्यम और 501 से 1,000 मीटर के बीच दृश्यता की स्थिति में हल्का कोहरा होता है। दिल्ली में रविवार सुबह कोहरे के साथ ही भीषण शीतलहर का प्रकोप रहा। शहर के प्रमुख मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछले दो साल में राष्ट्रीय राजधानी में जनवरी के महीने में दर्ज सबसे कम तापमान है।

दिल्ली सहित उत्तर-पश्चिमी भारत में बर्फ से ढके पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवाओं के चलते लोधी रोड, आयानगर, रिज और जाफरपुर के मौसम केंद्रों में न्यूनतम तापमान क्रमश: 2.8 डिग्री सेल्सियस, 2.6 डिग्री सेल्सियस, 2.2 डिग्री सेल्सियस और 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में सफदरजंग वेधशाला में न्यूनतम तापमान शनिवार को 2.2 डिग्री सेल्सियस, शुक्रवार को चार डिग्री सेल्सियस, बृहस्पतिवार को तीन डिग्री सेल्सियस और बुधवार को 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं, भीषण शीतलहर के कारण मध्य दिल्ली के रिज मौसम केंद्र में न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को कई स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम सात डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जिससे यह कड़ाके की ठंड वाला दिन बन गया। बढ़ती ठंड से बिजली आपूर्ति ग्रिड पर दबाव बढ़ रहा है और इससे बेघरों और पशुओं के सामने चुनौती भी पैदा हो रही है। दिल्ली में सर्दियों में बिजली की मांग शुक्रवार को बढ़कर रिकॉर्ड 5,526 मेगावाट पर पहुंच गई।

### सुबह को छाया घना कोहरा


फोटो: रंजन डिमरी

### घर के अंदर रहने की सलाह

*मौसम विभाग ने कहा है कि लंबे समय तक ठंड के संपर्क में रहने से ठंड लग सकती है और किसी को कंपकंपी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, जो इस बात का पहला संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है और लोगों को घर के अंदर रहना चाहिए। मौसम विभाग ने रविवार को दिल्ली सहित उत्तर भारत के कुछ हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जिसमें घने कोहरे, दिन में ठंड और शीतलहर की स्थिति बनी रहने की चेतावनी दी गई है। परामर्श में कहा गया है कि विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाए रखने के लिए पर्याप्त गर्म तरल पदार्थ पिएं। बाहरी गतिविधियों में शामिल होने से बचें या उन्हें सीमित करें।*

### कब चलती हैं शीतलहर

*मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस या 10 डिग्री सेल्सियस होने पर सामान्य से 4.5 डिग्री कम रहे तो मौसम कार्यालय शीतलहर की घोषणा करता है। गंभीर शीतलहर की स्थिति तब होती है, जब न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है। वहीं, ठंडा दिन तब माना जाता है, जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम या उसके बराबर होता है और अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 4.5 डिग्री कम होता है। अत्यधिक ठंडा दिन तब होता है, जब अधिकतम तापमान सामान्य से कम से कम 6.5 डिग्री सेल्सियस घट जाता है।*

## प्रेमिका के पति का गला काटा जलाया शव, गिरफ्तार



- अवैध संबंधों के चलते हुई हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी के वजीराबाद इलाके में एक युवक ने अवैध संबंधों के चलते अपने दोस्ती की पेपर कटर से हत्या कर दी। सबूत छुपने की नियत से शव को जला दिया।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी मुनीशद्दीन का उसके दोस्त की पत्नी से अफेयर था। मृतक राशिद शराब पीकर अपनी पत्नी को पीटता था, इसलिए मुनीशद्दीन और मृतक की पत्नी ने प्लान बनाया कि वह राशिद को खत्म कर देंगे।

पुलिस ने अनुसार राम घाट के सामने एक जली हुई लाश पड़ी मिली थी, शव 90 तक जल चुका था। पुलिस ने इलाके के सीसीटची फुटेज चेक किए तो राशिद की पहचान हुई, साथ में एक व्यक्ति भी देखा गया, जो मुनीशद्दीन के रूप में पहचाना गया। मुनीशदीन और राशिद प्लम्बर और इलेक्ट्रीशियन के रूप में एक साथ काम करते है। इसके चलते वह दोनों काफी करीबी दोस्त बन गए। उन दोनों का एक-दूसरे के घर आना-जाना शुरू हो गया। धीरे-धीरे मुनीशद्दीन की राशिद की पत्नी से भी दोस्ती बढ़ने लगी और अफेयर शुरू हो गया।

राशिद की पत्नी पिछले 10-15 दिनों से मुनीशद्दीन पर राशिद से पीछा छुड़ाने का दबाव बना रही थी। इसके बाद दोनों ने राशिद को खत्म करने का प्लान बनाया। प्लान के मुताबिक, मुनीशद्दीन राशिद को राम घाट ले गया, जहां दोनों दोस्त ने शराब पी और मुनिशद्दीन ने शराब के नशे में राशिद को पेपर कटर से मार दिया। इसके बाद उसका गला रेत कर शव को जला दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने सबूत मिटाने की कोशिश भी की थी।

## जैन की शिकायत करने वाले अधिकारी समेत 50 का तबादला

- जेल विभाग की कार्रवाई में 19 डीएसपी और 30 से अधिक एएसपी शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली कारागार विभाग ने 19 पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) और 30 से अधिक सहायक पुलिस अधीक्षकों (एएसपी) का स्थानांतरण कर दिया है। इनमें वह अधिकारी भी शामिल है जिन्होंने जेल में बंद मंत्री और आप नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ डराने और धमकाने की शिकायत की थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

महानिदेशक (कारागार) संजय बेनीवाल की मंजूरी के बाद शनिवार को जारी आदेश में कहा गया, कुल 19 उपाधीक्षकों, 35 सहायक अधीक्षकों और तीन प्रधान वार्डर का स्थानांतरण किया गया है। सूत्रों ने कहा कि तिहाड़ जेल के शीर्ष अधिकारियों ने जेल में बंद दिल्ली के मंत्री और आप नेता जैन पर डराने और धमकाने का आरोप लगाया था और उनके खिलाफ महानिदेशक (कारागार) के पास शिकायत दर्ज कराई थी।शिकायतकर्ताओं में से एक सहायक अधीक्षक भी हैं जिन्हें स्थानांतरित किया गया है। आम आदमी पार्टी नीत सरकार ने एक बयान में जैन के खिलाफ आरोपों को पूरी तरह से झूठा और मनगढ़ंत करार देते हुए आरोप लगाया था कि इस कदम के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का हाथ है।




सूत्रों ने बताया कि अतिरिक्त महानिरीक्षक-कारागार (तिहाड़ जेल), जेल संख्या सात (एससीजे-7) के अधीक्षक, उपाधीक्षक, सहायक अधीक्षक और विधि अधिकारी ने महानिदेशक (कारागार) से शिकायत की थी कि जैन ने उनके साथ बदसलूकी की और जेल से बाहर आने के बाद उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

## अध्यात्म ही युवाओं को दिखाएगा सफलता की राह

- गुरु पल्गा रिनपोछे ने युवाओं को किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आज दुनिया बहुत आधुनिक है जीवन अत्यंत व्यस्त है कठिनाइयों का आज का युवा सामना नहीं कर पाता वह एक निर्वात में है ख़ुशी के लिए हर क्षणिक सुख और साधन की तरफ भाग रहा है। लेकिन युवाओं को वास्तविक सफलता की रहा अध्यात्म ही दिखाएगा। यह बात धर्मगुरू पल्गा रिनपोछे ने अपने व्याख्यान में कही।

रिनपोछे ने कहा कि धैर्य रखने वाला मनुष्य ही वास्तविक है जबकि आज का युवा प्रतिक्रिया वादी है .करुणा एवं मैत्रैय के महत्त्व पर उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने विस्तृत चर्चा की। हंसराज कॉलेज में रविवार को युवा संस्था एवं लद्दाख फांदे छोगस्पा के संयुक्त संयोजन में आयोजित व्याख्यान में विशेष ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्र संपर्क प्रमुख कृष्ण सिंघल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य प्रो. रमा ने किया। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के डिप्टी प्रॉक्ट. डॉ सौरभ जी एवं युवा के संयोजक रजनीश जिंदल उपस्थित रहे।




## चोरी के 10 वाहनों के साथ दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एएटीएस टीम ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान जामिया नगर के मो. आलमगीर और गोविंदपुरी के संदीप उर्फ संजू उर्फ अन्नू के रूप में हुई है। इनके कब्जे से पुलिस को चोरी के 10 दोपहिया वाहन बरामद हुए हैं। पुलिस ने बरामद वाहनों को जब्त कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त ईशा पांडेय ने बताया सूचना पर टीम ने प्रेम नगर बस स्टैंड पुल प्रह्लादपुर के पास जाल बिछाया। इसी दौरान टीम को एक स्कूटी पर सवार दो संदिग्ध दिखे। टीम ने दोनों को पकड़कर स्कूटी के दस्तावेज मांगे तो मौजूद नहीं थे। जांच में स्कूटी गोविंदपुरी इलाके से चोरी हुई पायी गयी।

## संक्षिप्त समाचार


यमुना ट्राफी के पहले मैच में टॉस करते पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा।

### जज बनाम आईपीएस एकादश के बीच क्रिकेट मैच

**नई दिल्ली।** इंडियन मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में लगातार 8वीं बार यमुना ट्राफी-2023 का आगाज सीडब्ल्यूजी ग्राउंड, अक्षरधाम पर आयोजित किया गया। हाईकोर्ट के जस्टिस रजनीश भटनागर जज एकादश की ओर से, तो वहीं आईपीएस एकादश की ओर से दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा अपनी अपनी टीम का हौसला अफजाई करने मैदान पर पहुंचे। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव निशाना ने अतिथियों का स्वागत किया। आईपीएस एकादश 20 ओवर में 142 रन बनाये। जज एकादश ने 7 विकेट खोकर 143 रन बनाकर आईपीएस एकादश को तीन विकेट से हरा दिया। यमुना ट्रॉफी के उद्घाटन मैच में मुख्य अतिथि जस्टिस रजनीश भटनागर व दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने कार्यक्रम में शिरकत की। अतिथि के रूप में डॉक्टर विद्युत पोद्दार, डॉक्टर चंदीमा पांजा पहुंचे ।इंडिया मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से रविंद्र कुमार, आचार्य विक्रमादित्य आदि उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर लगा



**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस फार्मेसी विंग द्वारा आयोजित 65वां मुफ्त यूनानी चिकित्सा शिविर यूनानी अपचार जनता के द्वार मिशन 2025 के तहत आरडब्ल्यूए कार्यालय अबुल फजल एन्क्लेव नई दिल्ली में आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्र की नवनिर्वाचित पार्षद अरीबा खान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के महासचिव डॉ. सैयद अहमद खान ने कहा कि उर्दू दिल्ली की दूसरी आधिकारिक भाषा है, हिन्दी के साथ-साथ उर्दू को अपने पोस्टर और बैनर आदि पर जगह दें। इस अवसर पर शिविर संयोजक डॉ. हबीबुल्लाह जौनपुरी व सह संयोजक हकीम अजीज बकाई, हकीम नईम रजा, हकीम अता उर रहमान अजमली व हकीम आफताब आलम ने अतिथि अरीबा खान का फूल व शील्ड देकर स्वागत किया। इस अवसर पर हकीम अता-उर-रहमान अजमली ने कहा कि यूनानी चिकित्सा का अपना महत्व और उपयोगिता है जिसके द्वारा यह रोगी के स्वास्थ्य पर कोई गलत प्रभाव डाले बिना स्वास्थ्य प्रदान करती है।

### मेट्रो की ब्लू लाइन पर परिचालन हुआ प्रभावित

**नई दिल्ली।** मेट्रो की ब्लू लाइन पर रविवार दोपहर में एक ट्रेन में अचानक खराबी आने से परिचालन प्रभावित हुआ। इससे करीब डेढ़ घंटे मेट्रो का परिचालन प्रभावित रहा। इस वजह से सफर में यात्रियों को परेशानी का समाना करना पड़ा। यात्रियों ने ट्वीट कर दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) से 18 से 20 मिनट के अंतराल पर मेट्रो ट्रेन उपलब्ध होने की शिकायत की। खराब हुई मेट्रो ट्रेन को खाली करा कर उसे सेवा से हटाने के बाद ब्लू लाइन पर परिचालन सामान्य हुआ। डीएमआरसी के अनुसार, दोपहर 02:05 बजे ब्लू लाइन पर नोएडा की तरफ जा रही मेट्रो ट्रेन में पटेल नगर स्टेशन के पास तकनीकी खराब आ गई। पटेल नगर स्टेशन पर तकनीकी कर्मचारियों ने मेट्रो को ठीक करने की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद किसी तरह इस ट्रेन के करोल बाग स्टेशन पर पहुंचने पर दोबारा तकनीकी खराबी को दूर करने की कोशिश की गई। फिर भी तकनीकी खराबी दूर नहीं हो पाई। इस वजह से कीर्ति नगर से करोल बाग के बीच मेट्रो का परिचालन प्रभावित हुआ। तकनीकी खराबी को दूर करने में समय लग रहा था।

## राष्ट्र प्रथम की भावना से होगा सामाजिक-आर्थिक विकास : केजरीवाल

- मुख्यमंत्री ने समाज में एनसीसी के योगदान को सराहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर-2023 में बातौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और समाज में एनसीसी के अपार योगदान की सराहना की।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम एक राष्ट्र के रूप में सामाजिक और आर्थिक रूप से तभी आगे बढ़ेंगे, जब हम 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा में विश्वास करेंगे। आप समाज के पथप्रदर्शक बनें और अपने अच्छे काम को जारी रखें, जिससे कि आने वाली पीढ़ियां आपके गुण और जोश का अनुसरण करे। एनसीसी कैंप वास्तव में हमारे देश की एक छोटी सी दुनिया है, जिसमें हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के कैडेटों का प्रतिनिधित्व है।



एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

सीएम ने आगे कहा कि दिल्ली सरकार ने हमेशा एनसीसी के विकास को प्रोत्साहित किया है और जहां भी जरूरत पड़ी है, मदद के लिए आगे रही है। दिल्ली छावनी में आज राष्ट्रीय कैडेट कोर की तरफ से गणतंत्र दिवस शिविर- 2023 का आयोजन किया गया। इस शिविर में सीएम अरविंद केजरीवाल बातौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने एनसीसी आरडी कैंप में आयोजित विभिन्न गतिविधियों को देखा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गेट नंबर-1 करियप्पा परेड ग्राउंड और एकता द्वार के जरिए एनसीसी कैंप क्षेत्र तक पायलट किया गया और डीजी एनसीसी द्वारा सीएम की अगवानी की गई। सबसे पहले सीएम अरविंद केजरीवाल को गार्ड ऑफ ऑनर से सलामी दी गई। सलामी के बाद, मुख्यमंत्री ने डीजी एनसीसी के साथ गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल ने एनसीसी को 75 वर्ष पूरे करने पर बधाई देते हुए कहा कि एनसीसी की इस यात्रा का हर कदम समृद्ध विरासत और परंपरा से ओत-प्रोत रहा है। एनसीसी ने हमारे देश के साथ-साथ खुद को विकसित और रूपांतरित किया है। सीएम ने कहा कि आज आप सभी के साथ समय साझा करके मुझे बहुत खुशी हो रही है। आपका प्रशिक्षण, आपको अनुशासन, भाईचारा, एक धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना और आप के अंदर समाज के लिए नि:स्वार्थ सेवा के आदर्शों के साथ आत्मसात करता है। वर्तमान में हमारे देश को इन मूल्यों की बहुत जरूरत है।

मैं इस बात से आश्वस्त हूं कि एनसीसी द्वारा हमारे युवाओं को देश के एक जिम्मेदार, सामाजिक रूप से जागरूक और अनुशासित नागरिक बनने के लिए तैयार किया जा रहा है। सीएम ने आगे कहा कि आप सभी ने कठिन चयन प्रक्रिया के बाद इस कार्यक्रम में भाग लिया है। मुझे विश्वास है कि इस शिविर से आप सभी की अच्छी यादें जुड़ी होंगी। मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि एनसीसी के आदर्शों को हमेशा याद रखें।

### एनसीसी बैंड द्वारा प्रस्तुत बैंड का आनंद लिया

सीएम ने एनसीसी बैंड द्वारा प्रस्तुत बैंड का आनंद लिया। इसके बाद, सीएम अरविंद केजरीवाल फ्लैग एरिया का दौरा किए। यह फ्लैग एरिया 17 राज्य एनसीसी निदेशालयों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न विषयों का प्रतिनिधित्व करता है। इसके बाद उन्होंने 'हॉल ऑफ फेम' का दौरा किए और ऑडोटोरियम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखा। इस कार्यक्रम का समापन एनसीसी गीत की प्रस्तुति के साथ हुआ। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कैडेट्स के साथ बातचीत की। अंत में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# मन को पवित्र करना ही सबसे बड़ी साधना : बंडारू दत्तात्रेय

### ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर पहुंचे राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के बोहड़ाकलां स्थित ब्रह्माकुमारीज के ओआरसी में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय।

**ब्रह्माकुमारीज** एक खुली किताब की तरह है। यह संस्था विश्व परिवर्तन के भगीरथ कार्य करने के निमित्त बनी है। वर्ष 1936 में लेगसी ऑफ ब्रह्मा बाबा ने आंतरिक बदलाव का इस संस्था के रूप में बीज बोया था। जो आज पूरे विश्व में एक वट वृक्ष की भांति फैल चुका है। राज्यपाल दत्तात्रेय बंडारू रविवार को ब्रह्माकुमारीज के गुरुग्राम स्थित ओम शांति रिट्रीट (ओआरसी) सेंटर में ब्रह्मा बाबा के स्मृति दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि भारतीय पुरातन दैवी संस्कृति को पुर्नजीवित करने का आधार ब्रह्मा बाबा ने रखा। यहां आकर उन्हें जीवन की गहराई को जानने का मौका मिला। राज्यपाल ने कहा कि आध्यात्मिकता ही मन को सच्ची शांति प्रदान कर सकती है। एक शांत मन ही कार्य को बेहतर ढंग से कर सकता है। मन ही सबसे बड़ी शक्ति है। मन को सकारात्मक और श्रेष्ठ दिशा प्रदान करना ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। मन को पवित्र करना ही सबसे बड़ी साधना है। साधना एक दिन में नहीं होती। साधना के लिए लंबा समय चाहिए। श्रीदत्तात्रेय ने कहा कि राजनीति में ब्रह्माकुमारीज द्वारा सिखाए जा रहे राजयोग की बहुत जरूरत है।

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति बहुत महान है। माता को प्रथम गुरु भी कहा जाता है। इसलिए ब्रह्मा बाबा ने नारी शक्ति को प्रधानता दी। बाहरी शुद्धिकरण तो सभी करते हैं लेकिन आत्म शुद्धि बहुत जरूरी है। आत्मिक शुद्धि से ही दया और करुणा जैसी भावनाएं पैदा होती हैं। सत्य के संग से ही निश्छलता आती है। और निश्छलता ही मानव को मुक्त कर सकती है।

**ब्रह्मा बाबा गुरु नहीं थे :** आशा ओआरसी की निदेशिका आशा दीदी ने कहा कि ब्रह्मा बाबा गुरु नहीं थे। बल्कि हम सबके अलौकिक पिता थे। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा बाबा ही वो माध्यम हैं, जिनके द्वारा परमात्मा ने सतयुगी दुनिया की स्थापना की। ब्रह्मा बाबा का पूर्व जीवन हम सबकी तरह एक साधारण मनुष्य के रूप में था। दादा लेखराज के नाम से समाज में एक प्रतिष्ठित जौहरी थे। स्वयं परमपिता शिव परमात्मा ने ही उनका अलौकिक नाम प्रजापिता ब्रह्मा रखा। और उनके द्वारा ज्ञान और सहज राजयोग की शिक्षा प्रदान की।

**ब्रह्मा बाबा ने किया अपना सब कुछ स्वाहा :** ओआरसी की निदेशिका शुक्ला दीदी ने कहा कि ब्रह्मा बाबा वास्तव में दधीचि ऋषि की तरह थे। उन्होंने मानवता की सेवा में अपना सर्वस्व समर्पण कर दिया था। उनके जीवन से त्याग, तपस्या और सेवा की प्रेरणा स्वत ही मिलती थी। उन्होंने कहा कि उनका ये जीवन ब्रह्मा बाबा के स्नेह और शिक्षाओं की ही धरोहर है।

**स्नेह और वात्सल्य की मूरत थे ब्रह्मा बाबा :** संस्था के दिल्ली, करोल बाग की निदेशिका बीके पुष्पा ने कहा कि बाल्यकाल से ही उन्हें ब्रह्मा बाबा का सानिध्य प्राप्त हुआ। ब्रह्मा बाबा सिर्फ शिक्षा ही नहीं देते थे। बल्कि एक मां की तरह स्नेह और वात्सल्य से भर देते थे। ब्रह्मा बाबा मन-वचन-कर्म से सदा ही विश्व सेवा में समर्पित रहे।

# परीक्षा पे चर्चा के लिए सुझाव आमंत्रित, मिलेगा प्रधानमंत्री से संवाद का अवसर

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष के परीक्षा पे चर्चा संवाद के लिए सभी को विशेष रूप से लगनशील परीक्षार्थियों, माता-पिता और शिक्षकों को अपने विचार सांझा करने के लिए आमंत्रित किया है।

परीक्षा से पूर्व विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने में यह कार्यक्रम बेहद प्रभावी साबित हुआ है। इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का 27 जनवरी को नई दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में आयोजन किया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा के लिए पोर्टल पर जाकर पंजीकरण किया जा सकता है, इस पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करने के साथ परीक्षा पे चर्चा के आगामी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री से संवाद करने का अवसर मिल सकता है। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम युवाओं के लिए तनाव मुक्त माहौल बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बड़े जनआंदोलन-एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है। यह एक ऐसा जन आंदोलन है, जो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छात्रों, माता-पिता, शिक्षकों और समाज को एक साथ लाने के प्रयासों से प्रेरित है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में माता-पिता और शिक्षकों के साथ भी बातचीत करेंगे, ताकि विद्यार्थियों को उनकी सभी आकांक्षाओं और लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम बनाया जा सके। परीक्षा पे चर्चा के छठे संस्करण में इस बार विशेष रूप से एग्जाम वॉरियर्स, माता-पिता और शिक्षकों को इस वर्ष की बातचीत के लिए अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रत्येक बच्चे के व्यक्तित्व को प्रोत्साहित किया जाता है और खुद को पूरी तरह से अभिव्यक्त करने की अनुमति दी जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### सुभाष चौक एवं वाटिका चौक पर ठंड में ठिठुरते लोगों को बांटे कंबल



लोगों को कंबल वितरित करने के बाद साथ खड़े रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार व सोसायटी के अन्य सदस्य।

**गुरुग्राम।** उपायुक्त निशांत कुमार यादव के दिशा निर्देशन में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी गुरुग्राम द्वारा जैन इंटरनेशनल ट्रेंडिंग ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) गुरुग्राम के सहयोग से सर्दी के मौसम में बेघर लोगों को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरित किए। सुभाष चौक एवं वाटिका चौक बादशाहपुर पर खुले में सो रहे लोगों को कंबल दिए गए। इसके साथ-साथ जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा खुले में सो रहे लोगों को जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए रेन बसेरे में जाकर सोने एवं रैन बसेरे में दी जाने वाली सभी प्रकार की व्यवस्थाएं लेने के लिए जागरूक किया गया। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने जिले की सभी सामाजिक व्यक्तियों एवं सामाजिक संस्थाओं से अपील की है कि वे भी अपनी-अपनी संस्थाओं की टीमें बनाकर खुले में सो रहे बेघर लोगों को कंबल आदि देखकर इस पुण्य कार्य में भागीदार बने। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने कहा कि सर्दी के मौसम में इंसान, पशु-पक्षियों की जीवन काफी चुनौतीपूर्ण हो गया है। वंचित लोगों को ठंड से बचाने के लिए हम सबको प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजसेवा के लिए गुरुग्रामवासी सदा आगे रहते हैं। सर्दी के मौसम में गरीबों, वंचितों, बेघरों को कपड़े, कंबल आदि देकर उनका सहयोग करके मानवता की सच्ची सेवा हमें करनी चाहिए।

### नगर निगम चुनावों में मजबूती के साथ लड़ेगी जजपा : रिशीराज राणा



गुरुग्राम में जजपा की बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष रिशीराज राणा।

**गुरुग्राम।** नगर निगम चुनावों को लेकर जजपा हाईकमान के दिशा-निर्देश अनुसार जिला अध्यक्ष रिशीराज राणा ने रविवार को पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की अहम बैठक ली। राष्ट्रीय सचिव गंगाराम पूर्व विधायक पटौदी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर किया गया, जिसमें आगामी नगर निगम गुरुग्राम व नगर निगम मानेसर के चुनावो के बारे में चर्चा की गई। संभावित उम्मीदवारों के बारे में विचार विमर्श किया गया। पूर्व विधायक गंगाराम ने कहा कि जजपा गुरुग्राम नगर निगम के चुनाव में मजबूती के साथ अपने उम्मीदवार उतारने का काम करेगी। जिला अध्यक्ष रिशीराज राणा ने कहा कि गुरुग्राम नगर निगम का मौजूदा कार्यकाल 2 नवंबर 2022 को समाप्त हो चुका हैं, प्रशासन द्वारा जनगणना के कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी के साथ वार्डबंदी के कार्य को भी अंतिम रूप दिया जायेगा। आगमी चुनावों के मद्देनजर जजपा गुरुग्राम ने भी अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया हैं। जिला अध्यक्ष ने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम में अभी 35 वार्ड हैं, इस बार नगर निगम के दायरे को बढ़ाया गया है। जिससे आगामी चुनावों में लगभग 40 वार्ड बनाए जाने की संभावना हैं। नगर निगम मानेसर में 20 वार्ड बनाएं जाने की संभावना हैं। जेजेपी गुरुग्राम द्वारा सभी वार्डों में संभावित उम्मीदवारों का पैनल तैयार कर लिया गया हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रचार सचिव व प्रवक्ता दलबीर धनखड, प्रदेश सचिव अतर सिंह रुहिल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नरेश सहरावत, इंद्र सिंह गोदारा, विनय गुप्ता, विद्या सागर, बिजेंदर रावत, शैलजा भाटिया, नीलम बालू, किरण कांडपाल, रितु प्रकाश, आशा जांगड़ा, रति, सुरेंदर गुलिया, रामनिवास फोजी, कृष्ण गाडौली, कल्याण सिंह सिंधू समेत काफी पदाधिकारी मौजूद रहे।

### अंडे खाने गए व्यक्ति की बाइक हुई चोरी

**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा पुलिस को एक व्यक्ति ने अपनी बाईक चोरी होने की शिकायत दी है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक अरविंद सिंह ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह वह नई दिल्ली बदरपुर स्थित मोल्डबंद का निवासी है। उसने बताया कि बाइक से वह रात नौ बजे बाइपास रोड के नजदीक शराब के ठेके के सामने अंडे खाने के लिए रूका था। बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दी। जब वह अंडे खाकर वापस लौटा, तब तक उसकी बाइक चोरी हो गई। जिस पर पुलिस को उसने शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मेधावी छात्र योजना के लिए 31 तक करें आवेदन

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत हरियाणा सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, विमुक्त जाति, घुमंतु एवं अर्ध घुमंतू व टपरीवास जाति के विद्यार्थियों को शिक्षा हासिल करने के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है। जिसके चलते डा. बीआर अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत वित्त वर्ष 2022-23 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए है। जिला कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार डा. बी.आर. अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के लिए 31 जनवरी 2023 तक आवेदन करें।

# ध्यान रहे जब हम स्वच्छ होंगे तभी हम स्वस्थ होंगे : नवीन गोयल



गुरुग्राम के वार्ड-9 में सफाई करते नवीन गोयल व कार्यकर्ता।

**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन हरियाणा के उपाध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता (बॉबी) की ओर से रविवार को वार्ड-9 में चलाए गए सफाई अभियान का पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने श्रीगणेश किया। उन्होंने स्वयं झाडू लगाकर क्षेत्र में लोगों को सफाई के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर नवीन गोयल ने कहा कि जब से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़जी ने पर्यावरण संरक्षण के विभाग की जिम्मेदारी दी है, तब से हम गुरुग्राम को हरा-भरा बनाकर प्रदूषण रहित बनाने के साथ स्वच्छता में भी अव्वल लाने को प्रयासरत हैं। उन्होंने आमजन को स्वच्छता के काम को गंभीरता से लेने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का अहम हिस्सा होना चाहिए। जब हम स्वच्छ होंगे, तभी हम स्वस्थ होंगे। हमें अपने आसपास पड़ी गंदगी को बिना किसी शर्म-झिझक के उठा देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं झाडू लगाकर इस बात का संदेश दिया था कि किसी काम में हमें शर्म नहीं होनी चाहिए। किसी भी विकसित देश में स्वच्छता भी बहुत महत्वपूर्ण है। गंदगी से हमारे देश की साख खराब होती है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार की ओर से स्वच्छता को लेकर जागरुकता के साथ पुरस्कार भी दिया जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने गुरुग्राम शहर को स्वच्छता के टॉप10 में तो जरूर लेकर आएं। हम दूसरे शहरों की तारीफ तो करते हैं, लेकिन अपने शहर को उनके जैसा बनाने में उतना सहयोग नहीं करते। गुरुग्राम के हर नागरिक की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे गुरुग्राम को मध्यप्रदेश के इंदौर जैसे स्वच्छ शहरों की सूची में शामिल करवाए। इसके लिए हर किसी को सफाई के प्रति गंभीरता दिखानी होगी। नवीन गोयल ने कहा कि हमने पहले पर्यावरण को साफ करने में अपनी भूमिका निभाई। अब हमें गंदगी को भी साफ करके गुरुग्राम से गंदगी दूर करनी होगी। यह सब काम हमारी एकता से होंगे। हर व्यक्ति खुद को एक रोल मॉडल बनाए और सफाई के कार्य को पूरा करे।

गजेंद्र गुप्ता ने बताया इस सफाई अभियान में लोगों ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया। नवीन गोयल ने पहुंचकर सभी लोगों का हौंसला बढ़ाया। उन्होंनें कहा कि वार्डवासियों का सहयोग और आशीर्वाद मिला तो वे इस वार्ड को मॉडल वार्ड बनाएंगे। यहां की कार्यप्रणाली से दूसरे क्षेत्रों के लोग भी प्रेरणा लेंगे। इस अवसर पर गगन गोयल, बाली पंडित, कर्म सिंह गिल, धर्मेंद्र शर्मा ने भी सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

# झाड़सा बांध की जमीन से निगम ने ध्वस्त किए अवैध कब्जे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



बादशाहपुर में अवैध कब्जे गिराती नगर निगम की जेसीबी।

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा बादशाहपुर में अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके मंसूबों को फेल कर दिया। यहां पर झाड़सा बांध की जमीन पर अवैध कब्जा करके निर्माण किए जा रहे थे, जिन्हें रविवार को धराशायी कर किया गया।

नगर निगम गुरुग्राम की टीम जेसीबी तथा पुलिस बल लेकर गांव बादशाहपुर में पहुंची। वहां पर कुछ व्यक्तियों द्वारा झाड़सा बांध की जमीन पर अवैध कब्जा करके निर्माण किया जा रहा था। नगर निगम द्वारा पूर्व में उन्हें कब्जा नहीं करने की हिदायत भी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद भी कब्जा किए जाने की सूरत में रविवार को कार्रवाई की गई। निगम टीम ने जेसीबी की मदद से अवैध रूप से निर्मित की जा रही चारदीवारी को ढ़हाया तथा मौके पर लगाए गए लोहे के गेट को अपने कब्जे में ले लिया। यही नहीं, मौके पर पड़ी निर्माण सामग्री को भी खत्म करने की कार्रवाई टीम द्वारा की गई। पूरी कार्रवाई के दौरान संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार मौजूद रहे। कार्रवाई के लिए कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। उनके साथ सहायक अभियंता कृष्ण कुमार, कनिष्ठ अभियंता कपिल व नीरज सहित निगम के अन्य कर्मचारी शामिल रहे। किसी भी प्रकार के विरोध की स्थिति से निपटने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसएचओ सुमित कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे।

# वृद्ध आश्रम और अनाथालय में आश्रितों को बांटे कंबल व भोजन

### वृद्ध आश्रम एवं अनाथालय की शुरूआत समाज सेवी रवि कालड़ा ने की थी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना के गांव मंडावर में बने वृद्ध आश्रम एवं अनाथालय में कंबल बांटकर दोपहर का भोजन खिलाते सामाजिक कार्यकर्ता।

**शहर** के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मान्यता प्राप्त कॉलेज की टीम के साथ मिलकर अनाथ आश्रम में रह रहे करीब 500 नागरिकों को कंबल और दोपहर का खाना वितरण किया। संगठन ने भविष्य में भी मदद करने का आश्वासन दिया है।

रविवार खंड के गांव मंडावर में बने वृद्ध एवं अनाथ आश्रम में क्षेत्र के मान्यता प्राप्त कॉलेज के विद्यार्थियों की टीम के साथ शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर कपड़े व भोजन से मदद की। टीम के सदस्यों ने अनाथ आश्रम में रह रहे करीब 500 बच्चों से लेकर युवा और वृद्धजनों को कंबल वितरण किए। जिनमें दिव्यांग जन भी शामिल थे। जिनकी संख्या 200 के लगभग है। इसके अलावा 100 से 125 के लगभग वृद्ध नागरिक भी आश्रम में जीवनयापन कर रहे हैं। इस कड़ाके की सर्दी में समाज सेवियों ने कॉलेज टीम के साथ मिलकर पहले कंबल वितरण किए। उसके तुरन्त बाद आश्रम में तैयार किया दोपहर का भोजन एक-एक जन को वितरण करके खिलाया गया। ऐसे भी नागरिक आश्रम में मौजूद थे। जो किसी कारणवश बिस्तर से नीचे उतकर चल फिर नहीं सकते। उन्हें बिस्तर पर जाकर ही कंबल के साथ-साथ भोजन दिया गया।

इस वृद्ध आश्रम एवं अनाथालय की शुरुआत स्वर्गीय समाज सेवी रवि कालड़ा ने की थी। आज के इस सामाजिक कार्य में सहयोग करने वाले सज्जनों ने भविष्य में भी यहां आकर अन्य प्रकार की मदद करने का आश्वासन संचालक सदस्यों को दिया है।

# पुलिस ने बदमाश को अवैध हथियार समेत दबोचा

**सोहना।** दौला-सोहना मार्ग पर बना भारत गैस एजेंसी गोदाम के पास पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार किया है। ये बदमाश किसी अपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा था। जिससे एक जिन्दा कारतूस समेत देशी कट्टा बरामद किया है। अपराध शाखा मानेसर की टीम ने रविवार की सुबह सूचना के आधार पर सोहना से दौला जाने वाले मार्ग पर बना भारत गैस एजेंसी गोदाम के पास एक बदमाश को अवैध कट्टा समेत गिरफ्तार किया है।

मानेसर अपराध शाखा में तैनात ईएचसी कर्मपाल ने पकड़ा गया बदमाश की पहचान गांव धौज जिला फरीदाबाद निवासी सद्दाम के रूप में हुई है। जिसके पास से तलाशी के दौरान एक देशी कट्टा और लोड जिंदा राउंड मिला है। गिरफ्तार किया गया बदमाश के खिलाफ शहर थाना सोहना में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पाले से झुलसी फसलों के चलते किसानों की उड़ने लगी नींद

### आलू, प्याज, टमाटर, बैंगन की कीमतें बढ़ने के आसार बनने लगे

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना क्षेत्र में पाला पड़ने से झुलसी सब्जी की फसल।

**पिछली** तीन रात से पड़ रहे पाले ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीर खींच दी। पाले से सब्जियों की फसल से लेकर पौधे खराब हो रही है। आलू, प्याज, टमाटर, बैंगन की कीमतें बढ़ने के आसार बनने लगे है।

पिछले करीब एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की सर्दी के बीच में रात के समय में पाला और पड़ने से ठंड की ठिठुरन और बढ़ रही है। क्षेत्र में तीन लगातार रात से पाला पड़ रहा है। जिसका असर सब्जी वाली फसलों पर सबसे ज्यादा पड़ रहा है। सब्जी की फल देने वाली फसलों से लेकर तैयार की जा रही पौध झूलने लगी है। पौध के झूलने किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। किसान भोलू सैनी ने बताया कि सब्जी की पौध में धनिया, पौदीना समेत प्याज, लहसून, टमाटर, बैंगन पत्ता गोबी की फसलें पाले से झुलस गई हैं। फसल पीली पड़ रही है। जिनका दोबारा से पनपना मुश्किल है। किसानों को दोबारा से झूलसी हुई फसलों की बिजाई करनी होगी। सुनील का कहना है कि इन दिनों सब्जी की तैयार बैंगन, पत्ता व फूल गोभी, टमाटर और आलू की फसल पर पौधा में सूखने लगी है। इन फसलों के पत्ते पीले पड़ गए है। पौधा में फल झुलसने के बाद सूख रहे हैं।

**सरसों की फसल का भी खतरा :** वर्तमान में पड़ रही ठंड गेंहू की फसल के लिए फायदेमंद है, लेकिन सरसों की फसल का दाना कच्चा है। यह कच्चा दाना पाला पड़ने से फली में ही पानी बन जाता है। जिससे किसानों को फसल खराब होने से भारी नुकसान होने की आशंका बनने लगी है। किसाना सतीश का कहना है कि आज किसान गेहूं से ज्यादा सरसों की पैदावार अधिक ले रहा है।

> **पाले से बचाने को समय पर पानी लगाएं**
>
> **किसान** अपनी फसलों को आवश्यकता के अनुसार पानी लगाते रहे। फसल को समय पर पानी मिलने से पाले का कोई असर नहीं होगा।
>
> **अरुण सोलंकी**
> **(खंड कृषि विभाग अधिकारी)**

# जब तक गुरुग्राम अलग-अलग कचरा नहीं देता तब तक जीरो वेस्ट गुरुग्राम संभव नहीं

**गुरुग्राम।** रविवार को नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त एसबीएम डॉ. नरेश कुमार ने सेक्टर-69 और 70 में ट्यूलिप सोसाइटी का दौरा किया। ट्यूलिप आइवरी क्लब में सभी आरडब्ल्यूए से मुलाकात की, ताकि उन्हें कचरा अलग करने के महत्व की जानकारी देकर प्रोत्साहित किया जा सके।

बादशाहपुर से दरबारीपुर रोड पर संचालित 10 टीडीपी वेट वेस्ट कंपोस्टिंग प्लांट और प्रोडक्टिव इंडिया फाउंडेशन के नए कंपोस्टिंग प्लांट का उन्होंने दौरा भी किया। डॉ. नरेश ने उपस्थित निवासियों और आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों को एसबीएम नियम 2016 और एनजीटी के आदेशों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए किए जा रहे विभिन्न प्रयासों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि बंधवाड़ी में लैंडफिल को साफकरने के लिए धीरे-धीरे बहुत कुछ हासिल किया जा रहा है। जल्द ही डब्ल्यूटीई संयंत्र चालू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक गुरुग्राम अलग-अलग कचरा नहीं देता है, तब तक जीरो वेस्ट गुरुग्राम संभव नहीं है।

# खेल मंत्री संदीप सिंह की नारनौंद व आसपास के इलाकों में एंट्री बैन



नारनौंद में मंत्री संदीप सिंह की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन करती महिलाएं, पुरुष।



नारनौंद में मंत्री संदीप सिंह का पुतला जलाते लोग।

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

### रोष पंचायत में जुटे खाप नेताओं ने लिया फैसला

**नारनौंद** में रविवार को हुई रोष पंचायत सैंकड़ों प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से हरियाणा के मंत्री संदीप सिंह की नारनौंद व आसपास के इलाकों में एंट्री बैन कर दी गई। संदीप सिंह कहीं भी आएंगे तो उनका विरोध किया जाएगा।

रविवार को नारनौंद की दादा देवराज धर्मशाला में राष्ट्रवादी विद्यार्थी कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया दूहन द्वारा बुलाई गई रोष पंचायत में आसपास के सैंकड़ों खाप प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रोष पंचायत को संबोधित करते हुए सोनिया दूहन ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार के मंत्री ही बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ कर रहे हैं। मनोहर सरकार के पहले कार्यकाल में भाजपा अध्यक्ष के बेटे ने चंडीगढ़ में एक लड़की के साथ छेड़छाड़ की थी। अब खेल मंत्री ने महिला कोच की इज्जत पर हाथ डाला है। सोनिया दूहन ने कहा कि जब खेल मंत्री ही महिला कोच की इज्जत से खिलवाड़ करेगा तो महिला कोच कैसे सुरक्षित होंगी। सोनिया दूहन ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संदीप सिंह पर कार्रवाई करने की बजाए उन्हें बचाते हुए महिला कोच पर अनर्गल बयान देने का आरोप लगा दिया। सीएम से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग करते हुए दूहन ने कहा कि सीएम अगर इस तरह से दागियों को बचाएंगे तो हरियाणा का कोई भी परिवार लड़कियों को खेलों में भेजने की हिम्मत नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि संदीप सिंह को बिना किसी देरी के गिरफ्तार किया जाए। संदीप सिंह को अगर गिरफ्तार नहीं किया गया तो महिला कोच को इंसाफ नहीं मिलेगा। सोनिया दूहन ने कहा कि अगर सरकार ने जल्द ही संदीप सिंह को गिरफ्तार नहीं किया तो आंदोलन शुरू किया जाएगा। सरकार जब बेटियों की रक्षा और सुरक्षा की बात करती है तो ऐसे संवेदनशील मामलों में तुरंत कार्यवाही करनी चाहिए।

पंचायत में सर्वखाप प्रवक्ता मास्टर फुलकुमार, सतरोल प्रधान रामनिवास लोहान, किसान नेता डा. सिकिमा, युवा जाट नेता शीलू लोहान, प्रवक्ता धर्मपाल वडाला, तपा प्रधान बास विरेंद्र बामल, खाप सचिव बलवंत आर्य, किसान नेता विक्रम, कोच रोहित ढांडा मिर्जापुर आदि मौजूद रहे।

# बीके : नाली में बह रहा पेयजल, मरीज पीने को तरस रहे

## कर्मचारियों की लापरवाही से अस्पताल में बहा हजारों लीटर पानी

कविता । फरीदाबाद



बीके अस्पताल में नाली में बहता पानी।



बीके अस्पताल की छत पर लिकेज पाईप से रिसता पानी।

**यदि** किसी को बीके अस्पताल में भर्ती होना पड़े तो वह यहां पीने के संग ही शौचालय जाने के लिए पानी साथ में लेकर आएं, क्योंकि यहां न तो पीने के लिए और न ही शौचालय जाने का पानी मिल रहा है। इसी से अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण बादशाह खान सिविल अस्पताल में हजारों लीटर पानी नाली में बह गया। अस्पताल में भर्ती मरीजों को शौचालय तक में पानी नहीं मिला। वहीं कर्मचारियों को सफाई करने तक का पानी उपलब्ध नहीं हो पाया। यहां चारों तरफ रविवार को गंदगी देखने को मिली। वहीं छत पर पानी गिरते हुए देखने को मिला।

**यह दिखा हाल :** अस्पताल के तृतीय तल की छत पर पायनियर संवाददाता द्वारा देखा गया, जहां पाया कि अस्पताल के ऊपर लगी टंकियों की हालत खस्ता थी और बाहर से गंदी थी। हालांकि अंदर से साफ थी। लेकिन पानी की पाइप लाइन जगह-जगह से लीक हो रही थी। एक लाइन तो एक दम खुली पड़ी थी। वहीं दूसरी पाइप लाइन बीच से लीक थी। वहीं एक पानी की टंकी ऊपर से लीक थी। जहां से हजारों लीटर पानी बहकर नाली में जा रहा था। जिससे अस्पताल में रविवार को जहां लीकेज था, उस तरफ पानी आ ही नहीं रहा था।

**रविवार को पानी नही :** बीके अस्पताल में रविवार को पायनियर संवाददाता ने जब अस्पताल में फैली गंदगी और जगह-जगह फिसलन के विषय में जाना तो पता चला कि कर्मचारियों ने धुलाई के लिए फर्श पर पानी और डिटरजेंट पाउडर डाल दिया था। लेकिन पानी समाप्त होने के कारण सफाई बीच में ही रुक गई। ऐसे में यहां फिसलन नजर आई। वहीं जब मरीजों से बात की गई तो पता चला कि अस्पताल के शौचालयों तक में पानी नहीं है। ऐसे में वहां गंदी बदबू आ रही है। वहीं अस्पताल में पीने के पानी के लिए लगे वाटर कूलरों तक में पानी नही था।

अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों से पूछताछ करने पर पता चला कि अस्पताल में शौचालयों से लेकर बच्चा वार्ड, बच्चों की नर्सरी, वाटर कूलर वाले एरियों के अलावा शौचालयों में पानी नहीं आ रहा है। केवल प्रसुति वार्ड, अस्पताल के ऑपरेशन थियेटर और हार्ट सेंटर तक की सप्लाई ही चालू थी। यहां से पानी लाना मरीजों व तीमारदारों के बस से बाहर था।

# त्रिकोणीय प्रेम संबंधों के कारण फेंका था हत्या कर गुरूग्राम नहर के पास

## आरोपी की गिरफ्तारी से सुलझी गुरूग्राम पर किए गए ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक रामचंद्र।

**डीसीपी** क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश व एसीपी क्राईम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने पांच दिन पहले गुड़गांव कैनाल पर किए गए ब्लाइंड मर्डर केस की गुत्थी को सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी 23 वर्षीय रामचंद उर्फ राम यूपी के कोसी का रहने वाला है। तीन जनवरी की सुबह पुलिस द्वारा गुड़गांव कैनाल के सेक्टर 25 पुल के पास एक शव बरामद किया गया था। जिसका चेहरा पहचान में नहीं आ रहा था। मामले की जांच क्राइम ब्रांच डीएलएफ को सौंपी गई थी। प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम में उप निरीक्षक कप्तान, कमलचंद, एएसआई कुलदीप, हवलदार आनंद व जोगेंद्र, सिपाही संदीप, अजीत, विनीत और सुरेंद्र शामिल थे। टीम ने पूछताछ के आधार पर मृतक की पहचान आजमगढ़ निवासी 25 वर्षीय प्रलयनाथ उर्फ राजू के रूप में की। वह संजय कॉलोनी में किराए पर रहता था और एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी रामचंद को कल संजय कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने लव ट्रायंगल में रंजिश के चलते प्रलयनाथ की हत्या की थी। प्रलयनाथ के पड़ोस में एक लड़की रहती थी, जो आरोपी रामचंद के साथ एक कंपनी में काम करती थी। आरोपी रामचंद्र उस लड़की का सीनियर था। प्रलयनाथ तथा आरोपी रामचंद दोनों उस लड़की से प्यार करते थे। आरोपी रामचंद ने लड़की पर शादी का दबाव बनाया परंतु उसने शादी से इंकार कर दिया और कहा कि वह प्रलयनाथ से प्यार करती है। लड़की फोन पर प्रलयनाथ से बातचीत करती थी, जो रामचंद को पसंद नही था। रामचन्द और प्रलयनाथ के बीच दो-तीन बार नोक झोंक भी हो चुकी थी। आरोपी ने प्रलयनाथ की हत्या की साजिश रचकर पहले 30 दिसंबर को हत्या के इरादे से प्रलयनाथ को गुरग्राम कैनाल पर बुलाया था। परंतु वह नहीं आया। आरोपी ने दो जनवरी को बहाना बनाकर फिर से प्रलयनाथ को वहां पर बुलाया। उस दिन प्रलयनाथ ने शराब पी रखी थी।

आरोपी ने मौके का फायदा उठाकर लोहे की रॉड प्रलयनाथ के सिर में दे मारी। जिससे वह घायल हो गया। फिर आरोपी ने चाकू से उसका गला रेत कर शव की पहचान छिपाने के लिए वहां पर पड़े पत्थर से प्रलयनाथ के चेहरे पर चोट मारी। आरोपी उसकी जेब से फोन, एटीएम, पर्स व पासबुक निकालकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लोहे की रॉड तथा चाकू बरामद कर आरोपी को अदालत में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया है। जिसमे उसके कब्जे से मृतक का फोन, एटीएम, पर्स व पासबुक बरामद की जाएगी।

# 40 लाख रुपये से बनेगा तिगांव अनाज मंडी कार्यालय : नागर



तिगांव अनाज मंडी में कार्यालय निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाते विधायक राजेश नागर व अन्य।

**फरीदाबाद।** तिगांव के विधायक राजेश नागर ने तिगांव अनाज मंडी में नए कार्यालय निर्माण का कार्य प्रारंभ करवाया। इस पर करीब 40 लाख रुपये की लागत आएगी। विधायक राजेश नागर ने स्थानीय बुजुर्गों के हाथ नारियल फुड़वाकर निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया।

नागर ने कहा कि अनाज मंडी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना होता है। फसल के सीजन में तो यह संख्या कई गुना बढ़ जाती है। जिनके लिए एक सुविधाजनक कार्यालय की आवश्यकता महसूस की जा रही थी जिसका निर्माण कार्य आज प्रारंभ हो गया है। इसे जल्द पूरा कर चालू कर दिया जाएगा। यहां पहुंचे विधायक राजेश नागर का तिगांव के दोनों सरपंचों, मंडी समिति के पदाधिकारियों एवं स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। नागर ने लोगों के बीच कहा कि करीब छह महीने में यह निर्माण पूरा हो जाएगा। जिसके बाद कमेटी के चेयरमैन भी यहां बैठ सकेंगे। इसके बाद कमेटी से संबंधित कामों के लिए संबंधित लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा और काम में गति आएगी। उन्होंने कमेटी सचिव को यहां पर साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने की भी आवश्यकता जताई।

इस अवसर पर कमेटी सचिव लता, भाजपा तिगांव मंडल प्रभारी नन्द किशोर शर्मा, मंडल अध्यक्ष गिर्राज त्यागी, तिगांव अधाना सरपंच वेद प्रकाश अधाना, तिगांव नागर सरपंच विक्रम प्रताप नागर, भाजपा नेता दयानंद नागर, पंचायत मैंबर विक्रम अधाना, सुनील, ब्लॉक मैंबर सुखबीर, अमन नागर, किसान मोर्चा अध्यक्ष कृष्ण अधाना, रेशम सिंह, जेई अनिल सैनी, महकार सिंह, पंकज पाराशर, राजेंद्र सरपंच, कर्मवीर वोहरा, सुरेंद्र बिधूड़ी, पवन नागर, अजब चंदीला, जसवंत अधाना आदि मौजूद रहे।

# आरयूबी के लिए जमीन खरीदने की मिली मंजूरी



फाइल फोटो ।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनआईटी** और बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लाखों लोगों को जल्दी ही बड़ी राहत मिलने वाली है। मुजेसर रेलवे फाटक पर अंडर ब्रिज बनाने के लिए जमीन खरीदने के प्रस्ताव को मुख्य सचिव ने मंजूरी दे दी है। अब हाई पावर लैंड परचेज कमेटी से मंजूरी मिलने का इंतजार है।

मुजेसर रेलवे फाटक पर आरयूबी बनाने की योजना पर काम चल रहा है। हरियाणा रोड एंड ब्रिज डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन ने आरयूबी बनाने के लिए लगभग 46 करोड़ रुपये का एस्टिमेट तैयार किया है। इसमें रेलवे लाइन के नीचे स्ट्रक्चर तैयार करने, दोनों तरफ अप्रोच रोड बनाने व जमीन खरीदने की अनुमानित लागत शामिल है। इस आरयूबी की जमीन देने के लिए मालिकों से पहले ही सहमति मिल चुकी है। इस प्रस्ताव को कुछ समय पहले मुख्य सचिव की मीटिंग में मंजूरी मिल गई थी। उसके बाद अब केवल सीएम की अध्यक्षता में होने वाली हाई पावर लैंड परचेज कमिटी की मीटिंग होने का इंतजार है, जिसके बाद आरयूबी के निर्माण को लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की जा सकेगी। इस आरयूबी के बनने से बड़े इंडस्ट्रियल एरिया की नैशनल हाइवे से कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी। मुजेसर, सेक्टर 24 इंडस्ट्रियल एरिया, सेक्टर 22, 23, संजय कॉलोनी को काफी लाभ मिलेगा।

# 152 करोड़ से होगी सीवर व्यवस्था दुरुस्त : विधायक सीमा त्रिखा

## विधायक सीमा त्रिखा ने कहा बड़खल विधानसभा क्षेत्र के 6 वार्डों को सीधा लाभ पहुंचेगा

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद



सीमा त्रिखा।

**बड़खल** विधानसभा क्षेत्र सीवर व्यवस्था को किया जाएगा पूरी तरह दुरुस्त। 151.20 करोड़ की लागत से बड़खल विधानसभा क्षेत्र में सीवर व्यवस्था का कार्य किया जाएगा। जिसमें एनआईटी 1, 2, 3, 4, 5 एवं गांधी कॉलोनी, एसजीएम नगर में जहां जरूरत होगी नई सीवर लाइन डाली जाएगी और जहां लाइनें खराब हुई हैं, उनको दुरुस्त किया जाएगा।

इससे बड़खल विधानसभा के 6 वार्डों को सीधा लाभ पहुंचेगा। इन सभी क्षेत्रों में मौजूदा लाइनों को 50 साल की सेवा के लिए अपग्रेड किया जाएगा। बड़खल विधायक सीमा त्रिखा ने इस योजना को अमलीजामा पहनाने को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

सीमा त्रिखा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत व्यावसायिक गतिविधियों के यातायात को बाधित किए बिना सभी परिधीय धंसे हुए और टूटे हुए सीवरों को बदल दिया जाएगा। विधायक सीमा त्रिखा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में अगले 35 वर्षों तक अतिरिक्त सीवेज लोड की देखभाल के लिए 1200 मिमी, 900 मिमी, 600 मिमी, 450 मिमी व्यास की नई लाइनें बिछाई जाएंगी। मौजूदा आईपीएस मुजेसर को उच्च निर्वहन क्षमता के साथ विकसित किया जाएगा, स्वचालित पंपिंग के लिए नवीनतम तकनीक का उपयोग और निवारक रखरखाव के लिए प्रमुख मैनहोलों की निगरानी और अतिप्रवाह की स्थिति होने से पहले तत्काल निकासी के लिए सीवरलाइन अवरोधों के लिए स्वचालित अलर्ट होगा। इसके अलावा बड़खल विधानसभा क्षेत्रों के गांव भांकरी, नवादा, अनंगपुर, एसजीएम नगर, गांधी कॉलोनी को अमृत परियोजना पार्ट-2 में शामिल कर लिया गया है। इसके अलावा गांव बड़खल, अंखिर, फतेहपुर, लकड़पुर में सीवर का कार्य पहले से ही चल रहा है। उन्होंने बताया की पानी की किल्लत को दूर करने के लिए माइक्रो एसटीपी 250 केएलडी को विभिन्न स्थानों पर स्थापित किया जाएगा और उपचारित पानी का उपयोग बागवानी उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

# डेबिट कार्ड बदल कर खाते से निकाले 95 हजार रुपये

**फरीदाबाद।** सेक्टर-31 में एक व्यक्ति का डेबिट कार्ड किसी अज्ञात बदमाश ने धोखे से बदल दिया और उसके माध्यम से 95 हजार रुपये खाते से निकाल लिये। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक सेक्टर-28 के रहन वाले विमल कुमार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि पांच जनवरी को दोपहर करीब ढाई बजे वे सेक्टर-28 में एसबीआई बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गए थे। एटीएम से रुपये निकालने के बाद उन्हें गिनने लगे। इस दौरान उनका डेबिट कार्ड मशीन में ही रह गया। एक युवक एटीएम बूथ में ही खड़ा था। उसने एटीएम से कार्ड निकालकर उसे दिया। वे रुपये और कार्ड लेकर घर आ गए। इसके कुछ समय बाद ही उनके खाते से 95 हजार रुपये निकाले जाने का मैसेज फोन पर आया। उन्होंने अपना डेबिट कार्ड देखा तो वह बदला हुआ था। तब उन्हें समझ आया कि उस व्यक्ति ने एटीएम में डेबिट कार्ड बदलकर उनके रुपये निकाले हैं।

# बर्फीली हवाओं से तापमान में आई गिरावट, ट्रेनें लेट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन पर कोहरा।

**दिल्ली**-एनसीआर में ठंड का प्रकोप हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। 10 वर्षों में तीसरी बार जनवरी में इतनी अधिक ठंड पड़ी है। वहीं ठंड ने फिलहाल लोगों को परेशान किया हुआ है। बर्फीली हवाएं चलने से तापमान में गिरावट बनी हुई है। हालांकि दो दिन से दोपहर के समय धूप निकल रही है। जिससे दोपहर को ठंड का असर थोड़ा कम है, लेकिन सुबह, शाम और रात के तापमान में गिरावट बनी हुई है।

जिले में पिछले आठ दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हल्की ठंडी हवाएं चलने के कारण पूरा दिन ठंड बनी रहती है। जिससे न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही थी। कोहरे व ठंड की वजह से ट्रेनों में देरी का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को भी फरीदाबाद स्टेशन पर पहुंचने वाली लंबी दूरी की अधिकतर ट्रेन देरी से पहुंची। वहीं, सुबह व शाम के समय चलने वाली ईएमयू भी 10 से 15 मिनट की देरी से पहुंची। रविवार को फरीदाबाद स्टेशन पर पहुंचने वाली सचखंड एक्सप्रेस दो घंटे 54 मिनट, झेलम एक्सप्रेस दो घंटे 30 मिनट, मंगला एक्सप्रेस एक घंटा 19 मिनट, पूरी डेली एक्सप्रेस 59 मिनट, अमृतसर जाने वाली एक्सप्रेस एक घंटे 52 मिनट, महाकौशल एक्सप्रेस दो घंटे 23 मिनट, केरला एक्सप्रेस 13 मिनट, देहरादून एक्सप्रेस एक घंटा 51 मिनट, उत्कल एक्सप्रेस 50 मिनट, ग्रांड ट्रंक एक्सप्रेस छह घंटे 55 मिनट, इंटरसिटी एक्सप्रेस दो घंटे 57 मिनट, पश्चिम एक्सप्रेस 14 मिनट, दक्षिण एक्सप्रेस सात घंटे 37 मिनट देरी से पहुंची।

वहीं शुक्रवार को फरीदाबाद का न्यूनतम तापमान तीन डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, लेकिन पिछले दो दिनों में इसमें एक-एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि देखी गई है। शनिवार को न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। रविवार को भी सुबह के समय कड़कड़ाती ठंड थी। सुबह के समय हल्का कोहरा था, लेकिन सुबह लगभग 11 बजे के आस-पास धूप निकल आई। धूप पिछले दिनों की तुलना में काफी तेजी थी, जिसके चलते दोपहर को ठंड से हल्की राहत मिली। तेज धूप निकलने से अधिकतम तापमान में थोड़ी वृद्धि देखने को मिली है। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार रविवार को फरीदाबाद का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वेबसाइट के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में थोड़ी वृद्धि होने का अनुमान है। 11 जनवरी तक अधिकतम तापमान 20 व न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

# तीन गाड़ियों से हजारों रुपये का सामान और कागजात चोरी

**फरीदाबाद।** शहर के विभिन्न स्थानों पर खड़ी तीन गाड़ियों को चोरों ने अपना निशाना बना लिया। चोर गाड़ियों से कीमती सामान और कागजात चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायतों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पहला मामला:** रेल बिहार सोसायटी सेक्टर-45 में रहने वाले तेजेन्द्र रेड्डू ने बताया कि वह मैजिकबेरिक्स रियलिटी सर्विस नामक कम्पनी में सेल्समैन है। वह अपने क्लाईंट के पास मिटिंग करने वर्ड स्ट्रीट सेक्टर-79 गया था। जब मीटिंग से लौटा, तो कार से लेपटॉप, 3500 रुपये नकद और लंच बॉक्स समेत सोसायटी के बिल गायब थे। जिस पर बीपीटीपी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**दूसरा मामला:** एनएच चार निवासी नीरज रंजन ने बताया कि बीती रात उसने ओजोन अपार्टमेंट के सामने कार खड़ी की थी। कुछ समय बात लौटा, तो गाड़ी का शीशा टूटा हुआ था। डायल 112 पर कॉल की और इंफोर्म किया कि एक ऑफिस बैग जिसमें तीन पैनड्राईव, पर्सनल और ऑफिशियल डाक्यूमेंट, एक चैक बुक, आधार कार्ड, एसबीआई बैंक की चैक बुक, एसबीआई पास बुक, पत्नी का पास बुक, मोबाइल और लेडिज पर्स 1000 रुपये समेत एसबीआई क्रेडिट कार्ड गायब हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**तीसरा मामला:** ग्रीन फिल्ड कालोनी चौकी को दी शिकायत में सेक्टर 31 निवासी शीशा साई ने बताया कि वह गणेश प्रोपटी ग्रीन फिल्ड ओमेक्स अपार्टमेंट में मकान किराये पर लेने के गए थे। शाम सात बजे ओमेक्स हिल्स-दो के सामने कार खड़ी की। 20 मिनट बाद आकर देखा तो गाड़ी के साइड का शीशा टूटा हुआ था।

# संक्षिप्त समाचार

## शिवमती धर्मार्थ ट्रस्ट ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म वस्त्र



**फरीदाबाद।** शिवमती धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा एसी नगर क्षेत्र में गरीब, जरूरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र क्रमशः कंबल, स्वेटर, जुराबें व ऊनी टोपी वितरित कीं। इसके बाद वहां उपस्थित बड़े बुजुर्गों व महिलाओं को दवाई भी वितरित कीं। इस अवसर पर शिवमती धर्मार्थ ट्रस्ट की प्रधान एवं भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ की महिला प्रमुख डा. विंध्या गुप्ता, बीजेपी पूर्वांचल जिला संयोजक राकेश सिंह, जिला सहसंयोजक विकास सिंह, सुनीता मौजूद रहे। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रधान डॉ विंध्या गुप्ता ने कहा कि हर सामर्थ्य मनुष्य को अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे जरूरतमंद लोगों के लिए कार्य करते रहने चाहिए। ऐसे कार्य करने से एक तो आपस में प्रेमभाव बढ़ता है, वहीं दूसरा कोई भी व्यक्ति प्राथमिक सुख-सुविधाओं से दूर नहीं रहता।

## कैबिनेट मंत्री ने किया पेयजल सप्लाई लाइन का शुभारंभ

**बल्लभगढ़।** कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ विधान सभा क्षेत्र में मूलभूत विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दूंगा। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवार को सेक्टर- 22, संजय कालोनी जलघर से सेक्टर- 22 एरिया के लिए पानी की पाइप लाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया। इस पेयजल सप्लाई लाइन के जरिये संजय कॉलोनी, ईस्ट इंडिया कॉलोनी जनता कॉलोनी और सेक्टर- 22 एरिया को बराबर मात्रा में स्वच्छ पीने का पानी मिलेगा। इस पानी की पाइप लाइन बिछाने पर करीब रुपये 45 लाख रुपये की लागत आएगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा अब बल्लभगढ़ विधानसभा के रेलपार इलाके से वायदे लगभग पूरे कर दिए गए हैं। वहीं जल्द ही सेक्टर-22, सैक्टर-23 और संजय कालोनी से होते हुए सिटी बस चलाई जाएगी। बस का रूट तैयार कराएंगे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का सेक्टर वासियो ने गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत भी किया। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक और पेयजल लाइन से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## खिलाड़ियों ने लगाई पदकों की झड़ी

**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एथलेटिक्स फैडेशन आफ इंडिया (एएफआई) के द्वारा 57वीं नेशनल क्रास कंट्री एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 8 जनवरी को कामरूप (आसाम) में किया गया। इस नेशनल चैंपियनशिप में 16 एथलीट लडके और 16 एथलीट लड़की सहित कुल 32 एथलीट खिलाड़ियों ने हरियाणा राज्य की तरफ से भाग लिया और हरियाणा टीम कोच एवं मैनेजर सतीश पंघाल एथलेटिक्स कोच (करनाल) के कुशल नेतृत्व में हरियाणा राज्य के एथलीट खिलाड़ियों ने 20 साल लडका वर्ग 8 किलोमीटर दौड में टीम कांस्य पदक और 20 साल लडकी वर्ग 6 किलोमीटर दौड में टीम ने कांस्य पदक जीत हरियाणा राज्य का नाम रौशन किया। एथलेटिक्स हरियाणा महासचिव राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 57वीं नेशनल क्रास कंट्री चैंपियनशिप में हरियाणा के धावक अमन कुमार झज्जर ने 16 साल आयु वर्ग 2 किलोमीटर दौड में 5 मिनट 52 सेकेण्ड का समय देकर स्वर्ण पदक विजेता बन हरियाणा का परचम लहराया और 18 साल आयु वर्ग 6 किलोमीटर दौड में आर्यन पानीपत ने 19 मिनट 33 सेकेण्ड का समय देकर रजत पदक जीतकर एथलेटिक्स हरियाणा को दिया।

## महिला ने पति पर करवाया मामला दर्ज

**फरीदाबाद।** एक महिला ने अपने पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पल्ला पावर हाउस नम्बर तीन निवासी पवित्रा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका पति गत तीन जनवरी को दोपहर करीब ढाई बजे अंकित चौहान घर पर लंच करने के लिए आया। जैसे ही उसने खाना बनाना शुरू किया, उसके पति ने लात, घुसे और बेलन से मारना शुरू कर दिया। जिससे शरीर पर गंभीर चोटे आई। उसके बाद पति ने चाकू से वार कर दिया। जिसे रोकने का प्रयास किया, तो उंगली के पास हथेली पर चाकू लगा। इसके बाद अंकित ने मुझे जान से मारने की धमकी दी। वहीं सास और ससुर ने भी बाहर आकर गाली गलौच और जान से मारने की धमकी दी। चाची सास अनीता ने भी डराया धमकाया और घर से निकलवाने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वर्ल्ड स्ट्रीट में स्पोर्ट्स वियर का स्टोर खुला



**फरीदाबाद।** अपने रिटेल पोर्टफोलियो को और अत्यधिक मजबूत करने की दिशा में फरीदाबाद स्थित ओमैक्स वर्ल्ड स्ट्रीट के पोर्टफोलियो में एक नया पड़ाव आया है। अग्रणी जर्मन बहुराष्ट्रीय स्पोर्ट्सवियर और एथलीजर ब्रांड प्यूमा ने वर्ल्ड स्ट्रीट में अपना नया स्टोर लॉन्च किया है। कंपनी ने वैश्विक एथलेटिक ब्रांड को 5,159 वर्ग फुट रिटेल स्पेस लीज पर दिया है। प्यूमा 6 जनवरी 2023 से अपने स्टोर के लॉन्च के उपलक्ष्य में एक सप्ताह के लिए 60 प्रतिशत की छूट भी दे रहा है। वर्ल्ड स्ट्रीट, फरीदाबाद की लंदन स्ट्रीट में ये बिल्डिंग के बेसमेंट, ग्राउण्ड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर और सेकंड फ्लोर पर स्थित है। इसके अलावा, वर्ल्ड स्ट्रीट के पोर्टफोलियो में रेड टेप, लिबर्टी, एफिनिटी एक्सप्रेस, सीओबीबी, कायरा-अपेरल और एक्सेसरीज, जॉकी और फर्स्ट क्राई सहित अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय फैशन ब्रांड हैं।

## नगर निगम चुनावों के लिए आप पार्टी पूरी तरह तैयार: भड़ाना

**फरीदाबाद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना के नेतृत्व में रविवार को वार्ड नंबर 10 से पार्षद पद के भावी उम्मीदवार राजा भैया द्वारा 60 फुट रोड पर निगम कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना ने रिबन काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर राजा भैया ने जिला अध्यक्ष धर्मवीर भड़ाना द्वारा काफी युवाओं को आम आदमी पार्टी की टोपी पहना कर पार्टी में सम्मिलित किया। उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता पंडित राजेंद्र शर्मा, नरेश शर्मा, जिला महासचिव भीम यादव, सुरेंद्र अरोड़ा, सरदार हरजिंदर सिंह संदीप राव ,राम गौर, सुभाष बघेल, मेहर चंद हरसाना, नवीन कौशिक, राहुल तिवारी, विकास वर्मा, जयपाल डागर, दुलीचंद रावत ,खजान शर्मा, वेद प्रकाश भल्ला, विनोद यादव, रामसुंदर, अशोक कुमार, जगदीश वर्मा, सुनील तिवारी, प्रमोद, विनोद सिंह व अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि 2023 तक पार्टी पूरे प्रदेश में मजबूती के साथ खड़ी होगी और अधिक से अधिक संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं।

## सेक्टर 85 में एफएमडीए द्वारा जलापूर्ति शुरू की गई

**फरीदाबाद।** सेक्टर 85 में पानी की आपूर्ति के संबंध में नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर प्राथमिकता पर कार्रवाई करते हुए, एफएमडीए ने कल शाम से ही सेक्टर 85 को पानी की आपूर्ति की सुविधा प्रदान कर दी है। फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) की 26वीं सीपीसी की बैठक में, सेक्टर 85 के प्राणायाम सोसाइटी में पानी की सप्लाई ना आने के विषय पर चर्चा हुई थी। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री सुधीर राजपाल ने बैठक में ही आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि से बात की जिस से ये पता लगा कि उनके सोसाइटी में एफएमडीए द्वारा पानी नहीं पहंच रहा। बातचीत के दौरान ये सामने आया कि सेक्टर 85 की पाइपलाइन में लीकेज है जिस से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही। सीईओ एफएमडीए ने अधिकारियों को नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने को कहा और जल्दी से जल्दी पाइपलाइन की लीकेज को रिपेयर करने को कहा ताकी प्राणायाम सोसाइटी और पूरे सेक्टर 85 में पानी की सप्लाई शुरू की।

## उत्तर प्रदेश का विकास

### योगी आदित्यनाथ के प्रयास

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश की चहुंमुखी प्रगति व विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार राज्य को फिल्म निर्माण का केन्द्र बनाने के प्रति भी गंभीर है। इस उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मुंबई में हिंदी सिनेमा के अनेक प्रमुख लोगों से मुलाकात की। वास्तव में राज्य पिछले काफी समय से फिल्म उद्योग को आकर्षित करने के प्रयास कर रहा है। नोयडा में दशकों पहले फिल्म सिटी की स्थापना हुई थी, पर आखिरकार यह खबरिया टेलीविजन चैनलों का केन्द्र बन कर रह गया। पिछली सरकारों में नोयडा फिल्म सिटी के बड़े फिल्म निर्माण केन्द्र के रूप में उभरने में विफल रहने के बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिल्कुल निराश नहीं हैं। उन्होंने फिल्म निर्माता बोनी कपूर समेत फिल्म जगत के अनेक लोगों से संपर्क किया है। इनमें गोरखपुर से लोकसभा सांसद व अभिनेता रवि किशन, भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल निरहुआ, पार्श्व गायक सोनू निगम व कैलाश खेर, अभिनेता सुनील शेट्टी तथा फिल्मनिर्माता चंद्र प्रकाश द्विवेदी, मधुर भंडारकर व राजकुमार संतोषी शामिल हैं। इससे एक दिन पहले मुख्यमंत्री ने अभिनेता अक्षय कुमार से मुलाकात की थी। योगी आदित्यनाथ से आधा घंटे मुलाकात के बाद अक्षय कुमार ने कहा था, 'अनेक बड़े प्रोडक्शन हाउस, प्रोड्यूसर, डाइरेक्टर व एक्टर उत्तर प्रदेश फिल्म सिटी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय सिनेमा व इन्फोटेन्मेंट सिटी का विकास सिनेमा जगत को नए विकल्प प्रदान करेगा।' यदि ऐसा होता है तो उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर आर्थिक विकास व रोजगार सृजन होगा। सबसे बड़े हिंदी-भाषी प्रदेश के रूप में उत्तर प्रदेश फिल्म सेंटर बनाने के लिए पूर्णत: उपयुक्त है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार तथा राज्य प्रशासन फिल्म सिटी बनाने के मामले में पूर्ण संकल्पित है और इस दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। यह निकट भविष्य में यथार्थ रूप ले लेगा।



फिल्म सिटी बनाने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रशासनिक सहायता की तुलना में इसे लगातार समर्थन की जरूरत पड़ती है। इसके लिए ऐसा सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश भी चाहिए जिसमें रचनात्मक कलायें विकास कर सकें। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के लगभग 6 साल पहले मुख्यमंत्री बनने के बाद से प्रदेश का परिवेश लगातार बेहतर हुआ है। उत्तर प्रदेश में 'न्याय सबके साथ, तुष्टीकरण किसी का नहीं' सिद्धान्त जमीनी स्तर पर लागू हो रहा है। पिछले सालों में प्रदेश में एक भी सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ है तथा कुछ धर्मस्थलों के सार्वजनिक स्थलों पर कब्जों को हटाने या वहां से माइक की तेज आवाज पर नियंत्रण के लिए सरकार ने सभी धर्मों के लोगों की सहमति से निर्णय लिए और उनको लागू किया। इससे प्रदेश के सभी धर्मानुयाइयों में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। इसलिए उत्तर प्रदेश में भाजपा पार्टी या सरकार पर कोई 'कट्टरपंथी' लेबिल नहीं लगाया जा सकता है, जिसका प्रयास भाजपा-विरोधी कर रहे हैं। हालांकि, भाजपा-समर्थक 'हिंदुत्व' को नीचा दिखाने या उस पर कालिख पोतने का कोई प्रयास भी सहन नहीं करेंगे, जिसके प्रयास अतीत में होते रहे हैं। अब ऐसे प्रयासों का किसी सांस्कृतिक क्षेत्र में कोई स्थान नहीं है। इसके साथ ही प्रदेश में विश्वस्तरीय ढांचागत संरचना, अद्यतन सुविधाओं तथा नवीनतम प्रौद्योगिकी का विकास हो रहा है जिनमें कृत्रिम बुद्धि-एआई व मशीन लर्निंग शामिल हैं। केन्द्र और प्रदेश की भाजपा सरकारें अपने द्वारा घोषित कार्यक्रमों का जमीनी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रही हैं। इसके उलट अतीत में प्रदेश की कई सरकारों में बड़ी-बड़ी घोषणायें भ्रष्टाचार के कीचड़ में डूब गई थीं तथा निवेशक प्रदेश में आने के इच्छुक नहीं थे। अब योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से 'उत्तम प्रदेश' बनने की ओर बढ़ रहा है।

# बहुराष्ट्रीय निगमों का बढ़ता मुनाफा

आदर्श रूप से किसी स्रोत देश को विदेशी फर्मों, खासकर बहुराष्ट्रीय निगमों से कर संग्रह का अधिकार होना चाहिए जहां से वह मुनाफा कमाती हों।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



पिछले वर्षों में वैश्विक आय का बढ़ता हिस्सा मुनाफे बढ़ाने में खर्च हो रहा है। वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी में कार्पोरेट मुनाफों का हिस्सा 1975 में 14.5 प्रतिशत से बढ़ कर 2000 में 16.2 प्रतिशत तथा 2019 में 20 प्रतिशत हो गया। मुनाफे में यह भारी वृद्धि मोटेतौर से बहुराष्ट्रीय निगमों-एमएनसी द्वारा संचालित है जो अनेक देशों में काम करती हैं। कार्पोरेट मुनाफों में उनका हिस्सा 1975 में 4 प्रतिशत से बढ़ कर 2019 में 18 प्रतिशत हो गया। इससे भी ज्यादा चिन्ता की बात यह हैकि ये कंपनियां उन देशों को टैक्स नहीं देती हैं जहां से वे मुनाफा कमाती हैं। इन देशों को 'स्रोत देश' कहा जाता है। आर्गेनाइजेशन फार इकोनोमिक कोआपरेशन एंड डेवलपमेंट-ओईसीडी के अनुसार, कार्पोरेट टैक्स बचाने का खामियाजा विभिन्न देशों को 100 बिलियन डालर से 240 बिलियन डालर के बीच भुगतना पड़ता है जो वैश्विक कार्पोरेट आयकर राजस्व का 4-10 प्रतिशत है। विकासशील देशों पर इसका तुलनात्मक रूप से अधिक प्रभाव पड़ता हैक्योंकि वे विकसित देशों की तुलना में कार्पोरेट आयकर पर बहुत अधिक निर्भर होते हैं।

भारत को इसके कारण हर साल लगभग 10 बिलियन डालर का नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्रोत देशों में टैक्स न देने के लिए एमएनसी अपनी सहायक कंपनियों का पंजीकरण कम टैक्स वाले देशों, जैसे मारीशस, सिंगापुर व आयरलैंड में कराती हैं। वे अपने मुनाफे व राजस्व को वहीं दिखाती हैं, भले ही उन्होंने बिक्री कहीं और की हो। समय बीतने के साथ यह व्यवहार लाभदायक सिद्ध हो रहा है। इसका पता इस तथ्य से चलता है कि 'कर स्वर्ग' देशों में पंजीकृत बहुराष्ट्रीय कंपनियों का मुनाफा सत्तर के दशक में जहां 2 प्रतिशत से भी कम था, 2019 में बढ़ कर 37 प्रतिशत से अधिक हो गया। इस परिघटना को बेहतर समझने के लिए एक एमएनसी अमेजन का उदाहरण लें। अमेजन का मूल देश अमेरिका है और इसके सभी ग्राहक भारत में हैं जो उसके आनलाइन प्लेटफार्म से वस्तुयें व सेवायें खरीदते हैं। इसकी शत-प्रतिशत निवेश वाली शाखा या सहायक कंपनी कम-कर वाले देश आयरलैंड में पंजीकृत है। यदि अमेजन की सहायक कंपनी भारत में पंजीकृत होती और यहां भारतीय ग्राहकों को बिक्री से प्राप्त सारा राजस्व उसे इसी सहायक कंपनी में दिखाना होता तो उसे भारत सरकार को इस आय पर कर देना पड़ता। वैसे यही सही रास्ता है, पर वह इस रास्ते पर नहीं चलती है। इसके बजाय वह आयरलैंड में अपनी सहायक कंपनी को भारतीय ग्राहकों के सभी इन्वायस लेने को कहती है और भारतीय कंपनी को एक सेवा कंपनी या मूल फर्म के कमीशन एजेंट की तरह पेश किया जाता है। चूंकि राजस्व आयरलैंड में सहायक कंपनी के खातों में दर्ज होता है, इसलिए उस पर कर संग्रह का अधिकार आयरलैंड सरकार को है। कर स्वर्ग होने के कारण अमेजन उस देश को बहुत कम या कोई टैक्स नहीं देती है। वह भारत को भी कोई कर नहीं देती है क्योंकि यहां कोई आमदनी नहीं दिखाई जाती है। इस प्रकार वह कहीं कर नहीं देती है।

इस समस्या के समाधान हेतु 8 अक्टूबर, 2021 को 136 देशों व अधिकारक्षेत्रों ने एक समझौते पर सहमति प्रकट की जिसे ओईसीडी कार्ययोजना कहा गया। ये देश भारत समेत वैश्विक जीडीपी का 90 प्रतिशत से अधिक उत्पादित करते हैं। इस योजना के अनुसार, 10 प्रतिशत से अधिक मुनाफे का 25 प्रतिशत हिस्सा उन बाजार क्षेत्रों में लगाना होगा जहां कंपनी के प्रयोगकर्ता रहते हैं। यह उन सभी फर्मों पर लागू होता है जिनका वैश्विक वार्षिक टर्नओवर 20 मिलियन यूरो से अधिक हो, जिसे 10 बिलियन यूरो तक घटाया जा सकता हो तथा कर पूर्व लाभ राजस्व का 10 प्रतिशत से अधिक हो। यह नियम सर्वाधिक मुनाफे वाले लगभग 100 एमएनसी पर लागू होगा। इसके साथ ही एमएनसी को अपने कार्यक्षेत्रों में न्यूनतम 15 प्रतिशत टैक्स देना होगा जिसे वैश्विक न्यूनतम कार्पोरेट टैक्स या जीएमसीटी कहा जाता है। यह नियम 750 मिलियन यूरो वार्षिक वैश्विक राजस्व प्राप्त करने वाली कंपनियों पर लागू होगा। इस योजना में यह भी कहा गया है कि '8 अक्टूबर, 2021 के बाद तथा 31 दिसंबर, 2023 तक या बहुआयामी कन्वेंशन-एमएलसी लागू होने तक कोई नया डिजिटल सर्विस टैक्स-डीएसटी या अन्य प्रासांगिक प्राविधान लागू नहीं किया जाएगा।'

यह समझौता विकसित देशों के पक्ष में बहुत अधिक झुका है और भारत को इससे कोई खास लाभ नहीं होगा। उपरोक्त उदाहरण को देखते हुए योजना के अनुसार आयरलैंड अमेजन पर न्यूनतम 15 प्रतिशत टैक्स लगा सकेगा। इसका अर्थ है कि अमेजन को उस देश में अपनी सहायक कंपनी रखने का कोई लाभ नहीं होगा। यदि आयरलैंड कर को नीचे, जैसे 10 प्रतिशत पर बनाए रखता है या उसे 'शून्य' रखता है तो अमेरिका अमेजन पर 5-15 प्रतिशत टापअप टैक्स लगा देगा ताकि प्रभावी दर 15 प्रतिशत हो जाए। यह ट्रंप प्रशासन द्वारा 2017 में लागू कानून के अनुसार है जिसके अंतर्गत वह ग्लोबल इंटैनेजिबिल लो-टैक्स इन्कम या गिल्टी लगा सकता है। गिल्टी उन अमेरिका-आधारित एमएनसी की विदेशी आमदनी पर लगता है जिनकी सहायक कंपनियां 10.5 प्रतिशत कम-कर वाले देशों में काम कर रही हों। वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन जीएमसीटी लागू करना चाहते हैं जो गिल्टी का नया चेहरा है। पहले इसकी कर सीमा 21 प्रतिशत रखी गई थी, पर बाद में घटा कर 15 प्रतिशत कर दी गई। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या अमेजन का गृह-देश अमेरिका आयरलैंड में उसकी सहायक कंपनी के मुनाफे पर इस तथ्य के बावजूद टैक्स लगा सकता है कि उसकी आमदनी का अधिकांश हिस्सा भारतीय ग्राहकों से आता है और भारत सरकार को उस पर कर लगाने का अधिकार है? इससे हम मामले के दूसरे बिंदु तक पहुंचते हैं।

इस योजना के अनुसार भारत जैसे 'स्रोत' देश को मुनाफे के अधिकतम 25 प्रतिशत पर टैक्स लगाने का अधिकार है। सवाल है कि भारत को इस तरह हाशिए पर कैसे छोड़ा जा सकता है जहां से एमएनसी अमेजन अपना सारा राजस्व व मुनाफा कमाती है और उसे केवल 25 प्रतिशत टैक्स लगाने का अधिकार दिया जाता है? दूसरी ओर कंपनी में कोई योगदान न देने वाले अमेरिका को कैसे इस बात की अनुमति दी जा सकती है कि वह मुनाफे के 75 प्रतिशत पर टैक्स लगाए? इसके पीछे एमएनसी के गृह देश अमेरिका व अन्य विकसित देशों का शुरुआती खेल यह था कि वे कर स्वर्गों में हो रहे मुनाफे को अपने अधिकारक्षेत्र में लाएं। अब उन्होंने विकासशील देशों को एक समझौते पर हस्ताक्षर के लिए तैयार किया है जिससे वे इनके मुनाफों के 75 प्रतिशत पर टैक्स लगा सकते हैं।

यह पूरी तरह अनुचित तथा ओईसीडी भावना का उल्लंघन है। 9 अक्टूबर, 2019 को जारी 'टैक्सिंग डिजिटल कंपनीज़' प्रारूप पत्र में कहा गया है, 'एमएनसी कंपनियों के मुनाफे को उन देशों में कर के लिए उपलब्ध होना चाहिए जहां उनके ग्राहक हैं, भले ही उनकी बाजार में भौतिक उपस्थिति हो या नहीं।' इस प्रकार जहां तक जीएमसीटी का सवाल है, मुनाफे को हस्तांतरित करने और इसके परिणामस्वरूप कर राजस्व के नुकसान को संबोधित करने के बजाय एक न्यूनतम कर लगाने की व्यवस्था से भारत का वह नीतिगत स्पेस छिन जाता है जिससे वह विदेशी कंपनियों पर कर घटा कर विदेशी निवेश आकर्षित कर सकता है। संक्षेप में कहा जाए तो आदर्श रूप से भारत जैसे स्रोत देश को उन विदेशी कंपनियों से कर संग्रह का एकमात्र अधिकार होना चाहिए जो वहां से अपनी आय प्राप्त करती है। इसके बावजूद यदि 'गैर-स्रोत' देशों को कुछ देना ही हो तो उनको 20-25 प्रतिशत बचे मुनाफे पर टैक्स का अधिकार दिया जा सकता है। भारत को ओईसीडी में पैरवी करनी चाहिए कि जीएमसीटी का विचार छोड़ दिया जाए तथा भारत समेत अन्य स्रोत देशों को कर की दर तय करने का अधिकार मिले। भारत को 'समानीकरण लेवी' वापस करने पर सहमति नहीं देनी चाहिए, जो ओईसीडी कार्य योजना के अंतर्गत नए टैक्स नियम प्रभावी होने के पहले अनिवार्य है। लेवी तभी वापस ली जानी चाहिए जब नई व्यवस्था लागू हो जाए।

# पर्यावरण असंतुलन का कारण 'याक' की घटती संख्या

**ब्रजेंद्र सिंह पंवार**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)



अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले में दिरांग की मेरी हाल की यात्रा, जिसे 'अरुणाचल का सबसे गुप्त रहस्य' के रूप में जाना जाता है, रोमांचक और उद्देश्यपूर्ण साबित हुई। यह मुझे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - याक पर राष्ट्रीय अनुसंधान केंद्र (आईसीएआर-एनआरसीवाई) ले गया। संस्थान एक तरह का है। यह अपने प्रमुख अनुसंधान पशु- याक से प्रेरणा और शक्ति का एक प्रमुख स्रोत प्राप्त करता है। यह पृथ्वी पर सबसे लचीला जीव है क्योंकि यह अत्यधिक ठंड (-40 डिग्री सेंटीग्रेड तक) और उच्च ऊंचाई वाले इलाकों की हाइपोक्सिक स्थितियों में जीवित रह सकता है। याक ट्रांस-हिमालयी क्षेत्र में हाइलैंडर्स समुदायों को बहुत आवश्यक दूध, मांस, ऊन, खाल, और गोबर और परिवहन सेवाएं प्रदान करके उनका भरण-पोषण करता है। नवीनतम जनगणना (2019) के अनुसार देश में याक की आबादी 58,000 है। उनमें से अधिकांश तीन प्रमुख याक-पालन वाले राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, लद्दाख और सिक्किम में पाए जाते हैं। संस्थान भारत के याक बेल्ट में मौजूदा जमीनी वास्तविकताओं से संकेत लेकर अपनी रणनीति तैयार करता है।

मुख्य चिंताएं लद्दाख की याक आबादी में भारी गिरावट और अभूतपूर्व बर्फबारी की भयानक घटना और 2019 में सिक्किम में सैकड़ों याक की मृत्यु के परिणामस्वरूप गंभीर फीड की कमी है। याक मालिकों की अनिश्चित स्थिति को ध्यान में रखते हुए, संस्थान ने उन्हें आश्वस्त किया। राष्ट्रीय बीमा कंपनी लिमिटेड (एनआईसीएल) प्राकृतिक आपदाओं और दुर्घटनाओं की स्थिति में जनजातीय चरवाहों को बनाए रखने के लिए याक बीमा प्रदान करेगी। याक उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और युवा पीढ़ी को इस व्यवसाय के लिए आकर्षित करने के लिए, संस्थान ने प्रमुख बैंकों से याक की खेती के लिए ऋण सहायता प्रदान करने के लिए नाबार्ड को शामिल किया। याक और याक चरवाहों के बीच परस्परवाद का यह अनूठा बंधन जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरणीय स्थिरता और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण जैसी महत्वपूर्ण अमूर्त भूमिका निभाता है। हाल ही में, संस्थान ने याक ऊन के मूल्यवर्धन, जनजातीय याक किसानों की आय को पूरा करने के लिए कुक्कुट पालन, शिक्षण और अनुसंधान में सहयोग, और लागत प्रभावी दरों पर संस्थान के कर्मचारियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के क्षेत्रों में पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। डॉ. मिहिर सरकार, निदेशक, आईसीएआर-एनआरसीवाई के अनुसार, 'संस्थान याक पालनकर्ताओं (ब्रोकपास) को वैज्ञानिक ज्ञान और तकनीकी सहायता प्रदान करते हुए याक उत्पादन, प्रजनन और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान कर रहा है।' अनुसंधान करने के अलावा, संस्थान के पास प्रौद्योगिकी प्रसार और जागरूकता के संबंध में एक मजबूत और सक्रिय आयाम है। महत्वपूर्ण अनुसंधान हाइलाइट्स में याक में सिंक प्रोटोकॉल और समयबद्ध कृत्रिम गर्भाधान की प्रभावशीलता की जांच करना, युवाओं के लिए पोर्टेबल और वियोज्य पशु आश्रयों के लिए खाका तैयार करना और प्रवास के दौरान दूध देने वाले याक, 5500 पर उगाए जाने वाले सबसे उपयुक्त मक्का चारे और अनाज की विविधता की पहचान करना शामिल है। फुट औसत समुद्र तल से ऊपर। वैज्ञानिक याक पालन के बारे में ज्ञान का प्रसार करने के लिए, 'याक- द शिप ऑफ द हाई एल्टीट्यूड' नामक एक सूचनात्मक मोबाइल ऐप हाल ही में लॉन्च किया गया था।



सुरम्य हरी-भरी पहाड़ियों के बीच स्थित, आईसीएआर-एनआरसीवाई की स्थापना 1989 में भारत में याक के अनुसंधान और विकास की दिशा में काम करने की दृष्टि से की गई थी। वर्तमान में यह समुद्र तल से 1500 मीटर की ऊंचाई पर 11.32 एकड़ में फैला हुआ है। संस्थान का याक प्रायोगिक फार्म भी 1995 में न्युकमाडुंग में स्थापित किया गया था।

वर्तमान प्रयोगशाला-सह-कार्यालय भवन का उद्घाटन अप्रैल 2009 में किया गया था। याक पर आईसीएआर-एनआरसी आईएसओ 9000: 2015 'याक के संरक्षण और सुधार' के लिए काम करने के लिए प्रमाणित है। संस्थान के जनादेश में याक जर्मप्लाज्म की पहचान, संरक्षण, लक्षण वर्णन और मूल्यांकन और ड्राफ्ट और दूध के लिए याक का सुधार शामिल है। संस्थान के जनादेश को साकार करने के मुख्य उद्देश्य हैं - याक के केंद्रक झुंड(यों) की स्थापना; याक की संरक्षण रणनीति विकसित और तैयार करना और एक सहयोगी मोड में याक आनुवंशिक संसाधनों के पूर्व-स्थाने और स्वस्थानी संरक्षण पर शोध करना; उत्पादों के उत्पादन, उत्पादकता, स्वास्थ्य और गुणवत्ता में सुधार के संदर्भ में याक सुधार के विभिन्न पहलुओं पर अनुसंधान करना; पारंपरिक रूप से मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों के लोगों द्वारा मवेशियों के साथ क्रॉसब्रीडिंग पर एक रणनीति तैयार करने और याक से संबंधित सूचना और प्रौद्योगिकी पहुंच के लिए वन-स्टॉप स्टेशन के रूप में कार्य करने के लिए याक क्रॉसब्रेड की वैज्ञानिक उपयोगिता का अनुसंधान किया जा रहा है। संस्थान में अनुसंधान याक पालन के विभिन्न पहलुओं पर निर्देशित है और मुख्य रूप से वैज्ञानिक वर्गों के माध्यम से क्रियान्वित किया जाता है। पशु आनुवंशिकी और प्रजनन, पशु पोषण, पशु फिजियोलॉजी और प्रजनन, पशु स्वास्थ्य, पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी और पशु चिकित्सा विस्तार शिक्षा।

एक दूरस्थ स्थान पर स्थित होने के बावजूद, संस्थान के पास एक उत्कृष्ट अनुसंधान बुनियादी ढांचा है जिसमें एक प्रायोगिक याक फार्म, केंद्रीय प्रयोगशाला, केंद्रीय उपकरण सुविधा, इन विट्रो फर्टिलाइजेशन प्रयोगशाला, वीर्य प्रसंस्करण प्रयोगशाला, और याक आनुवंशिकी, पोषण, शरीर विज्ञान, परजीवी विज्ञान के लिए समर्पित जैव प्रौद्योगिकी, और चिकित्सा प्रयोगशालाएं शामिल हैं। संस्थान के महत्वपूर्ण सहायक वर्गों में सम्पदा और रखरखाव अनुभाग, एकेएमयू सेल, पुस्तकालय, वित्त और प्रतिष्ठान शामिल हैं।

## आप की बात

### सम्मेद शिखर प्रकरण

**जैन** तीर्थ सम्मेद शिखर पर केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर सराहनीय निर्णय लिया है और जैन समुदाय के लोगों की मांगे मान ली हैं। अब उक्त स्थान पर मदिरा और मांस इत्यादि चीजें वर्जित रहेंगी और सम्मेद शिखर की पवित्रता बनी रह सकेगी। पिछले काफी दिनों से इस मामले को लेकर जैन समाज आक्रोशित था और जनता को उम्मीद थी कि इनकी माँग सरकार मान लेगीए जैन समुदाय से विरोध का तरीका अन्य समुदायो के साथ सभी देशवासियों को सीखना चाहिएए सड़कें बाधित कर और सरकारों के साथ आम जनता को नुकसान पहुंचा कर मांग मनवाने के बजाय जैन मुनियों ने स्वयं को स्वयं को आहूत करना ज्यादा उचित समझाए इस बलिदान को समस्त देश सदैव याद रखेगा और जैन मुनियों के प्रति कृतज्ञ रहेगा। विडंबना है कि झारखंड की सरकार अपनी जिद पर अड़ी थी और सरकार में शामिल कांग्रेस सरकार ने निर्णय का विरोध किया था। जैन समाज भले ही अल्पसंख्यक और जनसंख्या में बहुत कम हो, पर उसने देश के आर्थिक-सामाजिक विकास में अत्यन्त उल्लेखनीय योगदान दिया है। जैन समाज की भावनाओं का सम्मान करते हुए धार्मिक आस्थाओं के अनुकूल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है।

**मनोज**, मेरठ

### रूस-यूक्रेन युद्ध

**रूस-यूक्रेन युद्ध** संभवत: शान्ति क़ी राह पर जा रहा है। भारत सहित अन्य शांतिप्रिय देश के सन्देश को आखिर आर्थोडॉक्स क्रिसमस शांतिपूर्वक मनाने के उद्देश्य से आर्थोडॉक्स आध्यात्मिक नेता प्रमुख पेट्रिआर्क किरिल की बात मानते हुए उनके जरिये रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने लगभग 11 माह से चल रहे घमासान को 2 दिन के लिए विराम देने की घोषणा कर दी है। उम्मीद है कि संभवत: आगे भी युद्ध विराम हो सकता है। शान्ति की अपील हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं क्योंकि वे भी विनाश रोकना चाहते हैं और वे सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के प्रबल समर्थक हैं। हमारी प्राचीन संस्कृति और संस्कार भी विश्वशांति का सन्देश देते हैंण् अत: पुतिन को भी अपने धर्मगुरु किरिल की बात मानते हुए आगे भी शांति की राह पर चलने हेतु कदम बढ़ाने चाहिए। वैसे भी कुछ ही सप्ताह में लक्ष्य पूरा करने की उम्मीद वाले पुतिन 10 महीने बाद भी संकट में फंसे हैं। इससे रूस सारी दुनिया में अलग-थलग हो गया है और पूरी दुनिया ऊर्जा संकट तथा खाद्य सुरक्षा पर संकट का सामना कर रही है। युद्ध समाप्त होना पूरी मानवता के हित में है और सबको इस दिशा में प्रयास करना चाहिए।

**महेश नेनावा**, इंदौर

### विधानसभा चुनाव

**2024** में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले देश में इस साल नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन राज्यों से लोकसभा की कुल 116 सीटें आती हैं। इन राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे लोकसभा की एक चौथाई से कुछ कम सीटों के रुझान साबित होंगे, पर सवाल है क्या विधानसभा चुनाव सचमुच लोकसभा चुनाव के रुझान या पूर्व पीठिका का होते हैं? जब नवंबर 2018 में राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी तब एक तबका यह मानने लगा था कि मोदी सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई, लेकिन अगले ही साल हुए आम चुनाव के नतीजे इसके ठीक उलट रहे। इसलिए यह कहना सही नहीं कि विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल होते हैं। राजनीति में हमेशा दो और दो का योग चार नहीं होता लेकिन कई बार जानकार इस तथ्य को भूल जाते हैं। आज का मतदाता जानता है कि राष्ट्र के नजरिए से किस पार्टी पर भरोसा किया जा सकता है और राज्य या निकायों के लिहाज से कौन सी राजनीतिक पार्टी उसके लिए ज्यादा उचित रहेगी।

**सदन जी**, पटना

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**सरकार** ने मराठी भाषा पर एक कार्यक्रम आयोजित किया है, पर मैं इसे गद्दार सरकार कहता हूं।

– **आदित्य ठाकरे**
शिवसेना -यूबीटी विधायक

**मुझे** राष्ट्रपति पुतिन द्वारा यूक्रेन में अपनी योजना व लक्ष्य बदलने के कोई संकेत नहीं मिले हैं।

– **जेन्स स्टोलेनबर्ग**
नाटो महासचिव





**हल्द्वानी** में तत्काल कब्जा हटाने से रोकने का सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय स्वागत योग्य है।

– **प्रशांत भूषण**
वकील-एक्टिविस्ट

# प्रदेश का इन्फ्रास्ट्रक्चर बना बड़े निवेश की आधारशिला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- देश और दुनिया के निवेशक सीएम योगी की छवि को लेकर हैं उत्साहित
- दुनिया भर के उद्यमी मान रहे कि योगी जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं

**सीएम** योगी ने जो कहा है वो किया है और वो जो कह रहे हैं वो करके दिखाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के लिए संकल्पित हैं और उस दिशा में मिशन के साथ काम कर रहे हैं। प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर में उन्होंने जो बड़ा बदलाव किया है वो प्रदेश में बड़े निवेश की आधारशिला बनता जा रहा है। देश और दुनिया के निवेशक योगी की छवि और प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर से प्रभावित होकर यहां निवेश के लिए उत्सुक हैं। विदेशों से 7.12 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्तावों के बाद मुंबई में पहले घरेलू रोड शो के दौरान मिले 5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव इसकी बानगी हैं। प्रदेश सरकार ने फरवरी में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए 17 लाख करोड़ का लक्ष्य रखा है और पूरी दुनिया और देश में मिल रहे रिस्पांस को देखते हुए यह लक्ष्य पूरा होता नजर आ रहा है।

विदेशों से लौटने के बाद यूपी के प्रतिनिधिमंडल ने इस बात की तस्दीक की थी कि विदेशी निवेशक सीएम योगी की छवि से काफी प्रभावित हैं। प्रतिनिधिमंडल ने बताया था कि विदेशी निवेशक न सिर्फसीएम योगी से मिलने को बेताब हैं बल्कि वो ये भी जानने को उत्सुक हैं कि उन्होंने कैसे उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। साथ ही विदेशी निवेशक प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर को सुधारने के लिए सीएम योगी की तारीफकरते नहीं थक रहे। ये विदेशी निवेशक न सिर्फबड़े पैमाने पर यूपी में निवेश को तैयार हैं बल्कि सरकार के साझीदार के रूप में काम करना चाहते हैं। कुछ ऐसे निवेशक भी हैं जो प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से काफी प्रभावित हैं लेकिन वो निवेश प्रस्ताव को सीएम योगी से मिलकर फाइनल करना चाहते हैं। ऐसे सभी निवेशक 10-12 फरवरी को लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से सम्मिलित होंगे और योगी की मौजूदगी में अपने इंटेंट फाइल करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश में सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश को विकास की राह पर आगे ले जाने का संकल्प लिया है। उनका मानना है कि यूपी में पोटेंशियल है विजन है और अपार संभावनाएं हैं। वह प्रदेश में निवेशकों को हर जरूरी संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। सीएम उत्तर प्रदेश को देश के ग्रोथ इंजन के रूप में पहचान दिलाने के लिए प्रयासरत हैं और प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप उन्होंने उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में उन्होंने अपनी 8 टीमों को 16 देशों से निवेश लाने के लिए भ्रमण पर भेजा थाए जबकि घरेलू रोड शो की शुरुआत उन्होंने स्वयं मुंबई से की है। मुंबई में उन्होंने बिजनेस लीडर्स को यूपी के विकास की जो फिल्म दिखाई, वही फिल्म एक वीडियो संदेश के साथ विदेशों में भी भेजी गई थी। उत्तर प्रदेश को निवेश के जो प्रस्ताव मिले हैं वो इसी का नतीजा है कि हर किसी को योगी पर यकीन है।

## चेन्नई के औद्योगिक घरानों को यूपी में निवेश के लिए आमंत्रित करेगी टीम योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- तीन दिन चेन्नई में उप्र निवेश लाने पर उद्योगपतियों से मंत्रियों और अधिकारियों की होगी चर्चा

**उत्तर प्रदेश** को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए उद्यमियों को निवेश के लिए आमंत्रित करने व प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए प्रतिबद्ध सीएम योगी के मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों का समूह चेन्नई पहुंच गया जहां वह प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश लाने के लिए उद्योगपतियों को प्रदेश में निवेश की संभावनाओं और अवसरों के बारे में अवगत कराएंगे। सीएम योगी की टीम चेन्नई में शामिल कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, स्वतंत्र प्रभार मंत्री नितिन अग्रवाल, राज्य मंत्री असीम अरुण, मंत्री नरेंद्र कश्यप एवं वरिष्ठ अधिकारी उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के चीफ नोडल आरकेएस भदौरिया, एसीएस एमएसएमई अमित मोहन प्रसाद, यूपीपीसीएल के चेयरमैन एम देवराज, आईआईडीडी के प्रमुख सचिव अनिल सागर, एक्साइज कमिश्नर सैंथिल पांडियन, सीएम योगी के सलाहकार केवी राजू चेन्नई के दो दर्जन से अधिक उद्योगपतियों के साथ वन टू वन मुलाकात करेंगे। यह मुलाकात बिजनेस टू गवर्नमेंट बीटूजी के आधार पर होगी। यह मुलाकात रविवार से मंगलवार को विभिन्न चरणों में होगी। इसकी शुरुआत रविवार को डिनर से होगी जो मंगलवार को ब्रेक फास्ट से समाप्त होगी। इस बीच रोड शो के दौरान करीब डेढ़ सौ से अधिक उद्योगपतियों से भी मुलाकात होगी जिसमें मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी इन उद्योगपतियों को प्रदेश में निवेश के अवसरों की जानकारी देंगे और उन्हें निवेश के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

### बीटूजी मीटिंग्स में 25 और रोड शो में शामिल होंगे डेढ़ सौ से अधिक उद्योगपति

टीम चेन्नई के मंत्री और अधिकारियों के शेड्यूल के अनुसार डिनर पर हटसन एग्रो प्रोडेक्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर आरजी चंद्रमोगन, पोंप्योर कैमिकल्स के सीएमडी एम पोन्यूस्वामी, टफी लिमिटेड के ग्रुप प्रेसिडेंट टीआर केसवन से निवेश को लेकर चर्चा होगी। वहीं ब्रेक फास्ट पर वॉटर वर्ल्ड के सीईओ अनिल अकबर, मुरुगपा ग्रुप के वाइस चेयरमैन एमएम मुरुगपा मुलाकात करेंगे। इसके बाद बीटूजी मीटिंग्स में टेंथ प्लानेट टेक्नोलॉजिस प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ कुमरान मनी, ट्रीवीट्रोन के वाइस चेयरमैन ए गणेशन, इंदिरा प्रोजेक्ट्स के सीएमडी भूपेश नागराजन, कोलियर्स के जीएम इंडस्ट्रियल एंड लॉजिस्टिक सर्विसेज कार्तिक राजन, प्रवीण ग्रुप के सीएमडी मो फजल, सीटेक्स पेट्रोकैमिकल्स के ईडी गोथमन, सवेथा यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो चंद्रम शिवाजी, फरीदा ग्रुप के चेयरमैन फारिक अहमद, नवविन एनर्जी के एमडी नंदकुमार, माइक्रोचेम प्रोडेक्ट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर नितिन श्रॉफ, थीरूमालिया कैमिकल्स के सीएमडी आर पार्थसारथी, कांटेक्ट सिविल एड सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर एन गीथा, लुक्स टीवीएस सीएमडी टीके बालाजी, केएलएम एक्सपोर्ट्स प्रोपराइटर जी मुरलीधरन, मनीषा सॉफ्ट साल्यूशंस प्राइवे लिमिटेड के इंडिया ऑपरेशन के हेड बी संतोष कुमार, मिक्लीन इंडिया और टमो हाऊस के सीईओ राजन विजय कुमार मुलाकात करेंगे।

# युवा कांग्रेस व राष्ट्रीय छात्र संगठन 26 को निकालेगी मोटरसाइकिल रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि युवा कांग्रेस और राष्ट्रीय छात्र संगठन 26 जनवरी से 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान के तहत प्रदेश भर में प्रत्येक ब्लॉक और विधानसभा स्तर पर मोटरसाइकिल रैली निकालेगी। 3 चरणों में होने वाले 'हाथ से हाथ जोड़ो' इस जनजागरण अभियान में कांग्रेस कार्यकर्ता युवाओं और छात्रों के बीच जाकर बेरोजगारी और महंगाई से निपटने में सरकार की नाकामियों और कमजोरियों को उजागर करेंगे।इसी के साथ कांग्रेस पार्टी व्यापक स्तर पर संगोष्ठी आयोजन और पर्चा वितरण के माध्यम से बेरोजगारी व महंगाई से निपटने के लिए पार्टी स्तर पर बनाई रणनीति पर जनसमर्थन हेतु जन जागरण अभियान चलाएगी। कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने आगे कहा कि 29.72 लाख बेरोजगार भागते-भागते इतना थक गए कि रोजगार ढूंढना ही बंद कर दिया। मुख्यमंत्री योगी जी ने युवाओं से 2022 विधानसभा चुनाव से पहले 14.6 बेरोजगारी दर कम करने का दावा किया था। जबकि योगी सरकार बेरोजगारी की समस्या से निपटने के लिए अपने किए हुए दावे से कोसों दूर है। 'इन्वेस्टमेंट एक्सपो' को लेकर लगातार भाजपा की योगी सरकार और केंद्र की मोदी सरकार अपनी पीठ थपथपा रही हैए परंतु धरातल में कोई भी परियोजना लोगों को रोजगार देने में सफल नहीं हो पाई। इन्वेस्टमेंट एक्सपो के नाम पर जनता की गाढ़ी कमाई का करोड़ों रुपया मीडिया प्लैनिंग मैनेजमेंट और आयोजनों पर खर्च किया जा रहा है। बेरोजगारी को लेकर योगी सरकार के सरकारी आंकड़े दावे के बिल्कुल उलट हैं।

# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर व्यक्त किया शोक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- सीएम योगी ने पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि
- योगी सरकार के मंत्रियों समेत विपक्ष के नेताओं ने भी व्यक्त की संवेदना



**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री ने स्व. केशरी नाथ त्रिपाठी को दी श्रद्धांजलि पश्चिम बंगाल, बिहार, मेघालय एवं मिजोरम के पूर्व राज्यपाल तथा प्रदेश विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धाजलि अर्पित की है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शोक संदेश में कहा कि यूपी विधानसभा के पूर्व स्पीकर और पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी का निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। आज सुबह करीब 5 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका घर पर ही इलाज चल रहा था। राज्यपाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की व शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संदेश में कहा कि केशरी नाथ त्रिपाठी एक वरिष्ठ और अनुभवी राजनेता थे। वे संसदीय नियमों, परम्पराओं और विधि के गहरे जानकार थे। श्री त्रिपाठी एक विद्वान अधिवक्ता और संवेदनशील साहित्यकार भी थे। उनके निधन से समाज की अपूरणीय क्षति हुई है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी' सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्व' केशरीनाथ त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि श्री केशरी नाथ त्रिपाठी संसदीय मामलों के मर्मज्ञ एएक कुशल और अनुभवी राजनेता थे। उनके निधन से प्रदेश को अपूर्णीय क्षति हुयी है। इसके साथ ही पर्यटन मंत्री श्री जयवीर सिंह, प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप तथा उद्यान, कृषि.विपणन कृषि.विदेश व्यापार कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मंत्रीगण ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति की प्रार्थना करते हुए शोक संतृप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। इसके साथ ही

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने भाजपा के श्रेष्ठ नेता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केसरी नाथ त्रिपाठी जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष** भूपेन्द्र चौधरी ने रविवार को प्रयागराज पहुंचकर श्रद्धेय केसरी नाथ त्रिपाठी के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करके कृतज्ञ नमन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा परिवार के वरिष्ठ सदस्यए कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुंज श्रद्धेय केसरी नाथ त्रिपाठी का निधन अत्यंत दुखद व हृदय विदारक है। श्रद्धेय केसरी नाथ त्रिपाठी एक नेता तथा संगठन शिल्पी के रूप में सदैव स्मरण में रहेंगे। उनका व्यक्तित्व हम सभी को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि श्रद्धेय केसरी नाथ त्रिपाठी का निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करने में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा।

**प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष** पूर्व सांसद बृजलाल खाबरी, राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, कांग्रेस प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक अजय राय, योगेश दीक्षित, अनिल यादव, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस मीडिया संयोजक अशोक सिंह ने केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेले में 4006 लोगों को मिला स्वास्थ्य परामर्श

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**जनपद** के सभी नगरीय व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य मेले में ओपीडी की सेवाओं के साथ ही फाइलेरिया, दिमागी बुखार, टीबी, मलेरिया, डेंगू एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच, उपचार और रेफर की सुविधाएँ प्रदान की गयीं। मेले के दौरान 4006 लोगों ने लिया चिकित्सकीय लाभ लिया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि यदि लोगों को बुखार आए तो स्वयं कोई इलाज न करें। पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जांच और इलाज कराएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज निःशुल्क उपलब्ध है। सभी को कोविड का टीका लगवाने, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के साथ मास्क लगाएं, 2 गज की शारीरिक दूरी का पालन करें और बार-बार अपने हाथ साबुन और पानी से धोते रहें। आरोग्य मेले में गर्भावस्था एवं प्रसवकालीन सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण, बच्चों में डायरिया व निमोनिया के रोकथाम, बचाव और उपचार की जानकारी और सुविधाएँ दी जा रही हैं। कुपोषित बच्चों की पहचान और उनके उपचार के लिए समुचित कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी देने के साथ ही आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जा रहा है। आरोग्य मेले के नोडल अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि जनपद के स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित इस आरोग्य मेले का कुल 4006 लोगों ने लाभ उठाया, जिनमें 1532 पुरुष, 1820 महिलायें और 654 बच्चे शामिल हैं। इस दौरान आयुष्मान भारत योजना के 18 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इसके साथ ही 53 लोगों ने कोविड एंटीजन टेस्ट कराया, सभी निगेटिव आए। एमवेड के सहयोग से कोविड से बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जन सामान्य को जागरूक किया गया।

# आयुष की 6929 सीटों पर आयुष की काउंसलिंग शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** भर के आयुष कालेजों में यूजी नीट-2022 की आनलाइन काउंसिलिंग शनिवार से शुरू हो गई। कुल 6929 सीटों पर प्रवेश के लिए अभ्यर्थी 11 जनवरी तक अपना पंजीकरण करा सकेंगे और धरोहर राशि जमा कर सकेंगे। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की 14 जनवरी को स्टेट मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। आयुष यूजी काउंसिलिंग बोर्ड के सचिव व निदेशक होम्योपैथी डा अरविंद कुमार वर्मा ने बताया 15 व 16 जनवरी को अभ्यर्थी अपनी मनपसंद सीट का विकल्प भर सकेंगे। 17 जनवरी को सीट आवंटन सूची जारी होगी और 18 जनवरी से 21 जनवरी तक नोडल सेंटरों पर अभिलेखों का सत्यापन होगा। 24 जनवरी तक अभ्यर्थी अपना सीट आवंटन पत्र जारी कर आवंटित कालेज में दाखिला ले सकेंगे। अगर आवंटित सीट से अभ्यर्थी संतुष्ट नहीं हैं तो वह सीट अपग्रेडेशन का विकल्प चुनेंगे। ऐसे अभ्यर्थियों के लिए 24 जनवरी को रात 11. 59 बजे तक आनलाइन आवेदन करेंगे और 25 जनवरी को सीट आवंटन सूची जारी होगी। 27 जनवरी तक आवंटित कालेज में प्रवेश ले सकेंगे। बता दें कि प्रदेश भर में बैचलर आफहोम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी में 1029, बैचलर आफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी की 5296 और यूनानी कालेजों में बैचलर आफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी कोर्स में 602 सीटें हैं।

# तकनीकी ढंग से खेती करके किसान आय में वृद्धि कर सकता है: दिनेश प्रताप सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत कृषक गोष्ठी/प्रशिक्षण का उद्यान मंत्री ने किया शुभारम्भ
- राज्य स्तरीय आंवला महोत्सव का प्रतापगढ़ में किया जायेगा आयोजन

**उद्यान,** कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि किसान यदि तकनीकी ढंग से खेती करे तो अपनी आय में निरन्तर वृद्धि कर सकता है। उन्होने किसानों से कहा कि उद्यान विभाग में विभिन्न प्रकार की योजनायें संचालित है और सब्सिडी भी प्रदान की जाती है इसलिये अपने बच्चों को औद्यानिक खेती में लायेए निःसन्देह औद्यानिक खेती में अपार सम्भावनायें है जिनमें अधिक से अधिक आमदनी प्राप्त कर हम अपने को, अपने राज्य को और देश को आगे ले जा सकते है।

रविवार को प्रतापगढ़ के बीएसएस एकेडमी फूलवारी में आयोजित एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अन्तर्गत कृषक गोष्ठी/प्रशिक्षण मेला कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मंत्री ने हाइटेक वेजिटेबल सिडलिंग प्रोडक्शन इकाई राजकीय पौधशाला नारायनपुर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र ऐंठू कालाकांकर का बटन दबाकर शिलान्यास किया। इस दौरान मंत्री ने बीएसएस एकेडमी में विभिन्न कृषकों द्वारा अपने उत्पाद के प्रदर्शनी की लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं उसके सम्बन्ध में किसानों से जानकारी प्राप्त की।

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि अपने बच्चों को पारम्परिक खेती पर आधारित न रखे उनको आसमान में उड़ने देंए बच्चे पाली हाउस की खेती करके ज्यादा से ज्यादा आमदानी प्राप्त कर सकते है क्योंकि बच्चे जानते है कि किस जनपद में कौन सी खेती करने से आय दुगुनी बढ़ सकती है। प्रतापगढ़ के पावन मिट्टी पर लोग अच्छी खेती करके अपनी आय दुगुनी कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रतापगढ़ आंवले के लिये जाना जाता है और आंवले से सम्बन्धित उद्योग लगाने के लिये किसान बिल्कुल निराश न हो केन्द्र एवं प्रदेश सरकार सदैव आपके साथ खड़ी है, प्रदेश सरकार आंवलें से सम्बन्धित उत्पादन हेतु सब्सिडी प्रदान करती है।

## जी-20 स्पोर्ट्स इवेन्टस

# लखनऊ समेत चार शहरों में खेल प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित: सहगल

- गौतमबुद्धनगर में बन रहे खेल स्टेडियम और लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में बने बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल का नामकरण जी 20 के नाम से किया जायेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अपर मुख्य** सचिव खेल नवनीत सहगल की अध्यक्षता में रविवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जी 20 स्पोर्ट्स इवेन्टस के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव नगर विकास, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह विशेष सचिव नगर विकास, उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण, इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त लखनऊ, डॉ. आरपीसिंह, निदेशक खेल एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

जी-20 के आयोजन तथा जी-20 के महत्व को आम जन तक पहुँचाने के लिए खेल विभाग चार शहरों लखनऊ, वाराणसीए आगरा एवं गौतमबुद्धनगर में विभिन्न खेल प्रतियोगितायें करायेगा और इस सम्बन्ध में शुरुआत 21 जनवरी 2023 को वैकाथन और मैराथन से होगी। इसके अतिरिक्त गौतमबुद्धनगर में बन रहे खेल स्टेडियम का नामकरण जी-20 के नाम से एवं जनपद लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में बने बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल का नामकरण जी 20 के नाम से किया जायेगा। क्रिकेट एसोसिएशन 21 जनवरी 2023 से युवाओं के लिए जी 20 क्रिकेट लीग शुरू करेगा। आगामी 15 फरवरी 2023 तक जो भी खेल प्रतियोगितायें खेल विभाग द्वारा आयोजित करायी जायेंगी वह जी 20 के नाम से जानी जायेंगी। वैकाथन 03 किलीमीटर एवं मैराथन 05 किलोमीटर की आयोजित की जायेगी। वैकाथन का शुभारम्भ 5 कालीदास मार्ग से किया जायेगा तथा मैराथन का शुभारम्भ ष्हैरिटेज स्थानष् से किया जायेगा।

# प्रत्येक माह 15 तारिख को मनेगा एकीकृत निक्षय दिवस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- रविवार के कारण इस बार 16 को मनेगा एकीकृत निक्षय दिवस

**प्रदेश** में अब हर माह की 15 तारीख को निक्षय दिवस की जगह एकीकृत निक्षय दिवस मनाया जाएगा। इसमें एक ही छत के नीचे बहुत कम समय में क्षय रोग के साथ साथ कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, मलेरिया, चिकनगुनिया और कालाजार के मरीजों का इलाज हो सकेगा।

शासन स्तर पर जारी निर्देश के मुताबिक जिस तरह पहले हर 15 तारीख को निक्षय दिवस के अवसर पर क्षय रोगियों को चिन्हित कर जांच और इलाज की प्रक्रिया पूरी की जाती थी। इसी तरह अब इस दिवस को एकीकृत निक्षय दिवस के रूप में मनाते हुए क्षय रोग के साथ कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, मलेरिया, चिकनगुनिया और कालाजार के मरीजों पर यही व्यवस्था लागू होगी। इस दिवस को मनाने के पीछे उद्देश्य है कि मरीज का चिन्हांकन, जांच और इलाज एक ही दिन में शुरू हो। जिलों के सभी स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मरीजों का चिन्हांकन, जांच और इलाज सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। बाद में यह पूरी व्यवस्था ई-कवच में शामिल करने की तैयारी है। इससे प्रदेश भर के मरीजों और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी एक क्लिक पर ही मिल सकेगी। बता दें कि कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, मलेरिया, चिकनगुनिया को वर्ष 2030 और क्षय रोग को वर्ष 2025 तक प्रदेश से समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। वहीं कालाजार उन्मूलन इसी वर्ष यानि 2023 तक खत्म करने का लक्ष्य तय है। प्रदेश में 51 जनपद फाइलेरिया और 6 जनपद कालाजार प्रभावित हैं। जबकि क्षय, कुष्ठ, मलेरिया और चिकनगुनिया के मरीज पूरे प्रदेश में मिल रहे हैं।

### 280187 मरीजों की हुई ओपीडी

15 दिसंबर 2022 को आयोजित निक्षय दिवस में कुल 280187 मरीजों की ओपीडी हुई। टीबी मामलों के 23096 सैंपल लिए गए। 17322 टीबी के टेस्ट किए गए। 700 लोगों में टीबी की पुष्टि हुई। 2401 लोग बलगम की जांच में निगेटिव निकले। वहीं 211 लोगों को टीबी की एक्सरे जांच करवाने की सलाह दी गई। 911 क्षय रोगियों की बलगम और एक्सरे जांच दोनों हुई। 695 मरीजों का इलाज शुरू हो गया।

## सिंधी समाज अपने इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल करने की करेगा मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सिंधी युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश ओमी ने कहा कि प्रदेश की किसी भी सरकार ने आज तक सिंधी महापुरुषों के इतिहास को सरकारी पाठ्यक्रम में शामिल नहीं किया सपा, बसपा और भाजपा सरकार के सभी मुख्यमंत्रियों को ज्ञापन सौंपा जा चुका है लेकिन किसी भी दल की सरकार ने सिंधी समाज के महापुरुषों जिसमें प्रभु झुलेलाल, सिंधुपति राजा दाहरसेन, अमर शहीद संत कंवर राम साहिब व अमर शहीद हेमू कालाणी का कक्षा 6, 7 व 8 की पुस्तकों मे इतिहास शामिल नहीं किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मायावती सरकार मे स्पीड पोस्ट के माध्यम से सभी महापुरुषों का इतिहास भेजा गया था लेकिन कोई जवाब नहीं मिला मुख्यमंत्री रहे मुलायम व अखिलेश से सिंधी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सरकारी आवास पांच काली दास मार्ग पर मुलाकात कर सिंधी महापुरुषों का इतिहास सरकारी पाठ्यक्रमों मे शामिल करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन कुछ नहीं हुआ 2017 मे पहली बार प्रदेश की योगी सरकार बनी सिंधी समाज का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने लाल बहादुर शास्त्री भवन एनेक्सी मे मिलकर ज्ञापन सौंपा गया था।

# एक ही परिवार के चार की दम घुटने से मौत

संवाददाता। सीतापुर

- पूरा परिवार पेट्रोमैक्स जलाकर हुआ था सोया
- जब दूध वाला घर पर दूध देने आया तो हुई मौत की जानकारी
- कोतवाली बिसवां इलाके के मोहल्ला झज्जर का मामला

**कोतवाली** बिसवां इलाके के मोहल्ला झज्जर में एक ही परिवार के 4 लोगों की शनिवार रात दर्दनाक मौत हो गई। पूरा परिवार पेट्रोमैक्स जलाकर सोया हुआ था, सुबह इसकी जानकारी तक हुई जब दूध वाला घर पर दूध देने आया। हादसे में मोहल्ला झज्झर निवासी 40 वर्षीय आसिफमास्टर, 36 वर्षीया आशिफ की पत्नी शगुफ्ता, 3 वर्षीया पुत्री मायरा और 2 वषीर्य पुत्र जयान की मौत हो गई। बताया जाता है कि परिवार के सभी सदस्यों की मौत दम घुटने से हुई है। सूचना पर एसडीएम पीएल मौर्य, सीओ अभिषेक प्रताप, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज कृष्ण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पड़ोसी की छत पर चढ़कर जाल खुलवाकर घर मे घुसे कमरे का दरवाजा तोड़कर चारो को निकालकर बिसवां सीएचसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मृतक आसिफमदरसा इस्लामिया सदरपुर में बाबू के पद पर तैनात था। तहसीलदार बिसवां अविचल प्रताप सिंह ने फोन पर बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं रिपोर्ट आने पर मौत के कारण का पता चल सकेगा। यह घटना किसी दैवीय आपदा सम्बन्धी नहीं है अगर कुछ ऐसा निकलकर आता है तो अनुमन्य सहायता परिवार के विश्वसनीय सदस्य को दी जाएगी।

# एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

संवाददाता। सीतापुर

- पुलिस ने अभियुक्तों के पास से बरामद किए 99 एटीएम कार्ड व अन्य सामान
- साइबर सेल व बिसवां पुलिस की टीम ने पायी सफलता
- बिसवां - सिधौली रोड पर स्थित एसबीआई एटीएम से अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**एटीएम** कार्ड से पैसे निकालने वाले कार्डधारकों के लिए यह खबर सावधान करने के साथ ही चौंकाने वाली भी है क्योंकि अब शातिर अपराधी आपकी मदद करने के बहाने एटीएम कार्ड तो बदल ही लेंगे साथ ही शॉपिंग या आपके एटीएम कार्ड से कैश निकालकर आपको कंगाल भी कर देंगे। सीतापुर की साइबर व बिसवां पुलिस की टीम ने ऐसे ही दो शातिर अपराधियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है जो एटीएम मशीन पर आने वाले बैंक उपभोक्ताओं की मदद करने के बहाने नजर बचाकर उनके एटीएम पिन को देख लेते थे व किसी बहाने से ग्राहक के एटीएम कार्ड को अपने पास मौजूद उसी बैंक के अन्य एटीएम कार्ड से बदलकर फ्रॉड करते थे। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से 99 एटीएम व डेबिट कार्ड पुलिस ने बरामद किए हैं। सीतापुर पुलिस द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डा. राजीव दीक्षित के पर्यवेक्षण व सीओ क्राइम/सहायक नोडल साइबर सेल शोभित कुमार के नेतृत्व में साइबर सेल व बिसवां पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रतापगढ़ जिले के थाना पट्टी के रायपुर गांव के रहने वाले संतोष कुमार पाठक उर्फ टप्पू पाठक पुत्र भइया लाल पाठक व शिवम सिंह पुत्र रमेश सिंह को सिधौली रोड स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दोनों अभियुक्तों के पास से 99 अदद एटीएम व डेबिट कार्ड, 3 मोबाइल फोन, 1450 रूपये नगद, 1 अदद नेटप्ले की जैकेट, 1 टाउजर व 1 शर्ट का टैग बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वह बैंक एटीएम पर आए ग्राहकों की मदद करने के बहाने उनका पिन देख लेते थे और अपने पास मौजूद एटीएम कार्ड से ग्राहकों का एटीएम कार्ड बदलकर अन्य एटीएम मशीन पर जाकर नगद रूपये निकाल लेते थे और शॉपिंग भी करते थे। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों पर धारा 420 आईपीसी व 66 डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्रवाई की गयी है। अभियुक्त संतोष कुमार पाठक उर्फ टप्पू के विरूद्ध लखनऊ में भी धोखाधडी के मामलो में कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में थाना बिसवां के अतिरिक्त निरीक्षक विजय कुमार मिश्रा, एसआई कृष्ण कुमार, हेड कांस्टेबल रामतीरथ, कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार, गौरव सिंह, साइबर सेल के प्रभारी निरीक्षक राजीव सिंह, हेड कांस्टेबल रोहित कुमार तोमर, अनुराग पाण्डेय, आनंद कुमार, कांस्टेबल भूपेन्द्र राणा व अंकुर चौधरी शामिल रहे।

## विनियमन शुल्क जमा किये बिना संचालित किया भट्ठा तो होगी कड़ी कार्रवाई : एडीएम

**लखीमपुर खीरी।** निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उप्र खनिज भवन, लखनऊ द्वारा जारी निर्देश के अन्तर्गत जनपद के सभी ईंट भट्ठों स्वामियों को सूचित करते हुए बताया कि अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह ने बताया कि भट्ठा वर्ष 2022-23 में समस्त देय धनराशि (विनियमन शुल्क) जमा किये जाने के उपरान्त ही मिटटी का खनन कर ईट पथाई का कार्य किया जायेगा /भट्ठे का संचालन किया जायेगा।

# जेई और 11 बटालियन पीएसी के जवानों के बीच हुई तू-तू, मैं-मैं

संवाददाता। सीतापुर

- बड़े डाकखाने के पास सड़क पर हुआ बवाल, वीडियो वायरल
- विद्युत विभाग के अधिकारियों ने एफआईआर लिखाने की कही बात
- गाड़ियों के टच हो जाने को लेकर हुआ बवाल

**बीच** सड़क पावर के बीच तू-तू, मैं-मैं और हाथापाई का यह नजारा है, सीतापुर की बहुगुणा चौराहे से आंख अस्पताल जाने वाले मार्ग का। बड़े डाकखाने के पास सड़क पर ही विद्युत विभाग के जेई और पीएसी बटालियन के हेडकांस्टेबल के बीच जमकर तू-तू, मैं-मैं होती है, फिर एक दूसरे पर हाथ छोड़ दिया जाता है। एक दूसरे को अपना-अपना पावर दिखाने का खुला प्रदर्शन काफी देरतक चलता है। अब आपको बताएं यह नौबत आई क्यों। बताया जाता है कि विद्युत विभाग के अवर अभियंता संतोष मौर्य और रवि कुमार गुप्ता अपनी कार स्वीफ्ट डिजायर से जा रहे थे, पीछे से 11 बटालियन पीएसी के हेडकांस्टेबिल संजय कुमार त्रिपाठी ने अपनी कार टाटा नेक्सऑन से ओवर टेक किया जिस दौरान उनकी गाड़ी जेई की गाड़ी से टच हो गई। विद्युत विभाग के जेई का आरोप है कि पीएसी का हेंडकास्टेबल नशे में था जब उन्होंने विरोध किया तो वह न कि धमकी देने लगे बल्कि दो अन्य साथियों के साथ मारपीट भी कर दिए। इस बीच मारपीट का एक वीडियो भी वायरल हुआ। यही नहीं इससे पहले तू-तू, मैं-मैं का भी वीडियो वायरल हो गया। इस मामले को लेकर विद्युत विभाग में खबर फैलते ही विद्युत विभाग के अधिकारी भी इकट्ठा हो गए। एसडीओ नगर रवि गौतम ने बताया कि पीएसी के जवानों ने जेई की पिटाई भी की।

# प्रेस क्लब मोहम्मदी व युवा प्रेस क्लब की संयुक्त बैठक संपन्न

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी



**रविवार** को पत्रकार सगठन के दोनो क्लबो की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमे घवि घूमिल करने वाले लोगो से उचित दूरी बनाकर चलने के साथ साथ जनहित से जुडे मुद्दे उठाने पर बल दिया गया। वही दोनो कलब सामजस्य बनाकर एक दूसरे का सहयोग करें। युवा प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी ने कहा कि जनता के साथ-साथ मीडिया पर सबकी नजर रहती कि। हमें आप सभी को सकारात्मक रूप से जनहित के मुद्दे उठाने चाहिए ऐसे लोगों से दूरियां बनानी चाहिए जो मीडिया को बदनाम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वही प्रेस क्लब के अध्यक्ष शिवम राठौर ने एकता पर बल देते हुए कहा कि हमें और आपको एक साथ मिलकर काम करना चाहिए। क्लब ने बहुत बड़ी ताकत होती है। फर्जी पत्रकारों से बचने पर भी बल दिया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रेस क्लब और युवा प्रेस क्लब के विमल सिंह ,डॉक्टर जेड खान, तनवीर सिद्दीकी आकाश सैनी,मो.इलियास, हरभजन सिह,इरफान शिबलू, अश्विनी राजपूत,शावेज खान,देवरजन मिश्रा, राशिद मसूरी,सहित सभी पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा माह : एआरटीओ ने वाहन चालकों को किया जागरूक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

- कोहरे के दृष्टिगत एआरटीओ ने खुद वाहनों में लगाये रिफ्लेक्टर

**मुख्य** सचिव, उप्र शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन के तहत सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने, सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से जनपद खीरी में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी संजीव सुमन के मार्गदर्शन एवम निर्देशन में 4 फरवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है।

सड़क सुरक्षा माह के चौथे दिन रविवार को प्रशासन ने पूरे जिले में जागरूकता अभियान चलाया। भीरा-पलिया, शारदानगर-तिकुनिया बस स्टेशन पर परिवहन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। अभियान चलाकर मालवाहक वाहन, टेंपो व ट्रैक्टर-ट्राली पर रिफलेक्टर पट्टी लगाई। सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी दी।

बस अड्डे पर आयोजित गोष्ठी में एआरटीओ ने बस-ट्रक-आटो- ई-रिक्शा तथा टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों, चालकों एवम उपस्थित जन-मानस को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। सड़क दुर्घटना में घायल की सहायता करने वाले व्यक्ति/गुड सेमेरिटन को रू. पांच हजार/- की धनराशि से पुरस्कृत किये जाने की योजना बताई। गोष्ठी में पम्फलेट्स, स्टीकर्स व हैंडबिल वितरित कर मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई।

एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने कहा कि वर्तमान समय में वाहन चलाते समय यातायात नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिससे सड़क दुर्घटना का ग्राफ भी तेजी से बढ़ रहा है। सबसे अधिक युवा हादसे का शिकार हो रहे हैं। कारण, युवा यातायात नियमों का पालन नहीं करते हैं। मनमाने ढंग से वाहन चलाते हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय कई सावधानियां रखकर हादसे से लोग बच सकते हैं। वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग करना चाहिए व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात नहीं करनी चाहिए।

टीएसआई जेपी यादव ने बताया कि सर्दी की बजह से पड़ रहे कोहरे के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं इसके बाबजूद भी लोग सतर्कता नही बरत रहे हैं। कई वाहनों में बैक लाइट, इंडिकेटर खराब है लेकिन वाहन स्वामी लापरवाही के चलते इन्हें ठीक नही कराते और इसके बिना वाहन चलाते हैं जिसकी बजह से हादसों की सम्भवना बढ़ जाती है।बस अड्डे पर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान एआरटीओ दफ्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

उक्त के अलावा लखीमपुर शहर के मुख्य मार्गो पर दुपहिया एवं चोपहिया वाहनों की चेकिंग की। चेकिंग के दौरान लगभग 83 दुपहिया एवं चोपहिया वाहनों को रोका। अवैध संचालन मिलने पर भविष्य के लिए चेतावनी दी। हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग कर किस प्रकार अपने जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं, से जागरूक किया। भीड़ भाड़ वाले चोराहों पर पेम्फलेट्स, स्टीकर्स, हैंडबिल बांटे, साथ ही सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई।

# छह पीएचसी सहित दो सीएचसी का सीएमओ ने किया स्थलीय निरीक्षण

- निरीक्षण में 4 कर्मचारी मिले अनुपस्थित, जारी किया कारण बताओ नोटिस
- सीएचसी रमियाबेहड़ में ऑपरेशन थिएटर के शीशे टूटे होने पर जताई नाराजगी

**लखीमपुर खीरी।** आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन शासन के निर्देश पर किया जा रहा है। जिसकी जमीनी हकीकत जानने के उद्देश्य से सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा जहां छह पीएचसी पर चल रहे मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का भ्रमण किया गया तो वहीं सीएचसी रमियाबेहड़ और सीएचसी धौरहरा का औचक निरीक्षण भी किया गया।

निरीक्षण के क्रम में जानकारी देते हुए सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसी के क्रम में रविवार को उनके द्वारा पीएचसी तेतारपुर, पीएचसी पतरासी, पीएचसी ढखेरवा, पीएचसी लखाही, पीएचसी कफारा व पीएचसी सिसैया का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने वहां दी जा रही दवाओं का निरीक्षण किया। साथ ही एलोपैथिक चिकित्सा सहित होम्योपैथिक व आयुर्वेदिक चिकित्सा को लेकर लगाए गए इंस्टॉल पर जाकर दी जा रही दवाओं औषधियों को देखा और वहां आ रहे मरीजों से मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मिल रही सेवाओं पर जानकारी ली जो संतोषजनक मिली। पीएचसी सिसैया के निरीक्षण के दौरान सीएचओ खुशबू और एएनएम किरण देवी अनुपस्थित मिली। इस दौरान उन्हें जानकारी मिली कि ग्राम प्रधान द्वारा सीएचसी के एक आवास पर कब्जा कर लिया गया है। जिस पर उन्होंने ग्राम प्रधान को फोन कर इसे तत्काल खाली करने को कहा और ऐसा ना करने की दशा में विभागीय कार्रवाई की हिदायत दी।

इसी के साथ उन्होंने सीएचसी रमियाबेहड़ का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने ऑपरेशन थिएटर के टूटे हुए शीशे को देखकर नाराजगी जाहिर की साथ ही उन्होंने वहां पर उचित साफ-सफाई व्यवस्था और चीजों को तत्काल बदलवाने के निर्देश दिए और इस दौरान ओपीडी रजिस्टर के निरीक्षण के दौरान उसे लगातार अपडेट करने के निर्देश दिए। इसके बाद वे सीएचसी धौरहरा पहुंचे, जहां पर आयुष मित्र प्राची शुक्ला और एलटी अवनी त्रिवेदी अनुपस्थित मिले जो कि 7 जनवरी से अनुपस्थित चल रहे थे और यहां यहां के डैम की कार्य प्रगति खराब मिली। जिस पर उन्होंने अधीक्षक को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

# खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**निघासन खीरी।** सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत सात दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ समापन किया गया! अवध क्षेत्र के निघासन ब्लाक के ग्राम बैलहाडीह में आज मुख्य अथिति श्री सददाम हुसेन जी व विशिष्ट अतिथि श्री बबलू यादव जी के द्वारा भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिसमें बच्चों के द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता टीमों क्रिकेट मटहियाबालीवाल में बेल्हाडीह कबड्डी में बोझिया सूर्य नमस्कार ने प्रथम राहुल द्वितीय सुमित तृतीय नितिन स्थान प्राप्त किया 500 मीटर दौड़ में प्रथम संदीप कुमार द्वितीय बाबूराम, मिथलेश तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी विजेता प्रतिभागियों की शील्ड, मैडल, देकर पुरुस्कृत किया गया। यह जानकारी सूर्या फाउंडेशन के अवध क्षेत्र प्रमुख नरोत्तम सिंह ने दी उन्होंने बताया कि सूर्या फाउंडेशन गांव के बच्चों व युवाओं में खेल कूद के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है सभी विजेता प्रतिभागी पूरे जोश और उत्साह के साथ खेल को खेले जिससे उन्हें जीत हासिल हुई इसी तरह युवा हमेशा अपनी कठिन परिश्रम व मेंहनत अपने आप को सफल बना सकते है। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन के कार्यकर्ता, सियाराम राज,( जूनियर फील्ड कैडर ) पवन कुमार, बच्चे, युवा, व ग्रामीण उपस्थित रहे।



# नागरिक सुरक्षा, सिविल लाइन प्रभाग, पोस्ट चौपला की मासिक बैठक संपन्न

संवाददाता। बरेली

**नागरिक** सुरक्षा सिविल लाइन प्रभाग की इस वर्ष की 'पहली मासिक बैठक का आयोजन पोस्ट वार्डन अर्चना राजपूत की अध्यक्षता' में उनके निवास पर आयोजित किया गया । बैठक में गत वर्ष के कार्यक्रम तथा प्रशिक्षण पर चर्चा की गई, हाउसहोल्ड रजिस्टर के विषय में अधिकारियों द्वारा विस्तार पूर्वक समझाया गया, जिसमें पोस्ट वार्डन द्वारा हाउसहोल्ड रजिस्टर से संबंधित किए गए।

कार्यों की जानकारी दी गई। सभी वार्डेंस को अपने-अपने सेक्टर में प्रशिक्षण आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया । सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों तथा आगामी समय में होने वाले प्रशिक्षण पर चर्चा की गई । 'पोस्ट वार्डन अर्चना राजपूत ने कहा कि नागरिक सुरक्षा के वार्डन की जिम्मेदारी है कि वह हमेशा चौकन्ना होकर रहें और अपने क्षेत्र में घटने वाली घटनाओं का संज्ञान जरूर लें और आवश्यकता पड़ने पर अपने उच्चाधिकारियों को तत्काल सूचित करें' इस देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए सदैव तत्पर रहे। अधिक से अधिक लोगों को नागरिक सुरक्षा से जुड़ना चाहिए।

आज की बैठक के 'मुख्य अतिथि डिविजनल वार्डन दिनेश यादव' द्वारा पोस्ट द्वारा गत वर्ष किए गए कार्यों की सराहना की गई। 'डिप्टी डिविजनल वार्डन डॉ उस्मान नियाज विशिष्ट अतिथि' के रूप में उपस्थित रहे 'आई सी ओ अनिल शर्मा द्वारा हाउसहोल्ड रजिस्टर के विषय में बताया गयास बैठक में चौपला पोस्ट के वार्डन आकाश पुष्कर, डॉ सुषमा गोरियाल, अंकुर कुमार मौर्य, त्रिलोक ,पिंकी सिंह ,सोनाली वर्मा' आदि उपस्थित रहे ।

## पुलिस ने गोकशी के अपराध में वांछित ईनामिया अभियुक्त किया गिरफ्तार

**बरेली** । 25 हजार इनामी पुरुस्कार घोषित /वांछित गौकशी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व में व क्षेत्राधिकारी नवाबगंज के पर्यवेक्षण में थाना भोजीपुरा पुलिस द्वारा जादोपुर तिराहे से अभियुक्त अमीर पुत्र कमाल खां निवासी रत्ना चुन्नीलाल थाना भोजीपुरा जिला बरेली उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त थाना भोजीपुरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 642/22 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट का वांछित अभियुक्त एवं 25000 रुपये का पुरुस्कार घोषित अपराधी था।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद बरेली की तहसील आंवला में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

संवाददाता। बरेली

**जिलाधिकारी** श्री शिवाकान्त की अध्यक्षता में आज जनपद बरेली की तहसील आंवला के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 शिकायतें प्राप्त हुई, मौके पर 02 शिकायतों का निस्तारण किया गया।जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए शिकायत कर्ताओं की शिकायतों को सुना और सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी सम्पूर्ण समाधान में शिकायते प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण समयान्तर्गत किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिस शिकायत का निस्तारण किया जाए, उस शिकायत से सम्बंधित शिकायत कर्ता संतुष्ट है या नहीं।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता भुपेन्द्र पुत्र श्री देशराज तहसील आंवला ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए कराया था किन्तु अभी तक उन्हें आवास प्राप्त नहीं हुआ है। जिस पर जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को निर्देश दिए कि शीघ्र प्रार्थी को आवास उपलब्ध कराया जाए। एक अन्य शिकायतकर्ता बबलू पुत्र श्री मोतीराम ग्राम गुरूगांव ने बताया कि वह पैरों से विकलांग है उनके पास न तो ट्राइसाइकिल न ही विकलांग कार्ड प्राप्त हुआ है। जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। एक अन्य शिकायतकर्ता महाराणा नन्दन पुत्र श्री मान सिंह निवासी रूखाड़ा ने बताया कि उनके गांव के पास सरकारी नलकूप लगा है जो कि खराब है। जिसकी कई बार शिकायत करने पर भी नलकूप सही नहीं कराया गया है। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि शीघ्र नलकूप को सही कराया जाए।

# पेज एक का शेष

## जोशीमठ में...

भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, आईआईटी रुड़की, वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान और केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों की एक टीम स्थितियों का अध्ययन करेगी और सिफारिशें देगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी. के. मिश्रा द्वारा आयोजित बैठक के दौरान उत्तराखंड के मुख्य सचिव ने पीएमओ को जानकारी दी। समीक्षा बैठक में कैबिनेट सचिव, केंद्र सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्यों ने हिस्सा लिया। जोशीमठ के जिला अधिकारियों के अलावा उत्तराखंड के वरिष्ठ अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में भाग लिया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लगभग 600 प्रभावित परिवारों को तत्काल सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का निर्देश देने के एक दिन बाद जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए शनिवार को जोशीमठ का दौरा किया था।

## विशेषज्ञों ने...

को भूस्लखन के व्यापक खतरे वाला क्षेत्र घोषित किया गया है और 60 से अधिक प्रभावित परिवारों को अस्थाई राहत केंद्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## पाक सरकार...

में पैर जमाने की कोशिश कर रहा है। इनके आंतरिक द्वंद्व का भारत पर प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारतीय हितों और निवेश को नुकसान पहुंच सकता है। सुरक्षा विश्लेषक डॉ. अरविंद साहू ने उभरते हुए परिदृश्य से सहमति जताते हुए कहा कि फाटा, खैबर पख्तूनख्वा और पीओके में टीटीपी के खिलाफ पाकिस्तान की संभावित सैन्य कार्रवाई से बड़ा मानवीय संकट पैदा हो सकता है। यदि यह हुआ तो ऐसी स्थिति में इस क्षेत्र के हजारों लोग विस्थापित हो सकते हैं, जिसका सीधा असर भारत और इसके मित्र राष्ट्रों- ईरान, अफगानिस्तान और ताजिकिस्तान के लिए चिंता का सबब बन सकता है।

## पाक सरकार...

कहा कि अगर आपको हमारे द्वारा छेड़े गए जिहाद में कोई समस्या नजर आती है, अगर आपको लगता है कि हमने अपनी दिशा बदल दी है, हम भटक गए हैं, तो आपसे हमारा मार्गदर्शन करने का अनुरोध है। हम खुशी-खुशी अपकी दलीलें सुनने के लिए हमेशा तैयार हैं। पाकिस्तान पुलिस ने शनिवार को पंजाब प्रांत में खुफिया अभियान के दौरान टीटीपी के पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। दक्षिण वजीरिस्तान के मुख्यालय वाना में शुक्रवार को 5,000 से अधिक स्थानीय लोगों ने अपने इलाकों में बढ़ती हिंसा, आतंकवाद और अपहरण के खिलाफ रैली निकाली थी।

## दिल्ली में...

पर चिल्लाने लगी। पुलिस ने मोटी रस्सी के जरिए मानव बैरिकेड बनाकर आरोपियों को अपने घेरे में ले लिया, लेकिन अफ्रीकी आक्रामक होते गए। बाद में, नेब सराय पुलिस स्टेशन और नारकोटिक्स दस्ते की एक संयुक्त टीम ने शाम 6.30 बजे दोबारा राजू पार्क पहुंचकर एक महिला सहित चार नाइजीरियाई लोगों को हिरासत में लिया। इस दौरान फिर अफ्रीकी मूल के 150 से 200 लोगों ने पुलिस टीम को घेर लिया और हिरासत में लिए गए लोगों को छुड़ाने की कोशिश करने लगे। हालांकि, इस बार पुलिस ने किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती और इग्वे इमैनुएल चिमेज़ी (33), अज़ीगबे जॉन (24) और क्वीन गॉडविन (26) को हिरासत में लेकर नेब सराय थाने ले आई। आरोपियों के खिलाफ क्राइम ब्रांच में आईपीसी की धारा 420/120बी रीड विद 14 फॉरेनर्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और इनका पासपोर्ट भी जब्त कर लिया गया है।

## शीतलहर-कोहरे...

दिन है जब राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान चंबा (8.2 डिग्री), डलहौजी (8.2 डिग्री), धर्मशाला (6.2 डिग्री), शिमला (9.5) शामिल हैं। डिग्री), हमीरपुर (3.9 डिग्री), मनाली (4.4 डिग्री), कांगड़ा (7.1 डिग्री), सोलन (3.6 डिग्री), देहरादून (6 डिग्री), मसूरी (9.6 डिग्री), नैनीताल (6.2 डिग्री), मुक्तेश्वर (6.5 डिग्री) और टिहरी (7.6 डिग्री) समेत हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के अधिकतर पर्वतीय क्षेत्रों से कम रहा। हरियाणा के हिसार में पारा 1.4 डिग्री सेल्सियस, पंजाब के आदमपुर में 2.8 डिग्री सेल्सियस, चूरू में शून्य से 0.5 डिग्री नीचे और राजस्थान के पिलानी में 1.5 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में यह 3.2 डिग्री सेल्सियस और वाराणसी में 3.8 डिग्री सेल्सियस, बिहार के गया में 2.9 डिग्री सेल्सियस, मध्य प्रदेश के नौगोंग में शून्य से एक डिग्री नीचे और उमरिया में 1.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## राष्ट्रीय चैम्पियनशिप...

है। उन्होंने यह भी बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। कुमार के सम्मान में दिन की बाकी रेस रद्द कर दी गई।

## एआई को...

मेरे सहयोगियों के लिए 26 नवंबर, 2022 को एयर इंडिया की उड़ान एआई102 में हुई यह घटना व्यक्तिगत पीड़ा का विषय है। एयर इंडिया की प्रतिक्रिया अधिक तेज होनी चाहिए थी। हम इस स्थिति को उस तरह से संभालने में विफल रहे, जिस तरह से हमें इसे संभालना चाहिए था। उन्होंने कहा, टाटा समूह और एयर इंडिया अपने यात्रियों की सुरक्षा और भलाई के लिए पूरी तरह तत्पर हैं। हम इस तरह की अनियंत्रित प्रकृति की किसी भी घटना को रोकने या उससे निपटने के लिए समीक्षा करेंगे और हरसंभव व्यवस्था करेंगे। विमानन नियामक डीजीसीए ने कहा है कि इस घटना से निपटने में एयर इंडिया का आचरण पेशेवराना नहीं था। उसने एयरलाइन, उसकी उड़ान सेवाओं के निदेशक और उड़ान संचालित करने वाले चालक दल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एअर इंडिया के सीईओ कैम्पबेल विल्सन भी इस घटना के लिए माफी मांग चुके हैं। उन्होंने कहा कि चालक दल के चार सदस्यों तथा एक पायलट को जांच पूरी होने तक ड्यूटी से हटा दिया गया है। उन्होंने इसका अधिक ब्योरा न देते हुए कहा है कि एयरलाइन विमान में शराब परोसने की अपनी नीति की समीक्षा कर रही है। घटना से उचित तरीके से न निपटने के लिए आलोचनाओं के बीच विल्सन ने एक बयान में कहा कि एयरलाइन इस मामले से बेहतर तरीके से निपट सकती थी और उन्होंने ऐसे अनुचित व्यवहार की शिकायत करने के लिए मजबूत तंत्र बनाने का वादा किया।

## हिमाचल मंत्रिमंडल...

(ग्रामीण) से विधायक हैं। सात विधायकों वाले शिमला जिले को तीन मंत्रियों और एक मुख्य संसदीय सचिव (सीपीएस) के साथ मंत्रिपरिषद में बड़ा हिस्सा दिया गया है, जबकि बिलासपुर, मंडी तथा लाहौल और स्पीति को कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। विधानसभा उपाध्यक्ष के पद के अलावा तीन पद अब भी खाली हैं। राज्य मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की अधिकतम संख्या 12 से अधिक नहीं हो सकती। मुख्यमंत्री सुक्खू ने छह मुख्य संसदीय सचिवों (सीपीएस) को भी नियुक्त किया जिन्हें मंत्रियों के समान सुविधाएं प्राप्त हैं। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार मंत्रिमंडल विस्तार में विभिन्न क्षेत्रों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने में विफल रही है। भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर ने छह मुख्य संसदीय सचिवों (सीपीएस) की नियुक्ति पर भी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि इससे राज्य के खजाने पर करोड़ों रुपए का बोझ पड़ेगा। ठाकुर ने यहां एक बयान में कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा की गई 13 नियुक्तियों में से आठ विधायकों को शिमला संसदीय क्षेत्र से नियुक्त किया गया है जबकि शेष तीन संसदीय क्षेत्रों को पर्याप्त हिस्सा नहीं दिया गया है। मंत्रिपरिषद में पांच राजपूत, एक ब्राह्मण और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणियों से एक-एक सदस्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि स्वच्छ छवि वाले विधायकों को योग्यता के आधार पर मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है और जो जिले छूट गए हैं उन्हें आने वाले समय में प्रतिनिधित्व मिलेगा। नियुक्त किए गए सीपीएस में कुल्लू से सुंदर सिंह ठाकुर, शिमला जिले के रोहरू से मोहन लाल बरागटा, सोलन जिले के दून से राम कुमार चौधरी, पालमपुर से आशीष बुटेल और कांगड़ा जिले के बैजनाथ से किशोरी लाल और सोलन जिले के अरकी से संजय अवस्थी शामिल हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों के अनुसार इन नियुक्तियों में प्रतिद्वंद्वी गुटों के दावों को संतुलित करने का प्रयास किया गया है लेकिन जातीय एवं क्षेत्रीय असंतुलन अब भी मौजूद हैं। इस बीच, मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान उनके समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ आई और उन लोगों ने राजभवन में प्रवेश करने का प्रयास किया। पुलिस को उन सभी पर काबू पाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी और इस क्रम में दो दरवाजों के कांच भी टूट गए।

## मेधावी छात्राओं...

ने कहा कि जब वह 2019 में शहीद गुरदास राम मेमोरियल उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बने थे, तब जिले के 56 स्कूलों में इस स्कूल का 48वां स्थान था। प्रधानाचार्य ने कहा कि अब यह स्कूल फिरोजपुर जिले में पहले स्थान पर पहुंच गया है।

# रोडवेज बस व ट्रक की जबरदस्त टक्कर, दो ड्राइवरों की मौत

## ● घने कोहरे में हुआ हादसा, यात्री घायल



**संवाददाता। फर्रुखाबाद**

**घने** कोहरे में रोडवेज बस व ट्रक की जबरदस्त टक्कर हो गयी। जिसमें में रोडवेज बस ड्राइवर व ट्रक ड्राइवर की दुखद: मौत हो गयी। घटना में गंभीर रुप से घायल रोडवेज बस यात्रियों को जिला लोहिया अस्पताल भेजा गया। घटना की जानकारी होने पर डीएम व एसपी लोहिया अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों के हालचाल लिये। डीएम ने घायलों का बेहतर इलाज करने के लिए लोहिया के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से कहा।

बताते हैं कि घने कोहरे में एक ट्रक तेज गति से कायमगंज से फर्रुखाबाद की ओर आ रहा था और साहिबाबाद डिपो की रोडवेज बस फर्रुखाबाद से दिल्ली तेजगति जा रही थी। दोनों वाहन सुबह करीब 8 बजे नवाबगंज मंझना मार्ग के ग्राम जोध नगला से गुजर रहे थे। उसी समय घने कोहरे के कारण दोनों वाहनों में आमने.सामने जबरदस्त टक्कर हो गयी। आसपास गांव के लोग तेज आवाज सुनकर दहशत जदा हो गये। पता चला की बड़ी दुर्घटना हो गयी है। लोग घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। लोगों ने घायलों को रोडबेड बस से बाहर निकाला।

घटना में जनपद अलीगढ़ निवासी रोडवेज बस का ड्राइवर लखन कुमार शर्मा एवं जनपद शाहजहांपुर निवासी ट्रक चालक गोविंद उर्फबबलू की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 4 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे इलाज के लिए जिला लोहिया अस्पताल भेजा गया। जबकि अन्य मामूली घायल यात्री रोते कराहते हुए अन्य वाहनों से घर अपने -अपने चले गए। ट्रक ड्राइवर बबलू का शव ट्रक में ही फंस गया जिसको निकालने के लिए जेसीबी बुलाई गई। बमुश्किल ट्रक ड्राइवर का शव बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा लोहिया अस्पताल पहुंचे और घायलों को देखा व हालचाल लिये। डीएम ने अस्पताल के डॉक्टरों से घायलों का अच्छा इलाज करने कौ कहा। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को देखने के लिए काफी भीड़ लगी रही। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने लोहिया अस्पताल में मीडिया को बताया कि घायल यात्री खतरे से बाहर है घायलों का अच्छे ढंग से इलाज हो रहा है। जिलाधिकारी ने भी सीएमएस को अच्छे ढंग से इलाज करने के लिए कहा है। पुलिस ने शवो क पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### किसान को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**फर्रुखाबाद ।** आलू बेच कर घर वापस आ रहे किसान को लघुशंका के दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिस कारण किसान की मौत हो गयी। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक किसान के भाई ने थाना पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की। जानकारी के अनुसार थाना शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर मंगलीपुर निवासी बालिस्टर सिंह पुत्र कालीचरण ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि बीते 7 जनवरी को भाई अजय कुमार ट्रैक्टर ट्राली द्वारा गांव के कुछ अन्य लोगो के साथ मंडी में आलू विक्रय करने गया था। बिक्रय के बाद अन्य ग्रामीणो के साथ ट्रैक्टर ट्राली से घर वापस आ रहा था । कोलाघाट जलालाबाद शाहजहांपुर के पास लघुशंका करने के लिए उसने ट्रैक्टर रुकवाया तथा नीचे उतर कर वह लघुशंका करने लगा। इसी दौरान मनीराम पुत्र श्यामलाल सतीश पुत्र डोरीलाल सुआलाल पुत्र प्रसादी लाल भी मौजूद थे । तभी अचानक सामने से आए किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे भाई गंभीर रूप से हो गया और कुछ ही समय बाद उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के शव को घर लाया गया जानकारी के बाद परिजनों में कोहराम मच गया । मृतक के भाई ने शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के लिए थाना पुलिस को तहरीर दी है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो वेटरों की मौत

**राठ (हमीरपुर)।** विवाह पैलेस में वेटर का काम कर घर लौट रहे दो युवकों की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवकों की मौत हो गई। मुस्करा थाना क्षेत्र के बिहुनी खुर्द गांव निवासी दीपक चौरसिया (21) गांव निवासी दोस्त काजू रैकवार (20) के साथ कस्बे के विवाह पैलेस में वेटर का काम करने शनिवार की रात आए थे। शादी का काम निपटा कर आधी रात के बाद दोनों दोस्त बाइक से घर लौट रहे थे। तभी गहरा चौकी के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दीपक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि राहगीरों ने काजू को घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे झांसी रेफर किया गया। लेकिन गोहांड के पास पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद दीपक और काजू के घर में कोहराम मचा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दीपक मेहनत मजदूरी करता था और शनिवार रात गांव के काजू के साथ वेटर का काम करने आए थे। दीपक की मौत के बाद उसकी मां रामदेवी और परिवारिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है। शिवचरण ने बताया पुत्र काजू को जहां भी काम मिल जाता वहीं चला जाता था। शनिवार की रात दीपक के साथ घर से निकले थे फिर रविवार सुबह घटना की जानकारी हो सकी।

# आम आदमी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ का हुआ गठन



**फर्रुखाबाद।** आज जिला कार्यालय आलू मंडी रोड स्थित पर शिक्षक प्रकोष्ठ का गठन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नीरज प्रताप शाक्य ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदेश शैलेंद्र सिंह राठौर जी ने की। डॉक्टर मुकेश यादव प्रदेश कोषाध्यक्ष विशिष्ट अतिथि रहे।

सर्व सम्मति से वरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक दिनेश चंद जी को जिलाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ, कृष्ण मोहन जी को जिला महासचिव और अनुज शाक्य आईआईएचएसएसटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के प्रमुख को वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर मनजीत सिंह, अजीत सिंह, देवेश ,सोनू गौतम प्रशांत प्रजापति ,विशाल, कृष्णा वमा, राहुल, अवनीश शर्मा, संदीप राजपूत, शिव नारायण मिश्रा , अवनीश पाल ,अंकित शाक्य, विजय कुमार गौतम ,रजत प्रताप शाक्य , वैभव आदि उपस्थित रहे।

प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ मुकेश यादव जी ने आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली प्रदेश में किए गए शिक्षा के क्षेत्र में कार्यों को विस्तृत रूप से बताया । वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राठौर जी ने आम आदमी पार्टी की शिक्षा संबंधी नीतियों को फर्रुखाबाद में भी जन जन तक पहुंचाने का आवाहन किया और समय.समय पर गोष्ठी कार्यक्रम और जन जागरण अभियान चलाने के लिए पदाधिकारियों को प्रेरित किया। जिला अध्यक्ष ईजी नीरज प्रताप ने करें फर्रुखाबाद की बदहाल शिक्षा व्यवस्था का और उसकी महत्ता को बताया तथा सेल्फी विद सरकारी स्कूल के द्वारा सरकार द्वारा शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने के षड्यंत्र को जमीन पर आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जनता को सच्चाई बताने के कामों की प्रशंसा की। आगामी समय में शिक्षक प्रकोष्ठ को विधानसभा नगर पालिका और नगर पंचायत लेवल पर भी गठित किया जाएगा सभी पढ़े.लिखे काबिल लोगों को अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी । शिक्षा से ही भारत पुन: विश्व गुरु का दर्जा हासिल कर सकता है और माननीय केजरीवाल जी का दिल्ली मॉडल इसके लिए नजीर है। सभी ने बढ़.चढ़कर पर चर्चा में भाग लिया और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का दृढ़ संकल्प लिया।

## आफ़ाक राशिद के निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** लंबी बीमारी के चलते सहायक अध्यापक आफाक राशिद का हुआ निधन। शिक्षा जगत में शोक की लहर। रसूलाबाद तहसील क्षेत्र के अंतर्गत असालतगंज के रहने वाले सहायक अध्यापक आफाक राशिद का बीती रात्रि को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। गौरतलब हो कि असालतगंज की मशहूर शख्सियत पूर्व प्रधानाचार्य स्वर्गीय हाजी सैय्यद साजिद अली के पुत्र आफाक राशिद पिछले 3 वर्षों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे । लगातार उनका उपचार चल रहा था। ऑपरेशन के बाद उनकी स्थिति में सुधार आया था लेकिन अचानक फिर उनकी तबीयत बिगड़ गई। शुक्रवार की रात्रि को दिल का दौरा पड़ जाने से उनका निधन हो गया। वे रसूलाबाद विकास खंड क्षेत्र के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय लाला भगत में सहायक अध्यापक पद पर तैनात थे। उनके भाई मोण् अरशद असालतगंज में एमएके आजाद डिग्री कॉलेज संचालित करते हैं व आफाक राशिद कॉलेज के संरक्षक के रूप में कार्य कर रहे थे। शिक्षा के क्षेत्र में उनके परिवार के द्वारा अभूतपूर्व कार्य किए गए। अचानक आफाक राशिद के निधन से परिवारी जनों सहित शिक्षा जगत में मायूसी छा गई। उनके निधन की खबर सुनते ही बड़ी संख्या में लोग उनके घर के बाहर एकत्र हो गए।

# सड़क किनारे अज्ञात महिला की सिर कुचली लाश मिलने से हड़कंप



**राजापुर( चित्रकूट )।** जिले के राजापुर थाना क्षेत्र के गोबरौल मोड़ के पास एक अज्ञात महिला की सिर कुचली लाश सड़क किनारे पड़े होने से आस पास के गांवों में हड़कम्प मच गया। चौकीदार की सूचना पर मौके पर अपर एसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ शिवप्रकाश सोनकर, प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह अपने हमराही पुलिस बल के साथ मौके में पहुंचकर शव की शिनाख्त करने में जुटे हुए हैं। रविवार को दोपहर करीब साढे तीन बजे एक अज्ञात महिला का शव छीबो पेट्रोल पम्प से लगभग 500मीटर की दूरी पर गोबरौल रोड के किनारे खेत पर पड़ा मिला। जिसकी सूचना गांव के चौकीदार ने राजापुर पुलिस को दी। सूचना पाकर अपर एसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ शिवप्रकाश सोनकर, प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह अपने हमराही पुलिस बल के साथ मौके में पहुंचकर आस पास के गांवों से शव की शिनाख्त कराने में जुटी हुई है। लेकिन अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उधर प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया है कि प्रथम दृश्या यह प्रतीत हो रहा है कि महिला के सिर पर गम्भीर चोटें हैं। इसे हत्या करके कहीं बाहर से लाया गया है और यहां फेंक दिया गया है और मौके में एक 315 बोर का टूटा हुआ तमंचा जिसमे एक कारतूस लगी हुई मिस पाई गई है। शव की शिनाख्त के लिए आसपास के गांवों के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# मौरंग के अवैध खनन व ओवर लोडिंग की कराएं जांचः मंडलायुक्त

**फतेहपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में रविवार को विकास कार्यों एवं राजस्व संबंधी कार्यो की समीक्षा बैठक मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने जनपद में संचालित गौआश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशो के सभी व्यवस्थाओं, अवैध खनन, सार्वजनिक खाद्यान वितरण प्रणाली, जल जीवन मिशन, स्वास्थ्य, जिला पंचायत राज विभाग के कार्य, बेसिक शिक्षा, राष्ट्रीय राज्य मार्ग, धान क्रय केन्द्रों की व्यवस्थाओं आदि की विस्तृत समीक्षा की।

मंडलायुक्त ने कहा कि गौवंशो के लिए चिन्हित शेष बचे हुए पशुचर/ग्राम समाज की जमीनो में हरे चारे की बुआई सुनिश्चित करायी जाये। गौवंशो की व्यवस्थाओं की परस्पर निगरानी बनायी रखी जाये। शत प्रतिशत ईयर टैगिंग भी करायी जाये। अवैध खनन, ओवर लोडिंग, एमएम-11 (रवन्ना) आदि की जांच/प्रवर्तन कार्य किया जाये जिससे खनन से संबंधित राजस्व की चोरी न हो सके। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के लिए प्रयोग किये जाने वाले वाहनों में यदि मिसिंग/भ्रामक नंबर प्लेट पायी जाती है तो सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जाये। स्वास्थ्य विभाग संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दे। साथ ही गर्भवती महिलाओं की समय से जांच, टीकाकरण आदि कराया जाये। आशा, जननी सुरक्षा के अवशेष भुगतान जल्द से जल्द कराये। ग्राम पंचायतों में जो इंटरलॉकिंग से कार्य हो रहे हैं, उसकी गुणवत्ता अवश्य चेक करायें। ग्राम पंचायत में पंचायत भवन की क्रियाशीलता की निगरानी परस्पर की जाये। साथ ही एक रजिस्टर भी रखा जाये। ग्राम पंचायत में जाने वाले अधिकारी अपना नाम रजिस्टर में अवश्य अंकित करें। उन्होंने बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित परिषदीय विद्यालयों के कक्षा-5 के शिक्षा में अच्छे बच्चों को चिन्हित करते हुए आगे की पढ़ाई के लिए नवोदय जैसे विद्यालयों में दाखिल दिलाने का प्रयास किया जाये।

# नागरिक एकादश को हरा कर जिलाधिकारी एकादश ने जीता सद्भावना मैच

## ● मैन ऑफद मैच रहे राजापुर तहसीलदार संजय अग्रहरी

## ● जिला प्रशासन की टीम का रहा सराहनीय प्रदर्शन



**चित्रकूट।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म स्मृति पर रविवार को सद्भावना मैच जिला अधिकारी एकादश बनाम नागरिक एकादश के बीच में खेला गया। जिसमें नागरिक एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।मैच का शुभारंभ बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया।

जिसमें निर्धारित 15 ओवर खेलकर 122 रन बनाए। जिसमें नागरिक एकादश के बल्लेबाज स्वप्निल अग्रवाल ने 30 गेंदों पर 28 रन का सहयोग दिया। वहीं दूसरे बल्लेबाज अमित अग्रवाल ने 17 गेंदों पर 27 रनों और तीसरे बल्लेबाज सदर विधायक अनिल प्रधान ने 10 गेंदें खेलकर 13 रन बनाए। वहीं जिलाधिकारी एकादश के गेंदबाज अमित श्रीवास्तव ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 3 ओवरों में 21 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किए और अनिल तिवारी और निखिल और तहसीलदार राजापुर संजय अग्रहरी ने एक-एक विकेट प्राप्त किए। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम जिलाधिकारी एकादश के बल्लेबाज सत्येंद्र ने एक्सईएन पीडब्ल्यूडी ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 17 गेंदों पर 23 रनों का योगदान दिया। वही दूसरे बल्लेबाज नरोत्तम सिंह ने 17 गेंदों पर 32 रनों का योगदान दिया। वही अच्छी बल्लेबाजी करते हुए जिला अधिकारी एकादश ने इस मैच को 5 विकट से जीत कर अपने नाम किया। जिलाधिकारी एकादश में नायब तहसीलदार कर्वी रामानंद मिश्र व मंगल यादव, लोक निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर निखिल आदि ने प्रतिभाग किया। वही नागरिक एकादश के गेंदबाज स्वप्निल अग्रवाल ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 17 रन देकर हैट्रिक 3 विकेट प्राप्त किए। वहीं दूसरे गेंदबाज अर्पित अग्रवाल ने और राहुल ने रोहित ने एक-एक विकेट प्राप्त किए। सद्भावना मैच के मुख्य अतिथि के रूप में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे,जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, वरिष्ठ नेता नरेंद्र गुप्ता एवं रामबाबू गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।इससे पूर्व उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय केसरीनाथ त्रिपाठी जी के आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण किया गया।आज के एंपायर लोकेश ठाकुर व आनंद सिंह पटेल रहे। स्कोरर सौरभ नाहर, कमेंटेटर किशन बरार, नागराज करवरिया, मैच को सफल बनाने में कमलेश परिहार, अनुज कुशवाहा, सिराज, नौशाद, करण पटेल, दीपांशु आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।पुरस्कार वितरण चित्रकूट विधायक अनिल प्रधान द्वारा किया गया।

# मेडिकल कालेज निर्माण के लिये खनिज विभाग ने एकत्र की साठ करोड़ से अधिक की धनराशि

**विनोद शुक्ला।** हमीरपुर

## ● सीएम के आदेश से हो रहा है धन संग्रह

**जिले में** आने वाले दिनों में निर्मित होने वाले मेडिकल कालेज के लिये खनिज विभाग धन एकत्र कर रहा है,अब तक विभाग ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड (डीएमएफ) में साठ करोड़ रुपये से अधिक का फंड एकत्र कर लिया है। जो मेडिकल कालेज निर्माण में काम आयेगा।

जिला खनिज अधिकारी सुभाष सिंह ने आज बताया कि खनिज विभाग में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड बना होता है इसमे मौरंग पट्टा आवंटित होने पर पट्टे की कीमत का दस फीसदी कटौती कर डीएमएफ में जमा करा दिया जाता है जो भी नया पट्टा होता है उससे डीएफएम में धनावंटन अवश्य कराया जाता है। यह धनराशि जनहित में खर्च की जाती है। अभी तक इस मद में जमा फंड से सड़क निर्माण बच्चों के स्कूल रिपेयरिंग व जलापूर्ति में खर्च किया जाता था दो साल पहले मुख्यमंत्री ने आदेश दिया था कि हमीरपुर में जो भी डीएमएफमें धन संग्रह होगा वह मेडिकल कालेज के निर्माण में खर्च किया जायेगा। तब से मेडिकल कालेज के निर्माण को लेकर पैसा जमा किया जा रहा है। जिले में मेडिकल कालेज कुरारा क्षेत्र के डिमुहा गांव में बनाने की पूरी तैयारी की जा रही है। खनिज अधिकारी ने बताया कि इस मद में जो भी धन संग्रह हो रहा है उसके लिये लोनिवि खदान की तरफ जाने वाली सड़के बनाने के लिये जोर दे रहा था मगर सीएम के आदेश को उनको अवगत करा दिया गया है। अभी तक साठ करोड़ रुपये से अधिक धन संग्रह हो चुका है। इसके लिये कोई लक्ष्य निर्धारित नही है हर साल करीब तीस करोड़ रुपये का बजट इस मद में आ जाता है। जो धनराशि खनिज विभाग से एकत्र हो जायेगी वह स्वास्थ्य विभाग को दे दी जायेगी बाकी बजट सरकार खर्च करेगी। उधर सीएमओ डा रामअवतार ने बताया कि मेडिकल कालेज के लिये कार्यवाही शुरु कर दी है जमीन बन विभाग से जमीन की लिखापढ़ी की कवायद चल रही है। जमीन की लंबी प्रक्रिया है इसे पूरा करने मे समय लगेगा। इधर लोगो को विश्वास हो गया है कि जिले में अब मेडिकल कालेज की स्थापना हो जायेगी।

# विद्युत एसडीओ पर दलित महिला ने लगाया मारपीट का आरोप

**उरई ( जालौन )।** महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार की हिंसा या अभद्रता के मामलों को प्रदेश सरकार भले ही प्राथमिकता से लेने के निर्देश देती हो लेकिन सदर कोतवाली पुलिस उसके ठीक उलट कार्य करने की आदी हो चुकी है। ऐसा ही एक मामला मोहल्ला रामनगर ईदगाह के पीछे का प्रकाश में आया जहां शनिवार को विद्युत एसडीओ उरई अपने साथ कुछ कर्मियों को लेकर पीड़िता के आवास पर पहुंचे चूंकि उस दौरान महिला घर में अकेली थी लेकिन एसडीओ बार-बार घर में घुसने की जिद करने लगे जब महिला ने इसका विरोध किया तो मामला मारपीट व अभद्रता तक पहुंच गया। ऐसा पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है। बाद में पीड़िता ने मामले की लिखित तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दी तो पुलिस ने न तो महिला की तहरीर पर कोई एफआईआर दर्ज नहीं की। जब महिला ने अपने शरीर पर चोटों के निशान दिखाये तो पुलिस का कहना कि पहले वह मामले की जांच करेंगे बाद में कुछ कार्यवाही होगी। उक्त आशय का प्रार्थना पत्र सदर कोतवाली पुलिस को देते हुये ऊष सिंह पत्नी कमलेश कुमार सिंह निवासी मोहल्ला रामनगर उरई ने बताया कि शनिवार की शाम जब वह अपने आवास में अकेली थी उसी दौरान बिजली विभाग के कुछ कर्मचारी चेकिंग के नाम पर उनके आवास पर आये और बिल दिखाने की बात करने लगे। जब मेरे द्वारा बिल दिखाया गया तो बोले आपका बिल तो बहुत कम आ रहा है। मकान तो इतना बड़ा बना है। मैने कहा कि सर महान बड़ा होने से क्या होता है बिल तो हमेशा हमारा जमा होता है। इसके बाद उक्त लोग बोले कि आप बिजली चोरी करती है और मीटर तोड़ने लगे। मेरे द्वारा मना करते हुये कहा कि आप मेरे पति को तो आने दीजिये फिर जो कार्यवाही हो करना लेना। इसके बाद तो उक्त लोग बुरी तरह से भड़क गये और जातिसूचक शब्दों बोलने लगे। जिसमें अभिषेक कुमार एसडीओ ने काफी भला बुरा कहते रहे। जब मैंने अमर्यादित भाषा का विरोध किया तो उक्त लोग मकान के अंदर आकर छीना छपटी और मारपीट करने लगे।

# जच्चा बच्चा को लेकर जा रही एम्बुलेंस नदी में फंसी

## ● ग्रामीणों ने जलधारा से एम्बुलेंस को निकाला सुरक्षित



**मौदहा ( हमीरपुर )।** विकासखंड सिसोलर के कई गांवों में आवागमन के लिए सड़कें व पुल नहीं हैं। ऐसी स्थित में लोगों को यात्रा करने में भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। आज जिला अस्पताल से जच्चा बच्चा को गांव लेकर जा रही एक एम्बुलेंस चंद्राबल नदी की जलधारा में फंस गयी बमुश्किल ग्रामीणों ने जच्चा बच्चा को सुरक्षित निकालकर गांव पहुचाया।

चंद्रावल नदी किनारे बसे किसवाही, परेहटा, गढ़ा, बजेमऊ जैसे कई गांव बसे हैं। इन गांवों के लोगों को आने जाने के लिए चंद्रावल नदी पर पुल नहीं है। इस कारण ग्रामीणों को नदी की जलधारा से होकर गुजरना पड़ता है। बरसात के मौसम में तो आवागमन ही बंद हो जाता है। जिससे इन गांवों के लोगों को आवागमन में तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आज किसवाही गांव की दुर्गेश कुशवाहा को लेकर एम्बुलेंस जिला अस्पताल से गांव छोड़ने जा रही थी नदी से होकर जाने वाले मार्ग में पानी भरा था उसी जलधारा से होकर एम्बुलेंस निकल रही थी तभी एम्बुलेंस नदी की जलधारा में फंस गयी एम्बुलेंस खड़ी हो जाने से जच्चा बच्चा घबरा गये किसी तरह परिवारीजनों को सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों ने नदी में आकर एम्बुलेंस को धक्का देकर निकाला इस तरह जच्चा बच्चा सुरक्षित निकल पाये।

## क्विक न्यूज

### कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों में 14 जनवरी तक अवकाश

**घाटमपुर।** जिले में पारा जमाव बिन्दु के करीब पंहुचने और मकर संक्रानित के पर्व के चलते जिलाधिकरी बिशाख जी अय्यर ने जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के सभी सरकारी और प्राइवेट विद्यालयों में 9 से लेकर 14 जनवरी तक के लिये बन्द करने का आदेश दिया है, ये जानकारी जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह ने एक प्रेस बिज्ञाप्ति में दी है।

### आरएलबी क्रिकेट अकादमी ने घाटमपुर को चार विकेट से हराया



**घाटमपुर।** रविवार को नगर के मूसानगर रोड पर स्थित एक महाविद्यालय के प्रांगण में खेले गये एक क्रिकेट मैच में आरएलबी क्रिकेट अकादमी ने घाटमपुर की टीम को 4 बिकेट हरा दिया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए घाटमपुर की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में 176 रन बनाये इसमें दिब्याशू त्रिपाठी 57, जिब्राइल अंन्सारी 44, और मारुत सचान ने 41 रन बनाये। आरएलबी की ओर से सोभित कुमार ने 5 बिकेट चटकाये, जबकि दिग्बिजय ने 3 बिकेट लिये। बाद में लक्ष्य का पीछा करते हुए आरएलबी क्रिकेट अकादमी की टीम ने 26 ओर में 6 बिकेट खोकर मैच जीत लिया। आरएलबी क्रिकेट अकादमी की ओर से आशुतोष और दिग्बिजय ने 26-26 रन बनाये जबकि ज्ञानेंन्द्र यादव 23 रन बना कर नाबाद रहे। मैन आफद मैच शोभित कुमार को दिया गया।

### ठंड से युवक की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** शीतलहर की चपेट में आने से मजदूर युवक की मृत्यु हो गयी। जानकारी के अनुसार कुरारा निवासी बाबूलाल (40)दिल्ली में सिलाई का काम कर अपने बच्चों का भरण पोषण करता था बीते 4 दिन पहले मौदहा विकासखंड के ग्राम खैरी अपनी ससुराल आया था जहां उसकी तबीयत खराब होने पर ससुराल वालों ने प्राइवेट तौर पर डॉक्टरों से उपचार कराया लेकिन तबीयत में सुधार न होने पर बीती रात परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु लिए जा रहे थे इसी दौरान रास्ते में शीतलहर की चपेट में आ गया अस्पताल पहुंचते पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया ।खैरी निवासी अमित, रामप्रकाश, रामदास आदि लोगों ने बताया कि बीते एक सप्ताह से चल रही ठंड की चपेट मे आने से उसकी मौत हो गई।

### पशु बाड़ा में आग लगने से तीन पशुओं की मौत, दो मरणासन्न

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** ग्राम बिदोखर मेदनी में शनिवार की रात को पशुबाड़ा में आग लग जाने से पांच पशुओं में तीन पशुओं की जल कर दर्दनाक मौत हो गई, दो पशु आग में झुलस कर मरणासन्न हो गए जिनका उपाचार किया जा रहा है,ग्राम प्रधान लालाराम यादव ने बताया कि मूलचंद्र साहू का रियायसी और पशु बाड़ा पास पास बने हुए हैं, पशुबाड़े में दो पडिया, दो भैंस तथा एक गाय खूंटे से बंधी थीं, शनिवार की देर शाम बद्री की पत्नी फूलकली साहू सर्दी से बचाव के लिए पशुबाडा में आग जलाकर बैठी रहीं और बिना बुझाए वहां से चली आई इसके बाद रियायसी मकान में जाकर सो गई, रात में आग धीरे से पशु बाड़ा में रक्खे लकड़ी कंडो तक जा पहुंची, तो पशु बाड़े में आग लग गई रात में कोई देखने वाला नहीं था आग जलती रही वहां बंधे पशु आग से जान बचाने के लिए तड़पते रहे लेकिन आग की चपेट में आकर दो पाडिया और एक गो वंश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो भैंस बुरी तरह झुलस गई, सुबह जब महिला ने पशु बाड़ा जाकर देखा तो अपनी जरा सी नासमझी के लिए पछतावा करती रह गई, आग से झुलसी भैंसो का उपचार चल रहा है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी समेत तीन दबोचे

**पहाडी(चित्रकूट)।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर राजापुर थाने के दरोगा सूबेदार बिन्द की टीम ने तुलसी स्मारक के पास चोरी की घटना के वांछित लक्ष्मण तिवारी पुत्र शिवकुमार निवासी तीरमऊ को डेढ किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। रविवार को इसी क्रम में पहाडी थाने के दरोगा राहुल पाण्डेय की टीम ने घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म के वांछित शेषनारायण मिश्रा उर्फपिन्टू पुत्र गिरीश प्रसाद मिश्रा निवासी कलवारा बुजुर्ग को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। भरतकूप थाने के दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने वारंटी सुरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व रामेश्वर सिंह निवासी पहरा को गिरफ्तार कर चालान किया है।

### ठंड लगने से अलग-अलग स्थानों पर तीन की मृत्यु

**चित्रकूट।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर ठंड लगने से तीन लोगों की मृत्यु हो गई। मऊ थाना क्षेत्र के खण्डेहा गांव के मजरा देउरा के विजय कुमार (40) पुत्र हरछठीलाल के परिजनों ने बताया कि खेत में पानी लगाने के दौरान उसकी मृत्यु हुई है। रविवार को जिला अस्पताल में विजय कुमार के परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज दौरान शनिवार को मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। जिला मुख्यालय के भैरोंपागा मोहल्ले के रमाशंकर निषाद (70) पुत्र भगवानदीन की हालत बिगडने पर शनिवार को उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार ठंड लगने की शिकायत पर प्राइवेट अस्पताल में दिखाया था, कोई सुधार न होने पर जिला अस्पताल ले गये थे। इसी क्रम में मऊ थाना क्षेत्र के सुहेल गांव की मैकी देवी पत्नी रामनरेश की ठंड से हालत खराब होने पर शुक्रवार की शाम परिजन उसे जिला अस्पताल लाये। डॉक्टरों के मृत घोषित करने पर परिजनों में मातम पसरा है। परिजनों ने बताया कि ठंड लगने से तबियत खराब हुई है। रमाशंकर व मैकी के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है।
ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, युवक की मौत

### घर का इकलौता चिराग बुझने से परिवार में मचा कोहराम

**फतेहपुर।** औग थाना क्षेत्र ग्राम गोधरौली के समीप एनएच-2 में देर रात अज्ञात ट्रक की चपेट में आ जाने से 20 वर्षीय बाइक सवार की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। एक का एकलौता चिराग बुझ जाने से परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार उन्नाव जनपद के थाना गंगा घाट मोहल्ला गांधी नगर शुक्लागंज निवासी मोहम्मद मोइन का पुत्र मोहसिन जनपद के ही बंथरा स्थित फैक्ट्री में नौकरी करता था। बीती रात बाइक से वह कहीं जा रहा था तभी औंग थाने के गोधरौली के समीप एनएच-2 में अज्ञात ट्रक की चपेट में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पिता मो0 मोइन ने बताया कि वह घर का इकलौता पुत्र था। वहीं उसकी दो छोटी बहन महक व मुस्कान है और वह बंथरा स्थित फैक्ट्री में घोड़ो के झूले बनाने का काम करता था। उन्होंने बताया कि वह फतेहपुर कैसे पहुंच गया उनका पता नही।

### सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के लोधीगंज एनएच-2 में रविवार की सुबह टहलने निकले 60 वर्षीय वृद्ध को पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक ने रौंद दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र शांतीनगर निवासी स्व0 दुर्गा का पुत्र राम शंकर जो रेलवे सेवानिवृत थे। रोज की भांति वह सुबह टहलने निकले थे जब वह लोधीगंज एनएच-2 में पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन सहित भाग जाने में सफल रहा। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### रेलवे ट्रैक से अज्ञात शव बरामद

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के बाईपास के आगे ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने रेलवे ट्रैक से 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने आस पास के लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नही हो सकी है। वही पुलिस का मानना है कि हो सकता है कि ट्रेन से गिरकर मौत हुई है।

**अलाव तापते अधेड़ की जलकर मौत**

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर में खेत की रखवाली कर रहे 48 वर्षीय अधेड़ अलाव तापते समय आग की चपेट में गया जिससे उसकी मौके में ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रसूलपुर गांव निवासी हरछठी का पुत्र रामपाल लोधी शनिवार की शाम अपने खेतों की रखवाली कर रहा था और पास में ही अलाव जलाया था। तभी अचानक वह आग की चपेट में आ गया और मौके में उसकी जलकर मौत हो गई। उधर घटना की सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कोंच(जालौन)।** थाना नदीगांव पुलिस ने एक युवती को शादी करने का झांसा देकर भगाकर ले जाने और फिर उसे बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मुख्य आरोपी समेत कुल 5 लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले के मुताबिक नदीगांव क्षेत्र निवासी एक 32 वर्षीय युवती को गत 9 सितंबर 2022 को नवल पुत्र मानसिंह निवासी असबार जिला भिंड अपने साथ शादी करने का झांसा देकर भगा कर ले गया था।वहीं आरोपी युवक ने उक्त युवती को अपने परिजनों की मदद से एक घर में बंधक बना लिया था और फिर मारपीट कर उसके साथ दुष्कर्म किया।उक्त मामले को लेकर पुलिस ने शिकायत मिलने पर मुख्य आरोपी समेत अन्य सभी आरोपियों के खिलाफदफा 34, 323, 344, 366, 376 के तहत रविवार को मुकदमा दर्ज कर जांच आरम्भ कर दी है।

# इजराइल में सरकार की नई नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन

**भाषा।** तेल अवीव



**प्रधानमंत्री** बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व वाली इजराइल की नई सरकार की नीतियों के खिलाफ हजारों लोग शनिवार को सड़कों पर उतर आए। विरोधियों का कहना है कि ए नीतियां लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। देश के 74 साल के इतिहास में पहली बार गठित धुर दक्षिणपंथी और धार्मिक रूढ़िवादी सरकार के शपथ ग्रहण के कुछ दिन बाद प्रदर्शनकारी मध्य शहर तेल अवीव में जमा हुए। उन्होंने तख्ती थाम रखी थी, जिन पर लिखा था, नई सरकार हमारे खिलाफ है और आवास, आजीविका,आशा। कुछ प्रदर्शनकारियों के हाथों में सतरंगी झंडे थे। प्रदर्शन वाम धड़े और इजराइल की संसद नेसेट के अरब सदस्यों ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि नई कैबिनेट के प्रस्तावित कदम न्याय तंत्र में अड़चन डालेंगे और सामाजिक दूरियां बढ़ाएंगे। वाम धड़े के प्रदर्शनकारियों ने न्याय मंत्री यारिव लेविन की आलोचना की, जिन्होंने बुधवार को न्यायिक प्रणाली में सुधार से संबंधित सरकारी योजना को अमलीजामा पहनाने का खाका पेश किया था। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि इस कदम का मकसद देश की सर्वोच्च न्यायालय को कमजोर करना है। आलोचकों ने सरकार पर न्याय प्रणाली के खिलाफ जंग छेड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे सरकार को असीम शक्तियां मिलेंगी और लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होंगी। यावने से एक प्रदर्शनकारी डैनी सिमोन (77) ने कहा, हमें वाकई में डर है कि हमारा देश लोकतंत्र को खो देगा और हम केवल एक व्यक्ति की वजह से तानाशाही की ओर जा रहे हैं, जो अपने खिलाफ चलाए जा रहे मुकदमों से छुटकारा पाना चाहता है। सिमोन का इशारा प्रधानमंत्री नेतन्याहू की तरफ था, जिन पर 2021 में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। हालांकि, उन्होंने इन आरोपों का खंडन किया है। प्रदर्शनकारियों ने देश के यहूदी और अरब निवासियों के बीच शांति और सह–अस्तित्व का भी आह्वान किया। अरब और यहूदी नागरिकों के जमीनी आंदोलन स्टैंडिंग टुगेदर के रुला दाउद ने कहा, हम अभी देख सकते हैं कि एलजीबीटीक्यू के खिलाफ, फिलिस्तीनियों के खिलाफ, इजराइल में प्रमुख अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ कई कानूनों की वकालत की जा रही है। उन्होंने कहा, हम यहां जोर–शोर से और स्पष्ट रूप से यह कहने के लिए जुटे हैं कि इजराइल में अरब और यहूदी नागरिकों सहित विभिन्न समुदाय के लोग शांति, समानता और न्याय की चाह रखते हैं।

## जर्मनी में रासायनिक हमले की साजिश के संदेह में ईरानी गिरफ्तार

**बर्लिन।** जर्मनी मे घातक रसायनो से हमले की साजिश रचने के संदेह मे एक ईरानी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियो ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस और अभियोजको ने कहा कि रविवार तड़के 32 वर्ष के एक व्यक्ति सहित दो लोगो को कैस्ट्रोप-रॉक्सेल शहर मे हिरासत मे लिया गया। उन्होने एक संयुक्त बयान मे कहा कि इस व्यक्ति पर इस्लामी चरमपंथ से प्रेरित होकर एक गंभीर हमले की साजिश रचने का संदेह है। उन्होने कहा कि रासायनिक हमले के लिए उसने कथित तौर पर साइनाइड और रायसिन प्राप्त किया था। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए ने बताया कि विशेषज्ञो ने संदिग्ध के घर समाचार एजेंसी के अनुसार अभियोजको के एक प्रवक्ता ने बाद मे कहा कि परिसर की प्रारंभिक तलाशी मे कोई जहरीला पदार्थ नही मिला। इसका तुरंत खुलासा नही हुआ कि हमले की साजिश कितनी आगे बढ़ चुकी थी। डीपीए ने शीर्ष सुरक्षा अधिकारी हर्बर्ट रील के हवाले से कहा कि अधिकारियो को एक गंभीर सूचना मिली थी जिसके कारण पुलिस को उसी रात हस्तक्षेप करना पड़ा। टैबलॉयड अखबार बिल्ड ने बताया कि जर्मन अधिकारियो को एक सहायक खुफिया एजेंसी से रासायनिक हमले की कथित योजना के बारे मे जानकारी मिली थी। डीपीए ने एक अज्ञात जर्मन सुरक्षा अधिकारी का हवाला देते हुए कहा कि इस बात का कोई संकेत नही था कि संदिग्ध ने ईरान की ओर से काम किया था, बल्कि उसने कथित तौर पर एक सुन्नी चरमपंथी समूह का समर्थन किया था। सुन्नी ईरान मे धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय है। जर्मन पुलिस ने पांच साल पहले एक ट्यूनीशियाई व्यक्ति और उसकी पत्नी को इस्लामिक स्टेट समूह के नाम पर हमले की साजिश रचने के संदेह मे गिरफ्तार किया था।



यूक्रेन में एक स्मरणोत्सव समारोह के दौरान डोनेस्क क्षेत्र में रूसी सेना के साथ युद्ध में मारे गए अपने साथी के ताबूत को ले जाते हुए लोग

## वानूआतू द्वीप समूह में सुनामी की चेतावनी

**वेलिंग्टन (न्यूजीलैंड)।** प्रशांत सागर मे वानूआतू द्वीप समूह पर रविवार को 7.0 तीव्रता का भूकंप आया जिसके बाद आसपास के समुद्री क्षेत्रों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। अमेरिकी भूगर्भविज्ञान सर्वेक्षण ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि भूकंप का केंद्र पोर्ट ओलरी से करीब 23 किलोमीटर दूर 27 किलोमीटर की गहराई मे था। पैसेफिक सुनामी वार्निंग सेंटर ने इस केंद्र के 300 किलोमीटर के दायरे में तटों पर सुनामी आने की चेतावनी जारी की है। वैसे फिलहाल जानमाल के नुकसान की कोई खबर नही है। वानूआतू में करीब 2,80,000 लोग रहते है और वहां प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बना रहता है। इस द्वीप समूह में आधा दर्जन ज्वालामुखी सक्रिय है तथा नियमित चक्रवात एवं भूकंप आते रहते है।

## मस्क ने अपने मुकदमे की सुनवाई टेक्सास में स्थानांतरित करने का आग्रह किया

**वाशिंगटन।** उद्योगपति एलन मस्क ने एक संघीय न्यायाधीश से प्रतिभूति संबंधी उनके एक मुकदमे की सुनवाई सैन फ्रांसिस्को से बाहर स्थानांतरित करने का आग्रह किया है और कहा है कि स्थानीय मीडिया की नकारात्मक खबरों से इसकी सुनवाई पर असर पड़ने की आशंका है। इस मुकदमे की सुनवाई 17 जनवरी को शुरू होनी है लेकिन इससे दो हफ्तों से भी कम समय पहले मस्क के वकीलों ने अर्जी दायर कर मुकदमे की सुनवाई टेक्सास जिले की संघीय अदालत में स्थानांतरित करने का आग्रह किया। मस्क के वकीलों ने कहा कि अगर अदालत इस मुकदमे की सुनवाई स्थानांतरित नही करती है तो इसकी सुनवाई तब तक के लिए टाल दी जाए जब तक कि मस्क द्वारा ट्विटर खरीदने से जुड़ा नकारात्मक प्रचार खत्म नही हो जाता। प्रतिभूति मुकदमा मस्क के अगस्त 2018 में किए गए उस ट्वीट से संबंधित है जिसमे उन्होने कहा था कि उनके पास टेस्ला के शेयर को 420 डॉलर पर ले जाने के लिए पर्याप्त वित्तपोषण उपलब्ध है। इस घोषणा के बाद टेस्ला के शेयर की कीमत में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया था। शेयरधारकों के वकीलों ने अभी इस मामले पर कोई टिप्पणी नही की है।

# चीन ने पृथक-वास संबंधी नियम हटाने के बाद अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का स्वागत किया

**भाषा।** बीजिंग



**चीन ने कोरोना** वायरस संक्रमण के मामले बढ़ने के बावजूद रविवार को तीन साल में पहली बार पृथक–वास की आवश्यकता के बगैर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों और देश लौट रहे नागरिकों का स्वागत किया। चीन में सख्त शून्य कोविड नीति को अचानक वापस लिए जाने के बाद से ही संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। सरकारी टीवी सीजीटीएन ने बताया कि चीन के नए कोई पृथक–वास नहीं नियमों के तहत अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को लेकर पहुंचीं पहली उड़ानें रविवार सुबह दक्षिणी ग्वांगडोंग प्रांत में ग्वांग्झू और शेनझेन हवाई अड्डों पर उतरीं। अधिकारियों ने बताया कि टोरंटो तथा सिंगापुर से आए दोनों विमानों में 387 यात्री सवार थे। रविवार को हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र ने चीन के मुख्य भूभाग के साथ सीमा पार यात्रा बहाल की। चीन की सीमा के साथ लगते कई अन्य क्षेत्रों में भी सीमा पार यात्रा फिर से शुरू हो गई। चीन ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए न्यूक्लिक एसिड जांच कराने और पृथक–वास करने संबधी कोविड–19 पाबंदियों को हटा रहा है। देशभर में शून्य कोविड नीति के विरोध में कई प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग से इस्तीफा देने की भी मांग की थी। चीन सरकार ने शनिवार को कोरोना वायरस संबंधित घटनाओं को लेकर हिरासत में लिए गए कई लोगों को रिहा करने का आदेश दिया था। पृथक–वास संबंधी सभी नियमों को हटाने की घोषणा का देश में स्वागत किया जा रहा है लेकिन इसके समय को लेकर अन्य देशों में चिंता पैदा हो गई है क्योंकि यह कदम ऐसे वक्त में उठाया गया है जब 22 जनवरी को देश में वार्षिक वसंत उत्सव मनाया जाना है जिस दौरान लाखों चीनी नागरिक दुनियाभर में यात्रा करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि चीन देश में कोरोना वायरस के प्रकोप को कमतर दिखाने की कोशिश कर रहा है। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, भारत, इजराइल, मलेशिया, मोरक्को, कतर, दक्षिण कोरिया, ताइवान, जापान, अमेरिका और यूरोपीय संघ के कई देशों ने चीन से आने वाले यात्रियों से 48 घंटे पहले की गई पीसीआर जांच रिपोर्ट दिखाने को कहा है जबकि मोरक्को ने कोविड–19 फैलने की आशंका से चीनी यात्रियों के देश में आने पर प्रतिबंध ही लगा दिया है।

# प्रचंड सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है नेपाली कांग्रेसः ओली

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल के पूर्व** प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने आरोप लगाया है कि सीपीएन (माओवादी सेंटर) के प्रमुख पुष्प कमल दहल प्रचंड की नई सरकार के विश्वासमत हासिल करने से पहले ही शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांगेस उसे गिराने की कोशिश कर रही है। नेपाल के सत्तारूढ़ दल यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने रविवार को यहां प्रतिनिधि सभा के अपनी पार्टी के निर्वाचित सदस्यों के शिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि बाहरी शक्तियां अब भी इसको लेकर कोशिश कर रही हैं कि क्या वे वर्तमान शासन को बदल सकती हैं। हालांकि उन्होंने किसी देश या संगठन का नाम नहीं लिया। उन्होंने दावा किया कि



पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की अगुवाई वाली नेपाली कांग्रेस कुछ विदेशी शक्तियों के समर्थन से नई सरकार को विश्वासमत हासिल करने से पहले ही गिराने की कोशिश कर रही है। ओली ने कहा, हमारे मित्र सामने के दरवाजे से प्रवेश नहीं कर रहे हैं। वे हमारे अंदरूनी मामलों में दखल देने के लिए दीवार लांघकर आने की कोशिश कर रहे हैं जो संभव नहीं है। एक पड़ोसी से इस तरह की हरकत की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने हालांकि किसी देश का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि नेपालियों ने खुद ही नई सरकार का गठन करके बड़ी सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा, हम अपने आप ही सरकार बनाने में सक्षम हैं और मैं उनसे हमारे घरेलू मामलों में दखल नहीं देने की अपील करता हूं। ओली का बयान मीडिया की इन खबरों के बीच आया है कि नेपाली कांग्रेस ने प्रतिनिधि सभा में पांचवें सबसे बड़े दल के रूप में उभरी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेंद्र लिंगडेन को प्रधानमंत्री के पद की पेशकश की है। हालांकि नेपाली कांग्रेस ने इस खबर का खंडन किया है। प्रचंड को 26 दिसंबर को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी। उससे पहले वह नेपाली कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठजोड़ से नाटकीय ढंग से बाहर आ गए थे और विपक्षी नेता ओली के साथ हाथ मिला लिया था।

# इमरान को सत्ता से हटाने में बाजवा सक्रिय रूप से शामिल थे

## पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने किया दावा

**भाषा।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के नेता और पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने कहा है कि पिछले साल पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने अपने कुछ अहम जनरलों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री इमरान को उनके पद से हटाने में सक्रिय भूमिका निभाई थी। अविश्वास प्रस्ताव पर हुए मतदान में हार जाने के बाद खान (70) को पिछले साल अप्रैल में सत्ता से हटना पड़ा था। उसके बाद उन्होंने कहा था कि रूस, चीन और अफगानिस्तान पर उनकी सरकार ने जो स्वतंत्र विदेश नीति अपनाई थी, उसकी वजह से उन्हें निशाना बनाने के लिए अमेरिका द्वारा साचिश रची गई थी। अमेरिका ने आरोपों से इनकार किया था। शुक्रवार को बीबीसी के हार्डटॉक कार्यक्रम में साक्षात्कार के दौरान चौधरी ने मेजबान स्टीफन सैकर के इस बयान से असहमति भी जताई कि सैन्य प्रतिष्ठान ने पीटीआई के सत्ता में आने में मदद की थी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार ने इस साक्षात्कार के अंश को उद्धृत किया है और उनके हवाले से कहा है, पीटीआई को सत्ता में आने में 22 साल लग गए और मैं नहीं मानता कि सेना या कोई संस्था इतने लंबे समय तक आपका समर्थन कर सकती है। पूर्व मंत्री ने कहा, हम सत्ता में आए लेकिन, हां, हमें साजिश के तहत सत्ता से बेदखल कर दिया गया, जिसमें कुछ सैन्य जनरल शामिल थे और (सैन्य) प्रतिष्ठान ने इमरान खान को सत्ता से हटाने में बहुत सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने आरोप लगाया, पिछले सेना प्रमुख हमारी सरकार को हटाने में सक्रिय रूप से शामिल थे और दुर्भाग्य से यही तथ्य है। जनरल बाजवा (61) तीन–तीन साल के दो कार्यकाल के लिए पाकिस्तान की सेना का प्रमुख रहने के बाद पिछले साल 29 नवंबर को सेवानिवृत्त हो गए। वह 2016 में सेना प्रमुख नियुक्त किए गए थे और 2019 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान ने तीन साल के लिए उनका कार्यकाल बढ़ा दिया था। बाद में खान सेना के कड़े आलोचक बन गए। पचहत्तर साल पहले अस्तित्व में आए पाकिस्तान में आधे से अधिक समय तक देश पर शासन कर चुकी सेना का सुरक्षा एवं विदेश नीति के मामलों में काफी प्रभाव है। जब चौधरी का इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम के इस बयान की ओर ध्यान दिलाया गया कि खान ने सेना को अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के दौरान असंवैधानिक भूमिका निभाने के लिए कहा था।

## प्रिंस हैरी के साक्षात्कार से ब्रिटिश राज परिवार को करना पड़ सकता है आलोचनाओं का सामना

**भाष।** लंदन

**राजकुमार** हैरी के एक साक्षात्कार में साझा किए गए संस्मरण के बाद ब्रिटेन के शाही परिवार को अधिक आलोचनाओं का सामना करना पड़ सकता है। राजकुमार हैरी द्वारा ब्रिटिश चैनल आईटीवी को दिए गए साक्षात्कार का प्रसारण रविवार शाम को किया जाएगा। हालांकि, साक्षात्कार के सामने आए कुछ हिस्सों ने पहले ही दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा है। साक्षात्कार के प्रसारण से पहले जारी कुछ हिस्सों में राजकुमार हैरी ने पत्रकार टॉम ब्रैडबी से कहा कि वह 1997 में केवल एक बार तब रोए थे, जब उनकी मां राजकुमारी डायना का अंतिम संस्कार किया गया था। हैरी ने कहा कि जब उन्होंने और उनके भाई राजकुमार विलियम ने मां डायना के लंदन स्थित घर केंसिंग्टन पैलेस के बाहर शोक जताने जुटी भीड़ का अभिवादन किया तो उन्हें अपनी भावनाओं को सार्वजनिक तौर पर जाहिर नहीं करने को लेकर ग्लानि महसूस हुई।

# सेनेगल में बस दुर्घटना में 40 व्यक्तियों की मौत

**भाषा।** डकार (सेनेगल)

**सेनेगल में** एक बस दुर्घटना में कम से कम 40 व्यक्तियों की मौत हो गई और करीब 78 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी देश के राष्ट्रपति की ओर से रविवार को दी गई। राष्ट्रपति मैकी सॉल ने एक ट्वीट में कहा कि हादसा कैफरीन क्षेत्र के गनीवी गांव में तड़के करीब साढ़े तीन बजे हुआ। उन्होंने कहा, मैं गनीबी में आज हुए सड़क हादसे से बहुत दुखी हूं, जिसमें 40 लोगों की मौत हो गई और कई गंभीर रूप से घायल हो गए। मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने सोमवार से तीन दिनों के शोक की घोषणा की और कहा कि वह सड़क सुरक्षा उपायों पर चर्चा करने के लिए एक अंतर–मंत्रालई परिषद का आयोजन करेंगे। लोक अभियोजक शेख डिएंग ने कहा कि दुर्घटना राष्ट्रीय सड़क संख्या एक पर हुई जब एक सार्वजनिक बस का टायर पंक्चर हो गया और उक्त वाहन विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बस से टकरा गया। उन्होंने कहा कि कम से कम 78 लोग घायल हुए हैं जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। सोशल मीडिया पर आई दुर्घटना की तस्वीरों में एकदूसरे से टकराई क्षतिग्रस्त बसें और सड़क के किनारे मलबा दिखा। स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब सड़कों, खराब कारों और चालकों द्वारा नियमों का पालन नहीं करने के कारण पश्चिम अफ्रीकी देश में नियमित रूप से मोटर दुर्घटनाएं होती हैं।2017 में, दो बसों के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 25 व्यक्तियों की मौत हो गई थी।

## चीन में सड़क दुर्घटना में 19 लोगों की मौत

**बीजिंग।** पूर्वी चीन के जियांक्सी प्रांत में रविवार को एक ट्रक ने शवयात्रा में शामिल लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सरकारी मीडिया ने यहां एक संक्षिप्त खबर दी कि यह बड़ा सड़क हादसा नानचांग काउंटी में हुआ है तथा घायलों को अस्पताल ले जाया गया।इस हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब चीन ने चीनी नववर्ष और वसंत महोत्सव से पूर्व कोविड संबंधी पाबंदियां हटा ली हैं तथा देश के अंदर एवं बाहर की यात्राओं की अनुमति दे दी है। यह उत्सव 22 जनवरी से शुरू होने वाला है। चालीस दिनों का चुनयुन या वसंतोत्सव दुनिया का सबसे बड़ा मानव प्रवासन होता है। इस साल इस दौरान 20.9 लाख यात्रियों के यात्रा करने की संभावना है जो 2022 के स्तर से 99.5 फीसद अधिक है।

# एक कप कॉफी का जलवायु परिवर्तन पर प्रभाव

**एजेंसी।** क्यूबेक सिटी



**कॉफी की** वैश्विक खपत लगभग 30 वर्षों से लगातार बढ़ रही है। प्रति व्यक्ति औसत 2.7 कप कॉफी की दैनिक खपत के साथ, कॉफी अब कनाडा का सबसे लोकप्रिय पेय है। एक अनुमान के मुताबिक दुनिया भर में रोजाना करीब दो अरब कप कॉफी पी जाती है। इस मांग के कारण कॉफी तैयार करने के तरीकों में काफी विविधता आई है, जिसमें कॉफी कैप्सूल का निर्माण भी शामिल है।

इन कैप्सूल की लोकप्रियता ने जनता की राय को विभाजित कर दिया है क्योंकि इसे तैयार करने की विधि पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इसमें एकल–उपयोग वाली पैकेजिंग का उपयोग किया जाता है।

उत्पादों और सेवाओं के पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन करने पर काम कर रहे शोधकर्ताओं के रूप में, हम अक्सर कॉफी के कार्बन उत्सर्जन पर चर्चा करते हैं। हमने घर पर कॉफी तैयार करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कई तकनीकों के कार्बन उत्सर्जन का अध्ययन करने का फैसला किया, और यह पता चला कि कॉफी कैप्सूल सबसे बड़े कार्बन उत्सर्जक नहीं हैं। घर पर कॉफी तैयार करने से होने वाला प्रदूषण इसका एक छोटा सा हिस्सा है।इससे पहले कि आप एक कप कॉफी का आनंद ले सकें, यह कई चरणों से गुजरता है जिसमें कॉफी बीन्स (दाने) के कृषि उत्पादन, उनका परिवहन, बीन्स को भूनने और पीसने से लेकर, कॉफी के लिए पानी गर्म करना और कॉफी डालने के लिए प्यालों को धोना तक शामिल है। इन कदमों से संसाधनों का उपयोग होता है और ग्रीनहाउस गैसों (जीएचजी) का उत्सर्जन होता है। कॉफी तैयार करने के तरीकों में कार्बन उत्सर्जन की तुलना करने के लिए, उसके पूरे जीवन चक्र पर विचार करना महत्वपूर्ण है: कॉफी के उत्पादन से लेकर पैकेजिंग और मशीनरी के निर्माण तक, कॉफी की तैयारी और उत्पादित कचरे तक। हमने इसका और अध्ययन करने का निर्णय लिया और इस विषय पर व्यापक साहित्य समीक्षा की। फिर हमने 280 मिलीलीटर कॉफी तैयार करने के चार तरीकों की तुलना करके कॉफी के कार्बन उत्सर्जन को मापा, यानी : 1) पारंपरिक फिल्टर कॉफी (25 ग्राम कॉफी) 2) एनकैप्सुलेटेड फिल्टर कॉफी (14 ग्राम कॉफी) 3) ब्रूड कॉफी (फ्रेंच प्रेस)) (17 ग्राम कॉफी) 4) घुलनशील कॉफी (12 ग्राम कॉफी), जिसे इंस्टैंट कॉफी भी कहा जाता है। हमारे विश्लेषण से यह स्पष्ट रूप से पता चला कि पारंपरिक फिल्टर कॉफी में सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन होता है, मुख्यत: क्योंकि कॉफी की मात्रा का उत्पादन करने के लिए अधिक मात्रा में कॉफी पाउडर का उपयोग किया जाता है। यह प्रक्रिया पानी को गर्म करने और उसे गर्म रखने के लिए अधिक बिजली की खपत भी करती है।

## दक्षेस को सक्रिय करने का प्रयास कर रहा नेपाल

**काठमांडू।** नेपाल ने रविवार को कहा कि वह आठ सदस्ईय क्षेत्रीय समूह दक्षेस को सक्रिय करने का प्रयास कर रहा है जो 2016 से बहुत प्रभावी नहीं रहा है। नेशनल असेंबली के अंतर्गत नेशनल कंसर्न एंड कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में विदेश मंत्रालय के सचिव और प्रवक्ता भरत राज पौडेल ने कहा कि सभी सदस्य राष्ट्रों के बीच आम सहमति की कमी के कारण दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) को प्रभावी नहीं बनाया जा सका। माई रिपब्लिका अखबार ने पौडेल के हवाले से कहा, नेपाल इस संगठन को सक्रिय करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, हम दक्षेस की अध्यक्षता कर रहे हैं। हालांकि, ऐसे स्थान हैं जहां प्रक्रियाएं आगे नहीं बढ़ी हैं। इस बहुपक्षवाद और क्षेत्रवाद में कुछ बाधाएं हैं। उनमें से एक यह है कि जब हमने दक्षेस का गठन किया था, तो हम दक्षेस की संहिता को परिभाषित करते हुए एक मौलिक सिद्धांत पर सहमत हुए थे।

# पेशाब करने के आरोपी के पिता का घटना न होने का दावा हैरान करने वाला: सहयात्री

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**अमेरिका के** प्रसिद्ध श्रवण विज्ञानी डॉ. सुगत भट्टाचार्य ने कहा कि एअर इंडिया के विमान में एक महिला यात्री पर पेशाब करने वाले नशे में धुत व्यक्ति के पिता का यह कहना काफी हैरान करने वाला है कि संबंधित घटना हुई ही नहीं थी। उन्होंने कहा कि आरोपी होश में नहीं था और स्थिति से न निपटने के लिए पायलट जिम्मेदार है। डॉ. भट्टाचार्य 26 नवंबर को एअर इंडिया के न्यूयॉर्क से दिल्ली जा रहे विमान में महिला सहयात्री पर कथित तौर पर पेशाब करने के आरोपी शंकर मिश्रा की बगल वाली सीट पर बैठे थे। भट्टाचार्य ने फोन पर पीटीआई–भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, मैं इतना मुखर नहीं होता। मैंने इंतजार किया, लेकिन जब उसके पिता ने कहा कि यह नहीं हुआ तो इससे मैं हैरान रह गया। एक महिला की प्रतिष्ठा से खिलवाड़ किया गया। टाटा समूह का नाम खराब किया गया। यह कोई अच्छी घटना नहीं है। आखिरकार यह मेरा नैतिक दायित्व हो गया और मैंने सोचा कि सही के साथ खड़ा होना तथा शिकायत करना मेरा नैतिक दायित्व है और मैंने यही किया। मिश्रा के पिता ने पिछले सप्ताह कहा था कि उनका बेटा निर्दोष है तथा वह अपनी मां की उम्र की किसी महिला के साथ ऐसी हरकत नहीं कर सकता। दिल्ली पुलिस ने 34 वर्षीय मिश्रा को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली की एक अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। भट्टाचार्य ने एअरलाइन को एक लिखित शिकायत में कहा था कि प्रथम श्रेणी में चार सीट खाली होने के बावजूद परेशान यात्री को अपनी गंदी सीट पर वापस जाने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने कहा, पूरी घटना बहुत दुखद है। एक वरिष्ठ नागरिक की प्रतिष्ठा से महज इसलिए खिलवाड़ किया गया, क्योंकि एक युवक ने ज्यादा शराब पी ली थी।

PUBLIC NOTICE

I, Mahesh Kumar Gupta S/o Late Sh. Binda Singh Gupta aged 68yrs, R/o Flat No. E-702, Dwarka Dham Apartment, Plot No. 13, Sector-23, Dwarka, New Delhi-110075 have disowned my Elder Son Shailender Gupta & his wife Mrs. Neha of my free will from all my movable and immovable properties due to their abusive, violent behaviour, misconduct and temperament. He and his wife shall have no claim against me and my younger son & his family now and in future also. So, I severe all relations with them and disowns them absolutely.

THE MANOKAMNA CGHS LTD (GH-1404)
PLOT NO 16,SECTOR-18A,DWARKA, NEW DELHI-110078

PUBLIC NOTICE

This is in continuation of our previous Public Notice published in The Pioneer on Dated 04, April 2017. A last and final chance is given to those members who could not so far claim their Membership, are advised to present their claim of their membership with all relevant documents at society site office at Plot no 16, Sector 18A, Dwarka, New Delhi-110078.
Any person who has a surviving interest in the affairs of the society as its member but could not file his/her claim for certain reasons personnel to him/her and wishes to pursue his/her claim on the subject matter may do so on or before 24 Jan 2023.
**Please Note:** This is the last and final opportunity for lodging the membership claim, if the claim is not lodged by 24 Jan 2023 any request after this date shall not be entertained.
Place: Delhi
Date : 09.01.2023
PRESIDENT
THE MANOKAMNA CGHS LTD

# भारत में निवेश, नवाचार करें युवा प्रवासीः ठाकुर

**एजेंसी।** इंदौर

**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को युवा भारतीय प्रवासियों से भारत में निवेश करने, नवाचार शुरू करने, अपने विचारों को क्रियान्वित करने और देश की समस्याओं का समाधान करने में योगदान देने की अपील की।



उन्होंने कहा कि भारतीय युवाओं ने भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप देश बनाया है।

तीन दिवसीय प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा, भारत वर्ष 2022 में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। उसने उस देश (ब्रिटेन) को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की, जिसने 200 वर्षों तक उस पर राज किया।

उन्होंने कहा कि युवा प्रवासी भारतीय अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत से आगे बढ़ रहे हैं, पर उनके दिल में भारत बसता है। उन्होंने युवा भारतीय प्रवासियों को भारत में निवेश करने और अपने विचारों एवं नवाचारों को क्रियान्वित करने के लिए आमंत्रित किया।

ठाकुर ने कहा, बीते साल भारत स्टार्ट-अप के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया। उस समय जब पूरी दुनिया महामारी से लड़ रही थी, तब भारतीय युवाओं ने स्टार्ट-अप शुरू करने का अवसर देखा। उन्होंने कहा, भारत के युवाओं ने ही पिछले आठ वर्षों में भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप देश बनाने का काम किया है। आज देश में 80,000 से ज्यादा स्टार्टअप हो गए हैं।

ठाकुर ने कहा कि जब दुनिया कोविड-19 से लड़ रही थी, भारत के युवा अपने स्टार्टअप को यूनिकॉर्न का दर्जा देने का काम कर रहे थेअ आपदा के समय भी अवसर की बात युवाओं ने दिखाई और हमारी 50 स्टार्टअप को यूनिकॉर्न का दर्जा भी आपदा के समय मिला, ए भारत के युवाओं की शक्ति दिखाता है।

ठाकुर ने कहा, भारत आए युवा प्रवासी देश के अन्य युवाओं से जरूर मिलें और उनके साथ घूमने का प्रयास अवश्य करें। आप भारत में जितना घूमेंगे, भारत की विशेषताओं एवं समस्याओं को उतना अधिक समझेंगे। समस्याओं का समाधान करने में आप बहुत बड़ा सहयोग कर सकते हैं।

ठाकुर ने कहा कि युवा प्रवासी सम्मेलन न केवल जड़ों को जोड़ने का प्रयास है बल्कि नई संभावनाओं को भी आमंत्रित करता है। उन्होंने कहा कि पूरे देश ने प्रवासी भारतीयों को अपने दिल में जगह दी हैअ हम उनकी उपलब्धियों और देश के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने के जूनून का सम्मान करते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय युवाओं में वो जोश और जूनून है जो दुनिया के किसी भी कोने में जाए तो भारत का नाम हमेशा रोशन ही करेंगें। प्रवासी भारतीय इस दिशा में एक महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका सफलतापूर्वक निभा रहे हैं।

ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आगे बढ़ रहा है। भारत पूरे विश्व का पॉवर हाउस है। यह सफलता आप सबकी सफलता है।

केंद्रीय मंत्री ने युवा प्रवासी भारतीयों से आहवान किया कि भारत में कुछ समय बिताएं, चुनौतियों को समझकर प्रौद्योगिकी और विज्ञान के माध्यम से देश को आगे बढ़ाने में मदद करें।

इससे पहले, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में दीप प्रज्ज्वलित कर युवा प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम की शुरुआत की।

ऑस्ट्रेलियाई सांसद जेनेटा मैस्करेनहास युवा प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। वहीं, केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर, केंद्रीय खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रामाणिक और दुनिया के 70 से ज्यादा देशों से आए प्रवासी भारतीयों व गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन वर्ष 2019 के बाद पहली बार ऑफलाइन स्वरूप में आयोजित किया जा रहा है। वर्ष 2021 में पिछला प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन कोविड-19 महामारी के चलते ऑनलाइन आयोजित किया गया था।

सम्मेलन के 17वें संस्करण का विषय प्रवासी : अमृत काल में भारत की प्रगति के लिए विश्वसनीय भागीदार निर्धारित किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि लगभग 70 देशों में बसे 3,500 से अधिक प्रवासी भारतीयों ने इस सम्मेलन के लिए पंजीकरण कराया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को इस सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली इस सम्मलेन में मुख्य अतिथि, जबकि सूरीनाम गणराज्य के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी विशिष्ट अतिथि होंगे।

मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2023 प्रदान करने के साथ इस सम्मेलन के समापन सत्र की अध्यक्षता करेंगी।

## प्रवासी भारतीयों की पहचान इस बात से होती है कि वह अपनी जड़ों से कितने करीब से जुड़े हैंः जयशंकर

**एजेंसी।** इंदौर

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि प्रवासी भारतीयों की पहचान इस बात से होती है कि वे अपनी जड़ों से कितने करीब से जुड़े हैं और भारत का प्रयास अपनी संस्कृति और परंपराओं से लोगों को अवगत कराना है।



जयशंकर ने यहां युवा प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भारतीय हैं और कई सबसे प्रतिभाशाली हैं। उन्होंने कहा, शायद हमारे बारे में एक अनोखी बात यह है कि विदेशों में प्रवासी समुदाय और मातृभूमि के बीच गहरे संबंध हैं।

जयशंकर ने पिछली बार प्रवासी भारतीयों को दिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को भी याद किया, जिसमें मोदी ने कहा था कि हमारा तो खून का रिश्ता है, पासपोर्ट का नहीं।

मंत्री ने कहा, आज हम यहां इस रिश्ते की वजह से हैं।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर और ऑस्ट्रेलिया की सांसद जनेटा मैस्करेनहास ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

जयशंकर ने कहा कि भारत से बाहर रह रहे युवाओं के पास देश से जुड़े रहने के पहले से कहीं अधिक अवसर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार विदेशों में भारतीय संस्कृति और परपंराओं को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है। उन्होंने अबू धाबी के एक मंदिर की ओर इशारा करते हुए कहा, यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि विदेशों में हमारी श्रद्धा के केंद्र बढ़ रहे हैं और खासकर अबू धाबी में ऐसे ही एक केंद्र ने लोगों का खूब ध्यान खींचा है।




इंटरनेशनल काइट प्रतियोगता के आयोजन पर अहमदाबाद के आसमान पर पतंगो की रौनक

## परिवार तंत्र, मूल्य दुनिया को भारत का उपहार हो सकते हैं : होसबाले

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को कहा कि दुनिया परिवारिक मूल्यों को बचाने की दिशा में काम कर रही है और भारत दुनिया को परिवार तंत्र उपहार के रूप में दे सकता है। वह आरएसएस से प्रभावित एक संगठन विश्वमांगल्य सभा के कार्यालय भवन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

विश्वमांगल्य सभा , खास तौर से उसकी महिला पदाधिकारियों के काम की प्रशंसा करते हुए होसबाले ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमेशा से धर्म के माध्यम से लोक कल्याण और विश्व कल्याण के लिए काम करती रही है।

उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र सहित प्रत्एक संस्था, मातृत्व की रक्षा के बारे में सोच रही है। दुनिया के तमाम राजनीतिक दल अपने चुनावी घोषणापत्र में पारिवारिक मूल्यों की रक्षा के बारे में सोच रहे हैं। भारत परिवार तंत्र दुनिया को उपहार के रूप में दे सकता है। होसबाले ने कहा, अगर हम दुनिया को परिवार तंत्र देना चाहते हैं तो हमें आदर्श स्थिति में रहना होगा ताकि दुनिया हमारे उदाहरण को स्वीकार करे। लोगों को इस संबंध में समाज में जागरूकता पैदा करनी चाहिए और ऐसे आदर्श परिवार बनाने चाहिए।

## श्रीराम सेना के नेता गोलीबारी में घायल, तीन गिरफ्तार

**एजेंसी।** बेलगावी

**कर्नाटक** में बेलगावी के पास हिंडाल्गा गांव में श्री राम सेना के जिलाध्यक्ष रवि कोकिटकर पर कथित तौर पर पिस्तौल से गोली चलाने के मामले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

कोकिटकर और उनकी कार चला रहे एक व्यक्ति पर यात्रा के दौरान शनिवार रात हिंडाल्गा गांव में तीन हमलावरों ने पिस्तौल से गोली चलाई थी, जिसमें वे घायल हो गए थे।

श्रीराम सेना के प्रमुख प्रमोद मुतालिक ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि श्रीराम सेना के कार्यकर्ता हिंदुत्व के समर्थन में खड़े हैं और इस तरह के हमलों से भयभीत नहीं होंगे।

बेलगावी के पुलिस आयुक्त एम. बी. बोरलिंगैया ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में अभिजीत भातखंडे, राहुल कोडचवाड़ और ज्योतिबा मुतागेकर को गिरफ्तार किया है और तीनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने एक पिस्तौल जब्त की है, जिसका इस्तेमाल गोलीबारी की घटना में किया गया था। उन्होंने कहा कि अभिजीत ने एक गोली चलाई थी और उसके पास घटना में इस्तेमाल की गई पिस्तौल का लाइसेंस नहीं था।

आयुक्त ने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, आरोपी और पीड़ित दोनों के बीच कुछ अचल संपत्ति का मामला था। उन्होंने कहा कि 2020 में अभिजीत द्वारा शहापुर पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया था, जिसमें उसने कोकिटकर पर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, विस्तृत जांच जारी है।

**● श्रीराम सेना के कार्यकर्ता हिंदुत्व के समर्थन में खड़े हैं और इस तरह के हमलों से भयभीत नहीं होंगे।**

इससे पहले पुलिस ने दिन में कहा कि घटना शनिवार शाम साढ़े सात बजे के आसपास तब हुई जब कोकिटकर अपने चालक मनोज देसुरकर और दो अन्य के साथ अपनी कार में बेलगावी शहर से हिंडाल्गा जा रहे थे। अधिकारियों ने कहा कि स्पीड ब्रेकर के पास जब कार धीमी हुई, तो मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति वाहन के पास आए और उनमें से एक ने कोकिटकर पर गोली चला दी। उन्होंने कहा कि इसके बाद हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि हमलावर उनका पीछा कर रहे थे या घटनास्थल पर उनका इंतजार कर रहे थे।

अधिकारियों ने बताया कि गोली कोकिटकर की ठुड्डी पर लगी और वह घायल हो गए। उन्होंने कहा कि हाथ में गोली लगने से उनका चालक भी घायल हो गया। पुलिस ने कहा कि दोनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और दोनों खतरे से बाहर हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और बेलगावी ग्रामीण पुलिस इसकी जांच कर रही है। श्रीराम सेना के प्रमुख मुतालिक ने कहा कि संगठन और उसके कार्यकर्ता हिंदुत्व के समर्थन में खड़े हैं और ऐसी गोलियों या हथियारों से नहीं डरेंगे। उन्होंने पुलिस से हमलावरों को पकड़ने और उन्हें दंडित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होंगे क्योंकि घटना हिंडाल्गा जेल के पास हुई। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने इससे पहले दिन में हावेरी में पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि पुलिस अधिकारियों को घटना को गंभीरता से लेने और दोषियों को तुरंत पकड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि हिंसा किसी भी मतभेद का समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशासन प्रभाविों के इलाज का खर्च वहन करेगा और साथ ही दोषियों को जल्द गिरफ्तार करेगा।

# कॉलेज की पढ़ाई पूरी नही कर पाने का है अफसोसः अडाणी

**नई दिल्ली। एशिया** के सबसे धनी व्यक्ति गौतम अडाणी को अपनी कॉलेज की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाने का अब भी अफसोस है। वह 1978 में सिर्फ 16 साल की उम्र में औपचारिक शिक्षा बीच में ही छोड़कर अपनी किस्मत आजमाने के लिए मुंबई चले गए थे।



इसके तीन साल बाद उन्हें कारोबार में पहली कामयाबी मिली जब एक जापानी खरीदार को हीरे बेचने के लिए उन्हें कमीशन के तौर पर 10,000 रुपए मिले। इसके साथ ही एक उद्यमी के तौर पर अडाणी का सफर शुरू हुआ और आज वह दुनिया के तीसरे सर्वाधिक अमीर उद्यमी बन चुके हैं। फिर भी उन्हें कॉलेज की अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाने का अफसोस है।अडाणी ने गुजरात में विद्या मंदिर ट्रस्ट पालनपुर के 75 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शुरुआती अनुभवों ने उन्हें बुद्धिमान बनाया लेकिन औपचारिक शिक्षा ज्ञान का विस्तार तेजी से करती है।बनासकांठा के शुरुआती दिनों के बाद वह अहमदाबाद चले गए थे जहां उन्होंने माध्यमिक शिक्षा पूरी करने के लिए चार साल बिताए।उन्होंने कहा, मैं सिर्फ 16 साल का था, जब मैंने अपनी पढ़ाई छोड़ने और मुंबई जाने का फैसला किया... एक सवाल मुझसे अक्सर पूछा जाता है – मैं मुंबई क्यों चला गया और अपने परिवार के साथ काम क्यों नहीं किया? युवा इस बात से सहमत होंगे कि एक किशोर लड़के की उम्मीद और आजादी की इच्छा को काबू कर पाना मुश्किल है। मुझे बस इतना पता था कि – मैं कुछ अलग करना चाहता था और यह मैं अपने दम पर करना चाहता था। उन्होंने कहा, "मैंने रेलगाड़ी का एक टिकट खरीदा और गुजरात मेल से मुंबई जाने के लिए रवाना हो गया। मुंबई में मेरे चचेरे भाई प्रकाशभाई देसाई ने मुझे महेंद्र ब्रदर्स में काम दिलाया, जहां मैंने हीरों के व्यापार की बारीकियां सीखनी शुरू की। मैंने जल्द ही उस व्यवसाय को समझ लिया और लगभग तीन वर्षो तक महेंद्र ब्रदर्स के साथ काम करने के बाद मैंने झवेरी बाजार में हीरे का अपना ब्रोकरेज शुरू किया।

उन्होंने कहा, मुझे अभी भी वह दिन याद है, जब मैंने एक जापानी खरीदार के साथ अपना पहला सौदा किया था। मैंने 10,000 रुपए का कमीशन बनाया था। यह एक उद्यमी के रूप में उनकी यात्रा की शुरुआत थी। उन्होंने कहा, मुझसे एक और सवाल अक्सर किया जाता है कि क्या मुझे इस बात का कोई पछतावा है कि मैं कॉलेज नहीं गया। अपने जीवन और इसमें आए विभिन्न मोड़ों पर विचार करते हुए, मैं यह मानता हूं कि अगर मैंने कॉलेज की पढ़ाई पूरी की होती तो मुझे फायदा होता। मेरे शुरुआती अनुभवों ने मुझे बुद्धिमान बनाया, लेकिन अब मुझे एहसास होता है कि औपचारिक शिक्षा तेजी से किसी के ज्ञान का विस्तार करती है। अडाणी समूह के तहत आज दुनिया की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा कंपनी, भारत का सबसे बड़ा हवाई अड्डा और बंदरगाह हैं।



मुंबई के मरीन ड्राइव पर वेटरन डे परेड में शामिल सी कैडेट कार्प्स

## सीतारमण ने रेहड़ी-पटरी वालों, छोटे उद्यमियों को बांटे 2,500 करोड़ के कर्ज

**एजेंसी।** कोटा

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को यहां रेहड़ी-पटरी वालों, छोटे उद्यमियों और पशुपालकों को 2,500 करोड़ रुपए के कर्ज बांटे। उनके साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला भी मौजूद थे।



ए कर्ज प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना और पशुपालक किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं के तहत वितरित किए गए।

सीतारमण ने यहां दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत कर्ज की गारंटी खुद प्रधानमंत्री ने दी है, इसलिए किसी को भी गारंटी के लिए कोई दस्तावेज पेश करने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि पशुपालकों को कम-से-कम 68 करोड़ रुपए के ऋण दिए जा रहे हैं। कई अन्य लोगों को विभिन्न व्यवसाय और कृषि उद्देश्यों के लिए भी कर्ज दिए जा रहे हैं।

वित्त मंत्री ने महिलाओं से अपने क्षेत्रों में किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) बनाने और अपने गांवों में भंडारण और प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना के लिए बैंकों से कर्ज लेने का आग्रह किया।

इस अवसर पर स्थानीय सांसद बिड़ला ने रेहड़ी-पटरी वालों, छोटे उद्यमियों और पशुपालकों से काम बढ़ाने के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत कर्ज लेने की अपील की। उन्होंने कहा, हम एक नया आर्थिक तंत्र बनाना चाहते हैं और सबसे गरीब लोगों को सबसे मजबूत बनाना चाहते हैं।

## भाजपा ने तिरंगे पर टिप्पणी को लेकर महबूबा की आलोचना की

**एजेंसी।** श्रीनगर

**भारतीय** जनता पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई ने राष्ट्र ध्वज पर टिप्पणी को लेकर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती पर निशाना साधा और कहा कि तिरंगा देश का गर्व है और जो भी उस पर बुरी नजर डालेगा, उससे कड़ाई से निपटा जाएगा। गौरतलब है कि महबूबा ने टिप्पणी की थी कि केन्द्र सरकार राष्ट्र ध्वज को भगवा झंडे से बदल देगी। पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने कहा कि भाजपा का मंत्र है राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय और स्वयं तृतीय।



ठाकुर ने कहा, मुफ्ती फिर से दिन में सपने देख रही हैं और शायद सच्चाई से कोसो दूर हैं। भाजपा ध्वज ऊंचा लहरा रहा है और प्रत्एक भारतीय को भाजपा का हिस्सा बनकर गर्व हो रहा है।

उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता तो संसद में भाजपा के 300 से ज्यादा सांसद नहीं होते। मुफ्ती पर चुटकी लेते हुए ठाकुर ने कहा कि भाजपा का मंत्र है राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय और स्वयं तृतीय और ध्वज तथा संविधान को बदलने का सवाल ही नहीं उठता, ए देश का गौरव है।

उन्होंने कहा, सच्चाई यह है कि जो भी ध्वज की ओर बुरी नजर से देखेगा उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

ठाकुर ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी तिरंगे की शान में अपनी जान देने को तैयार हैं और यह बयान कि भाजपा ध्वज को बदलना चाहती है, इसका कोई औचित्य नहीं है।

## वामपंथियों ने इतिहास को विकृत किया, फिर से लिखने की जरूरत : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने वामपंथी इतिहासकारों पर भारतीय इतिहास को पराजय और समर्पण की कहानी बताकर उसे विकृत करने का आरोप लगाया और कहा कि देश की विजयगाथा को दर्ज करने के लिए इतिहास फिर से लिखा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वामपंथी विचारधारा के लोग दशकों तक राज्य को भाषाई आधार पर विभाजित करने की कोशिश करते रहे हैं और लोगों को अपनी धार्मिक समानताएं अपनाकर ऐसी कोशिशों को हराना चाहिए।

यहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 28वें राज्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, वामपंथियों ने हमेशा हमारे इतिहास को विकृत करने की कोशिश की है क्योंकि वह भारत को पराजित जाति के रूप में दिखाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने उन राजाओं और नायकों को नजरअंदाज किया जिन्होंने विरोध किया और मुगल हमलों को सफलतापूर्वक शिकस्त दी और केवल उनके बारे में लिखा जो पराजित हुए थे। उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह, छत्रपति शिवाजी, दुर्गा दास राठौड़ और लचित बोरफुकान के उदाहरण दिए जिन्होंने मुगल सेनाओं के खिलाफ सफल अभियान चलाया। उन्होंने आरोप लगाया कि वामपंथी इतिहासकारों ने इतिहास लिखते समय उनके कारनामों को छोड़ दिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि इतिहास को नए सिरे से लिखा जाए। उन्होंने कहा, हमें इतिहास के छात्रों को इसे फिर से लिखने के लिए प्रेरित करना चाहिए जो पराजय और गुलामी की कहानी न हो बल्कि गौरव और उपलब्धि की कहानी हो।

## गठबंधन की चर्चा के बीच जन सेना प्रमुख पवन कल्याण ने चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की

**एजेंसी।** अमरावती

**जन** सेना प्रमुख के. पवन कल्याण ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू से रविवार को मुलाकात की और स्पष्ट संकेत दिया कि दोनों पार्टियां आंध्र प्रदेश को वाई. एस. जगन मोहन रेड्डी शासन को सत्ता से सत्ता से हटाकर राज्य में एक जवाबदेह शासन लाने के लिए फिर से गठबंधन की ओर बढ़ रही हैं। हालांकि, दोनों नेताओं ने कहा कि आंध्र प्रदेश में लोकतंत्र को बचानौ उनका मुख्य उद्देश्य है और (तेदेपा और जन सेना के बीच) संभावित गठबंधन का मुद्दा बाद में आएगा।



दोनों नेताओं ने दो घंटे की बैठक के अंत में संवाददाताओं से कहा, आंध्र प्रदेश में स्थिति अभी आपातकाल से भी बदतर है। हम आंध्र प्रदेश में लोकतंत्र को बचाने के लिए सभी (विपक्षी) ताकतों के साथ काम करेंगे। हम इस मुद्दे को केंद्र के संज्ञान में लाएंगे क्योंकि ऐसी स्थितियों में हस्तक्षेप करने का उसे पूरा अधिकार है।

नेताओं ने कहा कि उन्होंने विस्तृत मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें विवादास्पद जीओ नंबर।, सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों में कटौती, धान किसानों को लाभकारी मूल्य का भुगतान न करना, विपक्ष पर अंकुश लगाना आदि शामिल हैं।

जन सेना और तेदेपा के बीच संभावित गठबंधन संबंधी एक प्रश्न पर तेदेपा प्रमुख नायडू ने कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा तब की जा सकती है जब लोकतंत्र सामान्य रूप से काम कर रहा हो। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, कई संयोजन होंगे। अतीत में, हमने 2009 में (तत्कालीन) तेलंगाना राष्ट्र समिति के साथ गठबंधन किया था। (बाद में) मतभेद हो सकते हैं लेकिन गठबंधन पर केवल तभी चर्चा की जा सकती है जब लोकतंत्र और राजनीतिक दलों को सामान्य रूप से कार्य करने दिया जाए।

कल्याण ने कहा कि उन्होंने इस पर विस्तार से चर्चा की कि राज्य के भविष्य के लिए क्या करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी के साथ जवाबदेह शासन लाना उनका मुख्य कार्य है। कल्याण ने कहा कि वह अपनी सहयोगी भाजपा के साथ भी इस मुद्दे को उठाएंगे।

जन सेना प्रमुख ने यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया कि मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी को हराने के लिए 2024 के चुनावों में आंध्र प्रदेश में विपक्ष का वोट विभाजित नहीं हो।

## असम के लखीमपुर में 500 हेक्टेयर वन भूमि को खाली कराने के लिए चलेगा अभियान

**लखीमपुर (असम)।** असम के लखीमपुर जिले में 500 हेक्टेयर से अधिक वन भूमि को खाली कराने के लिए प्रशासन मंगलवार को अभियान चलाएगा। इस अभियान से करीब 100 परिवार प्रभावित हो सकते हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों ने अभियान के लिए रविवार को मॉक ड्रिल की। पावा आरक्षित वन की 2,560.25 हेक्टेयर में से केवल 29 हेक्टेयर जमीन ही इस समय किसी भी प्रकार के अतिक्रमण से मुक्त है। अधिकारियों ने कहा कि पहले चरण के तहत 10 जनवरी की कवायद में आधासोना और मोहाघुली गांवों में 500 हेक्टेयर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।

मई 2021 में सत्ता संभालने के बाद से हिमंत बिश्व शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार राज्य में अलग-अलग जगहों पर बेदखली अभियान चला रही है। पिछले महीने इस तरह के दो अभियान चलाए गए थे। नगांव के बटाद्रवा में 19 दिसंबर अभियान में 5,000 से अधिक कथित अतिक्रमणकारियों को हटा दिया गया था। सितंबर, 2021 में दरांग जिले के ढालपुर क्षेत्र में भी बेदखली अभियान चलाया गया, जिसके कारण हिंसा हुई। घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। लखीमपुर के मंडल वन अधिकारी (डीएफओ) अशोक कुमार देव चौधरी ने कहा कि पहले चरण में 10 जनवरी को आधासोना और मोहाघुली गांवों में पावा आरक्षित वन क्षेत्र को खाली करने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

# देर से पदार्पण, संघर्षों ने रनों की भूख बढ़ाई : सूर्यकुमार

भाषा। राजकोट



**सूर्यकुमार यादव** जब भारत के लिए पदार्पण कर रहे थे तब उनकी उम्र 30 साल से ज्यादा थी लेकिन इस तेजतर्रार बल्लेबाज का कहना है कि देर से चयन ने उनके संकल्प को और मजबूत किया और शीर्ष स्तर पर सफलता की उनकी भूख बढ़ा दी। सूर्यकुमार ने सबसे छोटे प्रारूप में एक और अविश्वसनीय पारी खेलते हुए श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में 51 गेंद में नाबाद 112 रन की पारी खेली जिससे भारत ने 91 रन की जीत के साथ श्रृंखला 2-। से अपने नाम की। सूर्यकुमार ने भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से कहा, इससे मेरी (रनों की) भूख अब और बढ़ गई है। मेरा मतलब है कि मैंने जितनी घरेलू क्रिकेट खेली है, मैंने हमेशा अपने राज्य मुंबई के लिए खेलने का लुत्फ उठाया है और मैंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास किया है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा, यहां भी बल्लेबाजी का आनंद लिया। हां, पिछले कुछ वर्षों में यह थोड़ा चुनौतीपूर्ण था लेकिन मैं खुद से कहता रहा कि तुम इस खेल को क्यों खेलते हो, इसका आनंद लो, इस खेल के प्रति जुनून ने मुझे आगे बढ़ाया इसलिए मैं आगे बढ़ता रहा। दोनों के बीच बातचीत का आयोजन बीसीसीआई टीवी ने किया था। द्रविड़ ने हल्के-फुल्के अंदाज में बातचीत की शुरुआत करते हुए कहा, यह अच्छा है कि यहां मेरे साथ कोई है, जिसने बचपन में मुझे बल्लेबाजी करते हुए नहीं देखा। इस पर सूर्यकमार ने जवाब दिया, नहीं, मैंने देखा (आपको बल्लेबाजी करते हुए) है। जिस तरह से द्रविड़ ने अपनी क्रिकेट खेली सूर्यकुमार की बल्लेबाजी उसके बिलकुल विपरीत है और भारत के पूर्व कप्तान भी उसी ओर इशारा कर रहे थे। द्रविड़ ने फिर पूछा कि क्या वह एक या दो पारियां चुन सकते हैं जो उन्हें लगता है कि उनकी सर्वश्रेष्ठ हैं। वास्तव में मेरे लिए किसी एक पारी को चुनना मुश्किल है। मैंने उन सभी कठिन परिस्थितियों में बल्लेबाजी का आनंद लिया जहां मैं बल्लेबाजी करने गया था। मैंने पिछले एक साल में जो कुछ भी किया वहां मैंने सिर्फ अपने खेल का आनंद लिया। मैं फिर वही काम कर रहा हूं। जैसा कि मैंने पहले भी कहा था, मैं जितना संभव हो आनंद लेने और खुद को जाहिर करने की कोशिश करता हूं। उन कठिन परिस्थितियों में टीम मैच जीतने की कोशिश करती हैं। मैं मैच में टीम को बनाए रखने की कोशिश करता हूं। अगर यह मेरे और टीम के लिए अच्छा काम करता है तो मैं खुश हूं। सूर्यकुमार ने हाल के दिनों में अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार को और द्रविड़ को भी दिया। यह बल्लेबाज जब भारत ए स्तर पर अपनी जगह पक्की कर रहा था तब द्रविड़ उस टीम के प्रभारी थे। अब तक की मेरी क्रिकेट यात्रा में परिवार की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है। जब मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया तो वे ही थे जिन्होंने मेरी मदद की। मेरे पिताजी एक इंजीनियर हैं इसलिए मेरे परिवार में खेल का कोई इतिहास नहीं है। मुझे थोड़ा अलग होना पड़ा जिससे कि उन्हें मेरे अंदर चिंगारी दिखे और वह मेरा साथ दें। उन्होंने और जाहिर तौर पर मेरी पत्नी ने काफी त्याग किया है। हमारी शादी के बाद से वह पोषण और फिट रहने के मामले में मेरे ऊपर काफी जोर दे रही है।

## बस सुनिश्चित किया कि युवा खिलाड़ी इस स्तर पर खेलने के हकदार हैः पंड्या

**राजकोट।** युवा टीम की कप्तानी करना आसान नही होता लेकिन एशियाई चैम्पियन श्रीलंका पर टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला मे 2-। की जीत के दौरान भारत की कप्तानी करने वाले हार्दिक पंड्या का मानना है कि यह इतना मुश्किल नही था क्योंकि उन्हे सिर्फ यह सुनिश्चित करना था कि वे इस स्तर पर खेलने के हकदार है। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ पंड्या के नेतृत्व मे भारतीय टीम ने एक नए युग की शुरुआत की है। पंड्या ने यहां श्रृंखला जीतने के बाद कहा, यह वास्तव मे उतना मुश्किल नही है। मेरे लिए चीजे काफी आसान हो जाती है जब अनुभवी खिलाड़ी होते है, मै उनसे ज्यादा कुछ नही कहता। वे इस स्तर पर खेल रहे है क्योंकि उन्होने अपने जीवन मे बहुत अच्छी चीजे की है। भारतीय टीम मे रोहित शर्मा, लोकेश राहुल और विराट कोहली के रूप मे तीन सीनियर बल्लेबाज शामिल नही थे जबकि श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा, भुवनेश्वर कुमार, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी भी विभिन्न कारणों से श्रृंखला का हिस्सा नही थे। भारत ने मुंबई मे पहले मैच मे दासुन शनाका की अगुआई वाली श्रीलंका की टीम को दो रन से हराकर शुरुआत की। पुणे मे दूसरे मैच मे भारत 207 रन के कड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए हार गया जबकि निर्णायक मैच मे सूर्यकुमार यादव की 51 गेंद मे नाबाद 112 रन की पारी से मेजबान ने पांच विकेट पर 228 रन बनाए। इसके जवाब मे श्रीलंका की टीम 16.4 ओवर मे 137 रन पर ढेर हो गई। युवा टीम का समर्थन करते हुए भारत के नए कप्तान ने कहा कि वे गलतियां करेंगे लेकिन यह उन्हे स्वीकार करने और सीखने के बारे मे है। पंड्या ने कहा, प्रबंधन मुश्किल नही है लेकिन हां, यह एक युवा टीम है। वे गलतियां करेंगे, वे इससे सीखेंगे। हमने इस पर जोर दिया है कि एक बार जब आप गलती करते है तो आप सुनिश्चित करे कि आप इससे सीखे। इसमे चीजों को स्वीकार करना बेहद महत्वपूर्ण है। यदि आप इसे स्वीकार नही करते तो फिर चीजे काफी मुश्किल हो जाती है। लेकिन जब एक युवा टीम होती है तो मै सिर्फ उन्हे आत्मविश्वास देकर मदद कर सकता हूं। कैसे सुनिश्चित करे कि वे एक स्तर पर है, जब वे यहां खेल रहे है, तो उन्हे लगना चाहिए कि वे यहां खेलने के हकदार है। आतिशी शतक जड़ने वाले सूर्यकुमार की प्रशंसा करते हुए पंड्या ने कहा, आज मैने महसूस किया कि यह सूर्यकुमार बनाम श्रीलंका मुकाबला था। इससे मेरे लिए चीजे आसान हो जाती है। मै हमेशा कहता हूं कि सफेद गेंद के क्रिकेट मे सूर्यकुमार जैसा कोई खिलाड़ी हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। जिस तरह से वह कुछ शॉट खेलता है, जिस तरह से वह मैच को बदलता है, यह वास्तव मे गेंदबाज का मनोबल तोड़ता है और इससे दूसरे बल्लेबाज को भी मदद मिलती है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने पहले ही ओवर मे इशान किशन का विकेट गंवा दिया लेकिन उसके बाद राहुल त्रिपाठी ने 16 गेंद मे 35 रन बनाकर मेजबान टीम को लय दी और पंड्या ने महाराष्ट्र के बल्लेबाज सराहना की। राहुल त्रिपाठी का भी विशेष उल्लेख, उन्होने जिस तरह का इरादा दिखाया वह कुछ ऐसा है जो उनके लिए बहुत स्वाभाविक है। यह मैच की लय को बदल सकता है। अगर आप शुरुआती कुछ ओवरो मे भांप ले कि गेंद मूव कर रही है और बाहर बैठे लोगों को भी लगे कि विकेट मे कुछ मदद है। लेकिन इसके बावजूद उसके इरादे के कारण गेंद मूव होना बंद हो गई। उन्होंने अपनी लेंथ बदल दी और फिर यह सब ऐसा था जैसे वे मैच मे पीछा ही कर रहे है। कुल मिलाकर सूर्यकुमार और त्रिपाठी ने शानदार बल्लेबाजी की। टीम इंडिया के आक्रामक रुख के बारे मे उन्होने कहा, ऐसा नही है कि हम हिटिंग के मामले मे हमेशा आक्रामक खेलते है। ऐसा भी हो सकता है कि हम ऐसे ही खेले लेकिन अंत मे 150 रन ही बना पाएं। लेकिन जो महत्वपूर्ण है वह इरादा है, आप बाउंड्री की तलाश करते है लेकिन जब एक अच्छी गेंद होती है।

# गुजरात में नेहरा ने मेरी कप्तानी में बड़ा अंतर पैदा किया : पंड्या



भाषा। राजकोट

**हार्दिक पंड्या** ने पिछले साल पहले ही सत्र में गुजरात टाइटंस को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिताब दिलाने के बाद से पीछे मुड़कर नहीं देखा और नए भारतीय टी20 कप्तान ने अपनी कप्तानी में बड़ा अंतर पैदा करने के लिए अपने फ्रेंचाइजी कोच आशीष नेहरा को श्रेय दिया। चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद इस प्रमुख ऑलराउंडर को गुजरात की टीम ने पहले ही साल में कप्तान बनाकर साहसिक कदम उठाया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान सिर्फ एक बार सीनियर स्तर पर भारतीय टीम की अगुआई करने वाले पंड्या ने हालांकि अपने विरोधियों को गलत साबित किया और उदाहरण पेश किया। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीत के साथ भारत के 2-। से श्रृंखला जीतने के बाद पंड्या ने कहा, गुजरात के दृष्टिकोण से जो बहुत महत्वपूर्ण है वह यह है कि मैंने किस तरह के कोच के साथ काम किया। आशीष नेहरा ने हमारी मानसिकता के कारण मेरे जीवन में बड़ा अंतर पैदा किया। हम दो अलग-अलग व्यक्तित्व हो सकते हैं लेकिन हमारे क्रिकेट के विचार बहुत समान हैं। क्योंकि मैं उनके साथ था, इसने मेरी कप्तानी को बेहतर किया। इससे मुझे ठीक वही हासिल करने में मदद मिली जो मैं जानता हूं। यह सिर्फ आश्वासन हासिल करने के बारे में था, एक बार जब मुझे वह मिल गया। इस खेल के बारे में जागरूकता जो मैं हमेशा से जानता था। यह उसे जानने और उसका समर्थन करने से जुड़ा था जो मैं पहले से जानता था। इसने निश्चित रूप से मेरी मदद की है। श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम के ऑस्ट्रेलिया में सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप जीतने में नाकाम रहने पर भारतीय चयनकर्ताओं ने टीम में बड़ा बदलाव किया।

### राउंडग्लास पंजाब और गोकुलम केरला जीते

**पंचकूला।** राउंडग्लास पंजाब ने अपने घरेलू मैदान पर अजेय अभियान जारी रखते हुए रविवार को यहां आईलीग फुटबॉल टूर्नामेंट मे नेरोका एफसी को 3-। से हराया जबकि गोकुलम केरला ने चर्चिल ब्रदर्स को।-0 से मात दी। विजेता टीम की ओर से लुका मेसेन, ब्रेंडन वानलालरेमडिका और कृष्णानंदा सिंह ने गोल दागे। नेरोका एफसी की ओर से एकमात्र गोल युमनाम गोपी सिंह ने किया। इस जीत से राउंडग्लास पंजाब एफसी की टीम अंक तालिका मे श्रीनिधि डेक्कर एफसी के बाद दूसरे स्थान पर बनी हुई है।

### राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हादसे से रेसर के ई कुमार की मौत

**चेन्नई।** मशहूर रेसर के ई कुमार की एमआरएफ एमएमएससी एफएमएससीआई भारतीय राष्ट्रीय कार रेसिंग चैम्पियनशिप के दूसरे दौर के दौरान मद्रास इंटरनेशनल सर्किट पर हुए हादसे के कारण मौत हो गई। दुर्घटना उस समय हुई जब कुमार की कार सुबह सलोन कार रेस के दौरान दूसरे प्रतिद्वंद्वी की कार से टकरा गई। कार ट्रैक से छिटककर घेरे से टकराई और नीचे गिर गई।

### डेविस ने डब्ल्यूबीए लाइटवेट खिताब बरकरार रखा

**वाशिंगटन।** जेर्वोंटा डेविस ने शनिवार को यहां आठ दौर के बाद तकनीकी नॉकआउट से हेक्टर लुईस गार्सिया को हराकर अपने डब्ल्यूबीए विश्व लाइटवेट चैम्पियनशिप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। डेविस ने 26वे नॉकआउट के साथ लगातार 28वी जीत दर्ज की। उन्होने धीमी शुरुआत के बाद वापसी करते हुए गार्सिया को हराया जिनकी 17वे पेशेवर मुकाबले मे यह पहली हार है। गार्सिया ने डेविस को कड़ी टक्कर दी लेकिन वह नौवें दौर मे धाराशाई हो गए।

### क्रिकेटरों को भी सुनना चाहतें हैं लोग

**नई दिल्ली।** आप की अदालत के रजत शर्मा ने पिछले महीने दर्शकों से देश के दिग्गजों के नाम देने को कहा था जिन्हें वे आप की अदालत के नए एपिसोड में देखना चाहते हैं और इस सूची में सबसे ऊपर गौतम अडानी का नाम था। दर्शकों की इस इच्छा सूची में चोटी के क्रिकेटर, राजनेता, धर्मगुरु और भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार शामिल हैं। कई अन्य नामचीन हस्तियों के नाम शामिल हैं जो आने वाले सप्ताह में आप की अदालत् के नए एपिसोड में दर्शकों से रू.ब.रू होंगे। शनिवार की रात टेलीविजन रजत शर्मा शो आप की अदालत में दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अडानी आए। गौतम अडानी रजत शर्मा के सवालों का जवाब दिया। सबसे लंबे समय तक चले इस टीवी शो के नए एपिसोड के साथ रजत शर्मा की वापसी बहुत दिलचस्प रही। अडानी आमतौर पर टीवी इंटरव्यू देने से बचते हैं हालांकि बतौर गेस्ट इस शो में शिरकत करने की हामी भर दी है। वे अपने कॉर्पोरेट ग्रुप से जुड़े विवादों को लेकर रजत शर्मा के तमाम पेचीदा सवालों के जवाब देंगे।

### राउंडग्लास पंजाब एफसी ने नेरोका एफसी को हराया

**पंचकूला।** राउंडग्लास पंजाब ने अपने घरेलू मैदान पर अजेय अभियान जारी रखते हुए रविवार को यहां आईलीग फुटबॉल टूर्नामेंट में नेरोका एफसी को 3-। से हराया। विजेता टीम की ओर से लुका मेसेन, ब्रेंडन वानलालरेमडिका और कृष्णानंदा सिंह ने गोल दागे। नेरोका एफसी की ओर से एकमात्र गोल युमनाम गोपी सिंह ने किया। इस जीत से राउंडग्लास पंजाब एफसी की टीम अंक तालिका में श्रीनिधि डेक्कर एफसी के बाद दूसरे स्थान पर बनी हुई है।

# फॉलोआन के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने तीसरा टेस्ट ड्रॉ कराया

भाषा। सिडनी



**ऑस्ट्रेलिया** को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के लिए रविवार को यहां अंतिम दिन 14 विकेट की दरकार थी लेकिन मेजबान टीम छह ही विकेट हासिल कर सकी जिससे तीसरा और अंतिम टेस्ट ड्रॉ रहा। मौसम से प्रभावित मैच के अंतिम दिन धूप खिली लेकिन दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 255 रन पर समेटकर फॉलोआन के लिए मजबूर करने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया को ड्रॉ से संतोष करना पड़ा और टीम ने श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में कप्तान डीन एल्गर (10) और हेनरिक क्लासेन (35) के विकेट गंवाकर दो विकेट पर 106 रन बनाए तब दोनों टीम मैच ड्रॉ कराने पर सहमत हो गईं। इस समय सलामी बल्लेबाज सेरेल इर्वी 42 जबकि तेंबा बावुमा 17 रन बनाकर खेल रहे थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी चार विकेट पर 475 रन बनाकर घोषित की थी। ऑस्ट्रेलिया ने लंच के बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी को समेटकर विरोधी टीम को फॉलोआन दिया। दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस (16 रन पर एक विकेट) ने एल्गर को पवेलियन भेजा। एल्गर ने मौजूदा श्रृंखला की छह पारियों में सिर्फ 56 रन बनाए। उन्होंने 3, 2, 26, 0, 15 और 10 रन की पारियां खेली। जोश हेलवुड (नौ रन पर एक विकेट) ने क्लासेन की पारी का अंत किया लेकिन इर्वी और बावुमा ने मैच ड्रॉ करा दिया। दक्षिण अफ्रीका का 47 मैच में यह पहला ड्रॉ है। इससे पहले हेजलवुड ने 48 रन पर चार विकेट चटकाए जिससे ऑस्ट्रेलिया ने अंततः दक्षिण अफ्रीका के निचले क्रम को समेटकर टीम को 255 रन पर आउट किया जो फॉलोआन बचाने के स्कोर से 20 रन कम थे।

### अमेरिका ने इटली को हराकर पहला यूनाईटेड कप जीता

**सिडनी।** अमेरिका ने रविवार को यहां मिश्रित टेनिस टीम टूर्नामेंट पहले यूनाईटेड कप में इटली पर आसान जीत के साथ खिताब अपने नाम किया। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज ने बेस्ट ऑफ फाइव मुकाबले के तीसरे पुरुष एकल मैच में विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट माटियो बेरेटिनी को 7-6 (4), 7-6 (7) से हराकर अमेरिका को 3-0 की विजई बढ़त दिलाई। इससे पहले जेसिका पेगुला ने महिला एकल में मार्टिना ट्रेविसान को 6-4, 6-2 से हराकर अमेरिका को।-0 से आगे किया था। अमेरिकी ओपन 2022 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले फ्रांसेस टियाफो ने अमेरिका की बढ़त को 2-0 किया जब पहला सेट 2-6 से गंवाने के बाद लोरेंजो मुसेटी कंधे की चोट के कारण मैच से हट गए।

# शिक्षण एक पेशा ही नही कला है : धोनी



भाषा। कासरगोड

**भारतीय क्रिकेट** टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि शिक्षण एक पेशा ही नहीं बल्कि कला है जिसमें आप छात्रों को अनुशासित करके तराशते हैं। उन्होंने मशहूर तकनीक और शिक्षाविद प्रोफेसर के के अब्दुल गफ्फार की आत्मकथा के विमोचन के मौके पर यह बात कही। धोनी ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम में प्रोफेसर गफ्फार की आत्मकथा अनजान साक्षी का विमोचन किया। दुबई स्वास्थ्य प्राधिकरण के सीईओ मारवान अल मुल्ला को किताब की पहली प्रति धोनी ने भेंट की। इस मौके पर धोनी ने कहा , एक शिक्षक को अपने छात्रों को समझाने के लिए हर चीज सरल करनी होती है। हर छात्र का आई क्यू स्तर अलग होता है और आपको सभी को समझाना होता है। मुझे लगता है कि यह एक पेशा ही नहीं बल्कि कला है। इसमें आप छात्रों को अनुशासित करके उनके मजबूत और कमजोर पक्ष बताते हैं। मैं हमेशा से अपने स्कूल के शिक्षकों का बड़ा प्रशंसक रहा हूं। मैं कभी कॉलेज नहीं गया लेकिन मुझे लगता है कि मैने जीवन में अच्छा ही किया। धोनी अपने करीबी मित्र डॉक्टर शाजिर गफ्फार के पिता की आत्मकथा के विमोचन के लिए खास तौर पर रांची से यहां आए थे।

### अनाहत सिंह ने अंडर 15 ब्रिटिश ओपन स्क्वाश खिताब जीता

भाषा। बर्मिंघम

**भारत की** उदीयमान स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने ब्रिटिश जूनियर ओपन में लड़कियों का अंडर 15 खिताब जीत लिया। पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की सबसे युवा खिलाड़ी 14 वर्ष की अनाहत ने मिस्र की सोहेला हाजिम को फाइनल में 3-1 से हराया। ब्रिटिश जूनियर ओपन हर साल जनवरी में होता है। इस बार कोरोना महामारी के कारण इसका आयोजन दो साल बाद हुआ है। क्वार्टर फाइनल में अनाहत ने मलेशिया की हरलीन टेन को 3-0 से हराया था जबकि सेमीफाइनल में मिस्र की मालक समीर को 3-0 से मात दी थी। अनाहत ने 2019 में अंडर 11 खिताब जीता था और एक साल बाद अंडर 13 वर्ग में उपविजेता रही थी। अब भारतीय खिलाड़ी फरवरी में चेन्नई में होने वाली एशियाई जूनियर टीम चैम्पियनशिप की तैयारी करेगी।

# भारत के खिलाफ बड़ी श्रृंखला के लिए सभी पहलुओं पर पूरी तैयारी करना चाहते हैं कमिंस

भाषा। सिडनी

**आस्ट्रेलिया** के कप्तान पैट कमिंस भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली बड़ी श्रृंखला के लिए तैयारी पक्की करना चाहते हैं और उनका मानना है कि स्पिनर नाथन लियोन के अलावा एश्टोन एगर और ट्रेविस हेड भी गेंदबाजी की धुरी होंगे। आस्ट्रेलिया ने यहां दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट श्रृंखला में 2 . 0 से हराया। अब भारत के खिलाफ नौ फरवरी से नागपुर में शुरू हो रही चार मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी शुरू करनी होगी। कमिंस ने मैच के बाद कहा , यह बड़ी श्रृंखला है और हम अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारना चाहते हैं। एगर बाएं हाथ का स्पिन गेंदबाज है और वह भारत जरूर जाएगा। हमने उसे ट्रायल के लिए टीम में नहीं रखा था। भारत की विकेट अलग है और वहां ऐसा गेंदबाज काफी उपयोगी साबित होता है। उन्होंने कहा , ट्रेविस अलग तरह का आफ स्पिनर है और वह हमारे लिए काफी मददगार हो सकता है। मैं उसके प्रदर्शन से खुश हूं और वह टीम का हिस्सा होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन से हटी नाओमी ओसाका

भाषा। मेलबर्न



**दो बार** की चैंपियन नाओमी ओसाका ने पुष्टि की है कि वह सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेलेंगी। आयोजकों ने रविवार को ट्वीट करके पुष्टि की कि 2019 और 2021 की चैंपियन जापान की ओसाका ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हिस्सा नहीं लेंगी। आयोजकों ने ट्वीट किया, नाओमी ओसाका ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई हैं। हमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2023 में उनकी कमी खलेगी। पच्चीस साल की ओसाका विश्व रैंकिंग में 47वें स्थान पर खिसक गई हैं और वह सितंबर में तोक्यो में दूसरे दौर में हटने के बाद से नहीं खेली हैं। ओसाका की जगह डेयाना यास्त्रेमस्का को मुख्य ड्रॉ में जगह दी गई है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 16 जनवरी से शुरू होगा और पहले ही कई अहम खिलाड़ी टूर्नामेंट से हट चुके हैं। दुनिया के नंबर एक पुरुष खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज टखने की चोट के कारण शनिवार को टूर्नामेंट से हट गए। पूर्व फाइनलिस्ट सिमोना हालेप भी इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेलेंगी जबकि वीनस विलियम्स ने भी ऑकलैंड में अभ्यास के दौरान

### सबालेंका को ट्राफी

**एडीलेड।** दूसरी वरीय एरीना सबालेंका ने रविवार को यहां महिला फाइनल में क्वालीफायर लिंडा नोसकोवा को सीधे सेट मे हराकर अपना 11वां डब्यूटीए टूर एकल और लगभग दो साल मे पहला एकल खिताब जीता। सबालेंका ने डब्यूटीए स्तर पर पहली बार फाइनल में जगह बनाने के दौरान तीसरी वरीय दारिया कसात्किना और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका को हराने वाली 18 साल की नोसकोवा को 6-2 7-6 से हराया। सबालेंका ने अपनी खिताबी जीत के दौरान पूरे टूर्नामेंट मे एक भी सेट नही गंवाया।

# भारत के विनोद कुमार और कीनिया की किमितवाई ने चेन्नई मैराथन खिताब जीते



**चेन्नई।** भारत के विनोद कुमार श्रीनिवासन और कीनिया की ब्रिगिड जेरेंड किमितवाई ने रविवार को यहां 11वी चेन्नई मैराथन 2023 मे क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग मे पूर्ण मैराथन खिताब जीते। श्रीनिवासन ने दो घंटे 37 मिनट और 28 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता। ज्ञान बाबू दो घंटे 48 मिनट और 46 सेकेंड के साथ दूसरे जबकि जगदीशन मुनासामी दो घंटे 57 मिनट और 39 सेकेंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग मे किमितवाई तीन घंटे 31 मिनट और 36 सेकेंड के समय के साथ शीर्ष पर रही। भारत की संध्या शंकर (तीन घंटे 33 मिनट 57 सेकेंड) ने दूसरा जबकि ममता रावत (तीन घंटे 53 मिनट 41 सेकेंड) ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस मैराथन मे विभिन्न वर्गो मे 20 हजार से अधिक धावको ने हिस्सा लिया। इसमे पहली बार 30 दृष्टिबाधित धावको ने भी पदार्पण किया जबकि 50 ब्लेड रनर और 50 व्हीलचेयर रनर ने भी हिस्सा लिया। मैराथन के दौरान पुरुष और महिला वर्ग मे पूर्ण मैराथन (42.195 किमी), परफेक्ट 20 माइलर (32.186 किमी), हाफ मैराथन (21.097 किमी) और 10 किमी दौड़ का आयोजन किया गया।

### बेटी को जन्म देने के बीस दिन बाद अभ्यास पर लौटी दीपिका

**कोलकाता।** मां बनने के बीस दिन बाद ही भारत की मशहूर तीरंदाज दीपिका कुमारी अपनी नवजात बेटी को सास ससुर के पास छोड़कर 44 पाउंड का धनुष और तीर लेकर भारतीय खेल प्राधिकरण के अभ्यास केंद्र पर लौट आई है। दीपिका की नजरें यहां दस से 17 जनवरी तक होने वाले ओपन सीनियर राष्ट्रीय ट्रायल के जरिए भारतीय टीम मे वापसी पर टिकी है। एक दशक से अधिक के कैरियर मे दो बार दुनिया की नंबर एक तीरंदाज रह चुकी दीपिका ओलंपिक पदक को छोड़कर सब कुछ जीत चुकी हैं। अगले साल पेरिस में ओलंपिक होने हैं और दीपिका को पता है कि यह उसके लिए आखिरी मौका है। तीन बार की ओलंपियन ने पीटीआई से बातचीत मे कहा , क्या करें कोई और विकल्प भी नही है। अगर मै ट्रायल मे नही आई तो पूरे साल टीम से बाहर रहूंगी। वह अपने पति और भारत के नंबर एक तीरंदाज अतनु दास के साथ अभ्यास के लिए आती है। अतनु को भी तोक्यो ओलंपिक 2021 के बाद भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। दोनों विश्व कप और एशियाई खेलो के लिए हुए ट्रायल मे भी कट मे जगह नही बना सके थे। हांगझोउ एशियाई खेल 2023 तक स्थगित होने के बाद दीपिका ने पिछले साल जून में पेरिस मे विश्व कप के तीसरे चरण मे टीम वर्ग मे रजत पदक जीतकर वापसी की। उसके बाद वह मातृत्व अवकाश पर चली गई। गर्भावस्था के सातवे महीने तक मैने अभ्यास किया।

# चोट के बावजूद जोकोविच ने जीता एडीलेड इंटरनेशनल



भाषा। एडीलेड

चोट के बावजूद नोवाक जोकोविच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के गैर वरीय सेबेस्टियन कोरडा को 6-7, 7-6, 6-4 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल खिताब जीत लिया। जोकोविच को दानिल मेदवेदेव के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के दौरान चोट लगी थी।
इसके बावजूद उन्होंने तीन घंटे से अधिक समय चला मैराथन फाइनल खेला और कैरियर का 92वां एकल खिताब अपने नाम किया। एडीलेड में यह उनका दूसरा खिताब है। इससे पहले 2007 में 19 वर्ष की उम्र में उन्होंने खिताब जीता था। इससे पहले महिला वर्ग में दूसरी वरीय एरीना सबालेंका ने क्वालीफायर लिंडा नोसकोवा को सीधे सेट में हराकर अपना 11वां डब्यूटीए टूर एकल और लगभग दो साल में पहला एकल खिताब जीता। सबालेंका ने डब्यूटीए स्तर पर पहली बार फाइनल में जगह बनाने के दौरान तीसरी वरीय दारिया कसात्किना और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका को हराने वाली 18 साल की नोसकोवा को 6-2 7-6 से हराया। सबालेंका ने अपनी खिताबी जीत के दौरान पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया।

## कोको गॉफ ने एएसबी क्लासिक का खिताब जीता

**ऑकलैंड।** शीर्ष वरीय अमेरिका की कोको गॉफ ने नए सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए रविवार को यहां महिला एकल फाइनल में स्पेन की क्वालीफायर विक्टोरिया मासारोवा को हराकर एएसबी क्लासिक टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। गॉफ ने मासारोवा को सीधे सेट में 6-।, 6-। से हराकर अपना तीसरा डब्यूटीए खिताब जीता जो हार्ड कोर्ट पर उनका पहला खिताब है। इस जीत से साल के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले गॉफ का मनोबल बढ़ेगा। फाइनल के दौरान भी बारिश के कारण लंबा ब्रेक देखने को मिला। ऑकलैंड में पूरे टूर्नामेंट के दौरान कई मुकाबलों में बारिश के कारण लंबा ब्रेक देखने को मिला जबकि कई मुकाबलों को इंडोर कोर्ट पर कराने को बाध्य होना पड़ा। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सोफिया केनिन ओर सातवीं वरीय डेंका कोवीनिक जैसी खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती मिलने के बावजूद गॉफ ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान कोई सेट नहीं गंवाया। गॉफ ने कहा, बारिश के बावजूद यह हफ्ता मेरे लिए शानदार रहा। मैं अपने लिए सत्र की इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी।

### विलारीयाल ने रीयाल मैड्रिड को हराया

**बार्सीलोना।** विलारीयाल ने स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को यहां रीयाल मैड्रिड को 2-। से हराया। चोट के कारण स्पेन की विश्व कप टीम से बाहर रहने वाले गेरार्ड मोरेनो ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद करते हुए विलारीयाल की जीत की नीव रखी। मोरेनो के पास पर एरेमी पिनो ने 47वे मिनट में विलारीयाल को बढ़त दिलाई। विलारीयाल के युआन फोयथ के हैंडबॉल करने पर करीम बेनजेमा ने 60वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर।-। किया।

### उडिनेस को हराकर यूवेंटस ने लगातार आठवी जीत दर्ज की

**मिलान।** यूवेंटस ने शनिवार को यहां सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में उडिनेस को।-0 से हराकर लगातार आठवी जीत दर्ज की। डेनिएलो ने निर्धारित समय का खेल खत्म होने से चार मिनट पहले फेडेरिको चीसा के पास पर गोल दागा। यूवेंटस के खिलाफ पिछले आठ मैच में कोई गोल नहीं हुआ है। इस जीत से यूवेंटस की टीम सिरी एक में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। इंटर मिलान ने मोंजा ने 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि फायोरेंटिना ने सासुओलो को 2-। से हराया।

### राम कृपाल स्मारक शतरंज में पवन को एकल बढ़त



**लखनऊ।** स्थानीय अविजय चेस अकादमी में खेली जा रही पंण् राम कृपाल तिवारी ओपन शतरंज प्रतियोगिता के पाँचवें चक्र की समाप्ति तक वाणिज्य कर विभाग के पवन बाथम ने 5 अंको के साथ अपने निकटतम प्रतिद्वंदियों से एक अंक की महत्वपूर्ण बढ़त प्राप्त कर ली है। हाईकोर्ट डिस्पेन्सरी के अर्जुन सिंह, रवि शंकर, शनि कुमार सोनी और अनुभव सिंह सभी 4.4 अंको के साथ द्वितीय स्थान पर चल रहे हैं। पाँचवें चक्र में पवन ने रवि शंकर कोए शनि सोनी ने टॉप सीड आरिफ़अली को तथा अर्जुन ने रवींद्र मणि वर्मा को पराजित किया तथा अनुभव सिंह और शिवम पाण्डेय के बीच बाज़ी बराबरी पर छूटी। आरिफ़, शिवम, आदित्य सक्सेना, कमर नईम एवं शुभ श्रीवास्तव सभी 3.5 अंकों पर हैं।